RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 12 अंक 23
नई दिल्ली, सोमवार, 27 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com




आईआईटी, आईआईएम को बहु-विषयक संस्थान बनने की सलाह

राष्ट्रीय-11

# चीन में रहस्मय बीमारी से भारत में अलर्ट

## निमोनिया के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों को तत्काल समीक्षा करने की दी सलाह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**पड़ोसी** देश चीन के उत्तरी भाग में रहस्यमयी सांस की बीमारी में तेजी से बढ़ोतरी और भारत में शादी समारोहों व उत्सवों की व्यस्तता के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को राज्यों को तत्काल सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने की सलाह दी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सुधांशु पंत द्वारा राज्यों को अस्पताल में बिस्तरों की उपलब्धता, इन्फ्लूएंजा के लिए दवाओं और टीकों, चिकित्सा ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक्स, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, परीक्षण किट, ऑक्सीजन संयंत्रों और वेंटिलेटर की कार्यक्षमता आदि की समीक्षा करने की सलाह दी है। इसके साथ ही, स्वास्थ्य मंत्रालय जनता के बीच भय को दूर करने का प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि वह पड़ोसी देश की स्थिति पर करीब से नजर रख रहा है और किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय का बयान ऐसे समय आया है



उत्तरी चीन में रहस्यमयी सांस की बीमारी फैलने से अस्पतालों में बढ़ी बच्चों की भीड़

जब इन्फ्लूएंजा फैलाने वाले वायरस बच्चों को संक्रमित करने में सबसे अधिक सक्रिय होते हैं। बाल रोग विशेषज्ञों के अनुसार, दिल्ली और मुंबई जैसे कई महानगरों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता पहले से ही बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है और उनमें से कई सांस संबंधी बीमारियों से पीड़ित हैं। भारत सरकार स्थिति पर करीब से नजर रख रही है और संकेत दिया है कि किसी भी तरह की चेतावनी की जरूरत नहीं है। राज्य के अधिकारियों को इस साल की शुरुआत में साझा किए कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति संबंधी परिचालन दिशानिर्देशों को लागू करने की सलाह दी है।

पत्र के अनुसार, उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है कि एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) की जिला और राज्य निगरानी इकाइयों द्वारा विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संबंधी बीमारी (एसएआरआई) के रुझान पर बारीकी से नजर रखी जाए। राज्य के अधिकारियों को श्वसन संबंधी बीमारियों वाले मरीजों विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के नाक और गले के स्वाब के नमूने वायरस अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशालाओं में भेजने के लिए कहा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा हाल में साझा की गई जानकारी में चीन के उत्तरी हिस्सों में सांस की बीमारी में वृद्धि का संकेत दिया गया है। यह मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा, निमोनिया और सार्स-सीओवी-2 जैसे रोगों के लिए जिम्मेदार है। मंत्रालय ने कहा कि डब्ल्यूएचओ ने चीनी अधिकारियों से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, लेकिन यह आकलन किया गया है कि फिलहाल किसी भी तरह की चिंता की कोई बात नहीं है। उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भी कहा गया है कि एकीकृत रोग निगरानी परियोजना (आईडीएसपी) की जिला और राज्य निगरानी इकाइयों द्वारा विशेष रूप से बच्चों और किशोरों में आईएलआई/एसएआरआई के लक्षणों की बारीकी से निगरानी की जानी चाहिए।

विशेष रूप से मेडिकल कॉलेज अस्पतालों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों से मिलने वाले आईएलआई/एसएआरआई का डेटा आईडीएसपी-आईएचआईपी पोर्टल पर अपलोड करना आवश्यक है। राज्यों ने श्वससन परीक्षण के लिए राज्यों में स्थित वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज (वीआरडीएल) को एसएआरआई वाले रोगियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के नाक और गले के स्वाब के नमूने भेजने के लिए कहा है। इन एहतियाती और व्यापक उपायों के परिणामस्वरूप किसी भी संभावित स्थिति का मुकाबला करने और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित होने की उम्मीद है। हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा साझा की गई जानकारी से चीन के उत्तरी भागों में (शेष पेज 9)

# 'परख' योजना से पांच गैर भाजपा शासित राज्यों ने किया किनारा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**शिक्षा** मंत्रालय के संयोजन में आयोजित राष्ट्रीय मूल्यांकन नियामक परख के पहले राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण का गैर भाजपा शासित राज्यों छत्तीसगढ़, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल ने में बहिष्कार किया है। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य स्कूल शिक्षण और सीखने में मूलभूत, प्रारंभिक और मध्य चरणों के अंत में दक्षताओं के विकास में आधारभूत प्रदर्शन को समझने में सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करना था।

तीन नवंबर को आयोजित इस सर्वेक्षण में भारत में ब्लॉक स्तर पर कक्षा तीन, छह और नौ में छात्रों के बीच शैक्षिक दक्षताओं का आकलन किया गया। इस व्यापक सर्वेक्षण में देश भर के 5,917 ब्लॉकों के तीन लाख स्कूलों के लगभग 80 लाख छात्रों को शामिल किया गया। इसमें 6 लाख शिक्षक और 3 लाख से अधिक क्षेत्रीय जांचकर्ता भी शामिल हैं। इस सर्वेक्षण का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों की सीखने की क्षमता का आकलन करना है। शिक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, प्रत्येक शैक्षिक चरण का अंत, यानी, बुनियादी, प्रारंभिक और मध्य, भाषा और गणित पर प्राथमिक ध्यान देना

## शैक्षणिक उपलब्धि सर्वेक्षण में दिल्ली, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों ने भाग नहीं लिया

था। अधिकारी ने कहा कि छत्तीसगढ़, दिल्ली, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल को छोड़कर अन्य सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने सर्वेक्षण में भाग लिया।

छात्रों की दक्षताओं का आकलन करने के लिए वैज्ञानिक प्रक्रियाओं का उपयोग कर उपकरण डिजाइन किया गया, जबकि मूल्यांकन पद्धति में आंकड़ों के साथ विश्लेषण के लिए ओएमआर तकनीक कागज-कलम-आधारित दृष्टिकोण को नियोजित किया। जिससे जिससे आंकड़ों का सत्यापन अधिग्रहण और सत्यापन की सटीकता और दक्षता सुनिश्चित की। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने कहा, राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण, 2023 के सफल निष्पादन के साथ, शिक्षा प्रणाली में बढ़ोतरी और संभावित क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टि उपलब्ध होगी। ये अंतर्दृष्टि गुणवत्ता को समृद्ध करने की दिशा में निर्देशित साक्ष्य-आधारित नीतियों और पहलों के लिए आधार तैयार करेंगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सर्वेक्षण की उल्लेखनीय विशेषताओं में से एक ब्लॉक स्तर पर सीखने के अंतराल को समझने के लिए नमूना आकार का विस्तार था, जो जिले से एक रणनीतिक बदलाव था। कुमार ने कहा कि यह परिवर्तन बड़ी संख्या में छात्रों की जरूरतों को पूरा करने और गहरे स्तर पर प्रदर्शन को प्रभावी ढंग से समझने के उद्देश्य से प्रेरित था। इसके अलावा, इस दृष्टिकोण में ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों के व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों को भी शामिल किया गया था।

स्कूल शिक्षा के अतिरिक्त सचिव विपिन कुमार ने कहा कि विश्लेषण की बेहतरीन इकाई के रूप में शैक्षिक ब्लॉक के साथ यह मूल्यांकन, शिक्षा नीतियों, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और शिक्षण और सीखने के समर्थन संसाधनों के निर्माण पर गहरा प्रभाव डालेगा। उन्होंने कहा, इस सर्वेक्षण से प्राप्त अंतर्दृष्टि साक्ष्य-आधारित निर्णय लेने और शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के उद्देश्य से पहल के कार्यान्वयन को बढ़ावा देगी। अधिकारियों ने बताया कि एनसीईआरटी के तहत आने वाली संस्था परफॉर्मेंस असेसमेंट, रिव्यू एंड एनालिसिस ऑफ नॉलेज फॉर होलिस्टिक डेवलपमेंट (प्रखर) द्वारा किया गया यह पहला ऐसा सर्वेक्षण है।



मुंबई में वर्ष 26 नवंबर 2008 को हुए आतंकी हमले की बरसी पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते महाराष्ट्र पुलिस के अधिकारी। इस हमले में एटीएस के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे, मेजर संदीप उन्नीकृष्णन, मुंबई के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अशोक कामटे और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय सालस्कर समेत बड़ी संख्या में नागरिक भी मारे गए थे।

# राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट में आंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

**संविधान दिवस**

## महामहिम ने प्रतिभाशाली युवाओं का चयन करने, प्रतिभा को निखारने के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के सृजन का दिया सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को न्यायपालिका में प्रतिभाशाली युवाओं का चयन करने और उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के सृजन का सुझाव दिया।

उच्चतम न्यायालय द्वारा यहां आयोजित संविधान दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि खर्च और भाषा न्याय चाहने वाले नागरिकों के लिए बाधाएं हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि न्याय तक सभी की पहुंच में सुधार



के लिए संपूर्ण प्रणाली को नागरिक-केंद्रित बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इस विविधीकरण प्रक्रिया को तेज करने का एक तरीका एक ऐसी प्रणाली का निर्माण हो सकता है जिसमें योग्यता आधारित, प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से विभिन्न पृष्ठभूमियों से न्यायाधीशों की भर्ती की जा सके। उन्होंने कहा, अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का सृजन करना एक बेहतर विकल्प हो सकता है जो प्रतिभाशाली युवाओं का चयन और उनकी प्रतिभा को निखारने का काम कर सकती है। मुर्मू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ऐसी प्रणाली कम प्रतिनिधित्व वाले सामाजिक समूहों को भी अवसर प्रदान कर सकती है।

न्याय प्रणाली को मजबूत करने के इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कोई भी प्रभावी तंत्र तैयार करने का जिम्मा मैं आपके विवेक पर छोड़ती हूं। इस कार्यक्रम में भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीश और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत के संविधान को अपनाने की याद में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति बनने के बाद, उन्हं कई केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों, आईआईटी और आईआईएम सहित अन्य संस्थानों का दौरा करने का मौका मिला। मुझे कई संस्थानों में जाने की जरूरत है। मैं बहुत भाग्यशाली (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में भाग लेने दुबई जाएंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जलवायु परिवर्तन पर एक वैश्विक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इस सप्ताह दुबई की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। यह सम्मेलन उत्सर्जन को कम करने और मौसम संबंधी घटनाओं से निपटने में विकासशील देशों का समर्थन करने पर केंद्रित होगा। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व जलवायु कार्वाई शिखर सम्मेलन मे भाग लेने केलिए 30 नवंबर और एक दिसंबर को दुबई में होंगे। यह जलवायु को लेकर संयुक्त राष्ट्र की कांफ्रेंस ऑफ पार्टीज की 28वी बैठक का हिस्सा है, इसलिए इसे सीओपी28 नाम दिया गया है। कई वैश्विक नेता जलवायु कार्वाई शिखर सम्मेलन केदौरान ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि प्रधानमंत्री मोदी शिखर सम्मेलन में भारत के महत्वाकांक्षी जलवायु एजेंडे और संबंधित मुद्दों पर प्रकाश डालेंगे।

# मोदी का विदेश के बजाए देश में शादी करने का आग्रह

**मन की बात**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने कहा, 26 नवंबर के दिन को हम कभी भी भूल नहीं सकते हैं। आज के ही दिन देश पर सबसे कायरतापूर्ण आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने मुंबई समेत पूरे देश को थर्राकर रख दिया था। लेकिन यह भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उबरे और पूरे हौसले के साथ आतंक को कुचल भी रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि इस दिन संविधान को भी अपनाया गया था।

आकाशवाणी पर प्रसारित मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 107वीं कड़ी में कुछ बड़े परिवारों द्वारा विदेशों में शादियां आयोजित करने के चलन पर पीड़ा व्यक्त की और रविवार को उनसे आग्रह किया कि वे विदेशों के बजाए भारत की धरती पर इस तरह के समारोह आयोजित करें ताकि देश का धन इससे बाहर नहीं जाए। पीएम मोदी ने

## मुंबई हमले की बरसी पर बोले अब हम आतंक को मजबूती से कुचल रहे हैं

मुंबई हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि इस जघन्य हमले से उबरने के बाद भारत आज पूरे हौसले के साथ आतंक को कुचल रहा है। प्रधान मंत्री ने कहा कि 26 नवंबर एक और मामले में बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि वर्ष 1949 में इसी दिन संविधान सभा ने भारत के संविधान को पारित किया था और अपनाया था। पीएम ने कहा कि वर्ष 2015 में, जब वह बाबासाहेब अम्बेडकर की 125वीं जयंती मना रहे थे, तो मन में 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का विचार आया था और तब से, हर साल, हम इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि



हालांकि विभिन्न आवश्यकताओं के लिए संविधान में 106 बार संशोधन किया गया है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि आपातकाल 1975 को सुधारने के लिए भी इसमें संशोधन किया गया है।

देश में समय, परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुरूप, विभिन्न सरकारों ने अलग-अलग समय पर संशोधन किए। लेकिन यह भी दुर्भाग्य रहा है कि संविधान का पहला संशोधन बोलने की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कम करने से संबंधित था। प्रधानमंत्री ने कहा, 44वें संशोधन के तहत आपातकाल के दौरान की गई गलतियों को विधिवत सुधारा गया है। संविधान निर्माताओं की सराहना करते हुए, प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा यह प्रेरणादायक है कि संविधान सभा के जिन सदस्यों को नामांकित किया गया था, उनमें से 15 महिलाएं थीं। ऐसी ही एक सदस्य हंसा मेहता थीं, जिन्होंने अधिकारों और न्याय के लिए अपनी आवाज उठाई। भारत उन देशों में से एक था जिसके संविधान ने महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया। राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में, सामूहिक विकास केवल सभी के समर्थन से ही संभव है।

यह मेरे लिए आंतरिक संतुष्टि की बात है कि संविधान निर्माताओं की दूरदर्शिता का पालन करते हुए, भारत की संसद ने अब नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम संकल्प शक्ति, शक्ति का एक उदाहरण है लोकतंत्र का संकल्प। इससे विकसित भारत के हमारे संकल्प को पूरा करने की गति को बढ़ावा मिलेगा। पिछले सात दशकों में देश द्वारा की गई प्रगति के बारे में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जब बड़े पैमाने पर लोग राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी लेते हैं, तो दुनिया की कोई भी ताकत उस देश को आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। उन्होंने संविधान (शेष पेज 9)

# सबरीमाला में भगवान अयप्पा के दर्शन को उमड़े भक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** कोच्चि

**भगवान** अयप्पा के भक्तों का सैलाब 41 दिन की तपस्या के बाद सबरीमाला उत्सव के दौरान केरल के पश्चिमी घाट स्थित मंदिर के गर्भगृह में दर्शन के लिए उमड़ रहा है। वहीं पूरे राज्य में जगह जगह सामूहिक भोज की श्रृंखला शुरू हो गई है।

सबरीमाला उत्सव के दौरान पूरे राज्य के हिंदू घरों में मलयालम में 'स्वामी शरणम' और 'हे भगवान, आप उद्धारकर्ता' गूंज रहा है। घने जंगल में स्थित सबरीमाला का मंदिर सीज़न के दौरान जीवंत हो उठता है। यहां दूर-दराज के राज्यों के साथ यूरोप, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों से केरल में अपने भाइयों व परिजनों के साथ भगवान के दर्शन के लिए आते हैं। सबरीमाला उत्सव सिर्फ पवित्र मंदिर तक ही सीमित नहीं है यह केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और यहां तक कि उत्तर

## उत्सव के दौरान पूरे केरल में सामूहिक भोज का दौर

प्रदेश में भी अयप्पा मंदिर विशेष पूजा और प्रार्थना के साथ त्योहार मनाते हैं। मुस्लिम बहुल जिला मलप्पुरम कोई अपवाद नहीं है क्योंकि एक प्राचीन गुरुकुल परिवार, नजाराक्कट्टु कलारिकल के कुलपति, उन्नीकृष्णन पणिक्कर, गरीब लोगों के लिए अपने घर के दरवाजे खोलते हैं और उन्हें पूरे सबरीमाला सीज़न के लिए शानदार भोजन खिलाते हैं।

वैदिक और ज्योतिष विद्वान पणिक्कर पिछले तीन दशकों से बिना किसी रुकावट के गरीबों और जरूरतमंदों को मुफ्त भोजन दे रहे हैं। वह उपनिषद के छंद 'अन्न दानम महा दानम' को उद्धृत करते हैं और इसे भोजन चढ़ाने की एक पवित्र परंपरा के रूप में वर्णित करते हैं। अन्नम का अर्थ है (शेष पेज 9)

# दमघोंटू हवा से आज मिल सकती है मामूली राहत

## मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को राजधानी में बादल छाए रहने और बूंदाबांदी का जताया पूर्वानुमान

- वजीरपुर में शनिवार को सबसे अधिक वायु प्रदूषण 465 दर्ज किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

इस महीने नौ बार प्रदूषण गंभीर श्रेणी में जा चुका है। शनिवार को भी वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 के पास पहुंच गया। सबसे अधिक प्रदूषण वजीरपुर में रहा, जहां एक्यूआई 465 दर्ज किया गया। सबसे कम प्रदूषित क्षेत्र दिलशाद गार्डन रहा, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक 26 दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने सोमवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। इससे प्रदूषण में मामूली कमी आने की संभावना है।

रविवार को आसमान में हल्के बादल और स्मॉग छाए रहे। मौसम विभाग का मानना है कि अगले कुछ दिन सुबह के समय हल्का कोहरा छाया रहेगा। सोमवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो मौसम के औसत से एक डिग्री कम है। आईएमडी ने कहा कि बारिश के बाद हल्का से मध्यम कोहरा छा सकता है। रविवार शाम को सापेक्षिक आर्द्रता 78 प्रतिशत दर्ज की गई।

नई दिल्ली क्षेत्र में प्रदूषण कम करनेके लिए नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने सबसे बड़े टैंक क्षमता वाली एंटी स्मॉग गन तैनात की है। इसमें 17 हजार लीटर पानी भरा जा सकता है। इसके माध्यम से नई दिल्ली में पानी का छिड़काव किया जाएगा। एनडीएमसी अधिकारियों के अनुसार, सबसे बड़ी क्षमता वाली एंटी स्मॉग गन को उन्होंने अपने बेड़े में शामिल किया है।

यह गाड़ी दिनभर नई दिल्ली के विभिन्न इलाकों में धूल प्रदूषण को रोकने के लिए काम करेगी। फुटपाथ, झाड़ियों और पौधों पर छिड़काव करने के लिए इसके साइड नोजल के साथ 30 से 50 मीटर तक पानी फेंकने की क्षमता रखी गई है।



## कोयला वाले ऊर्जा संयंत्र बढ़ा रहे वायु प्रदूषण

- सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ताप ऊर्जा संयंत्र उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं कर रहे, इस कारण पूरे इलाकों में प्रदूषण बढ़ रहा है।

एक नए विश्लेषण में यह जानकारी सामने आई है। पर्यावरण से जुड़े थिंक टैंक सेंटर फॉर साइंस एंड इंवायरमेंट (सीएसई) ने दिल्ली-एनसीआर में 11 ताप ऊर्जा संयंत्रों (टीपीपी) से उत्सर्जित प्रदूषक तत्वों, नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक अध्ययन किया है। यह अध्ययन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की वेबसाइट पर मौजूद अप्रैल 2022 से अगस्त 2023 तक की उनकी पर्यावरणीय स्थिति रिपोर्ट पर आधारित है।

अध्ययन के मुताबिक दिल्ली-एनसीआर में पीएम 2.5 प्रदूषण में टीपीपी का हिस्सा करीब आठ फीसदी है। सीएसई में रिसर्च एंड एडवोकेसी की कार्यकारी निदेशक अनुमिता रॉय चौधरी ने कहा, अगर ताप ऊर्जा संयंत्र जैसे प्रदूषण के स्त्रोत इतने उच्च स्तर पर प्रदूषण करेंगे तो दिल्ली-एनसीआर स्वच्छ वायु के मानदंड और जन स्वास्थ्य की रक्षा के अपने लक्ष्य को कभी हासिल नहीं कर सकेगा।

इस तरह के संयंत्र मानदंडों को पूरा करने में असमर्थ हैं, जिसकी शुरुआती वजह समय सीमा को लगातार आगे बढ़ाया जाना है। सीएसई रिपोर्ट के मुताबिक, समयसीमा को बार-बार आगे बढ़ाए जाने और केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा संशोधित वर्गीकरण के बावजूद क्षेत्र में बहुत से संयंत्र नाइट्रोजन ऑक्साइड और सल्फर डाइऑक्साइड प्रदूषक तत्वों के उत्सर्जन के लिए तय मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। मंत्रालय ने दिसंबर 2015 में कोयला आधारित संयंत्रों के लिए सख्त उत्सर्जन मानक लागू किए थे, जिनका दो वर्ष के भीतर पालन किया जाना था। बाद में मंत्रालय ने दिल्ली-एनसीआर को छोड़कर सभी ऊर्जा संयंत्रों के लिए तय समयसीमा को पांच साल के लिए बढ़ा दिया था, जिस पर क्षेत्र में उच्च प्रदूषण स्तर को देखते हुए 2019 तक अमल किया जाना था।

### पंजाब में पराली के जलाने से गैस चेंबर बनी दिल्ली : सचदेवा

**नई दिल्ली।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि पंजाब में पराली जलने की घटनाओं में कमी नहीं आ रही है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल की समस्या भी दूर नहीं हो रही है। केजरीवाल सरकार की लापरवाही के कारण दिल्ली गैस चैंबर बन गई है। आनंद विहार सहित कई अन्य स्थानों पर वायु गुणवत्ता खतरनाक श्रेणी में पहुंच चुकी है। सचदेवा ने कहा किविडंबना है कि केजरीवाल रोज अपने मंत्री गोपाल राय से प्रदूषण पर बयान बाजी कराते हैं लेकिन खुद पंजाब में उनकी सरकार की लापरवाही के कारण हुई खेत जलने की 36000 से अधिक घटनाओं जिनके कारण दिल्ली गैस चेंबर बन गई है पर कुछ नहीं बोलते।



### बारिश के भरोसे केंद्र और आप सरकार: लवली



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविन्दर सिंह लवली ने करोल बाग के हाथी चौक स्थित ''जवाब दो-हिसाब दो' अभियान के प्रथम चरण में आयोजित चौथी प्रतिज्ञा रैली में भाजपा पर हमला बोला। लवली ने कहा कि दमघोटू व खतरनाक वायु प्रदूषण राजधानी की एक प्रमुख समस्या बन गई है जिसके कम होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। दिल्ली में आप सरकार और केंद्र की भाजपा सरकार वायु प्रदूषण को नियंत्रण करने की बजाय केवल बारिश और तेज हवाओं जैसे प्रकृति के बदलाव पर निर्भर हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान बिरसा मुंडा जयंती का आयोजन




**नई दिल्ली।** वनवासी कल्याण आश्रम के दक्षिणी विभाग एवं आरके पुरम विभाग (दिल्ली प्रान्त) के संयुक्त संयोजन में रविवार को जनजातीय गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका आयोजन नेहरू नगर स्थित जी.एल.टी. सरस्वती बाल मंदिर सीनियर सेकेंड स्कूल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली सरकार में प्रशासनिक अधिकारी श्री अनिल वर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व निगम पार्षद रमेश पहलवान ने की। कार्यक्रम में दिल्ली प्रांत के उपाध्यक्ष तिलक चांदना, डॉ. नीतू मोनी ककाती, सुनील वर्मा, डॉ. दीपक कुजूर, डॉ. सीमा, डॉ. मेखला, विनोद बोहरा आदि मौजूद थे।

### मंगोलपुरी में जूता फैक्टरी में आग लगी

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी में ट्रक बाजार के पास स्थित एक जूता फैक्टरी में बीती रात आग लग गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दिल्ली दमकल सेवा के एक अधिकारी ने कहा, हमें शनिवार देर रात करीब साढ़े 12 बजे मंगोलपुरी इलाके में ट्रक बाजार के पास भीषण आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद दमकल की कुल 26 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया और घटना में कोई व्यक्ति हताहत नहीं हुआ है। अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है आग किसी ज्वलनशील रसायन की वजह से लगी।

### प्रतिबंधित दवाओं के साथ वांछित गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अश्वनी कुमार के रूप में हुई है। इसके पास से अल्प्राजोलम टैबलेट के कुल 13 कार्टन बरामद हुए है। इन गोलियों की कीमत बाजार में करीब दो करोड़ रुपये है। इससे पहले अक्टूबर में इस सिंडिकेट के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। उनसे पूछताछ में पता चला कि अश्वनी कुमार ड्रग्स सप्लाई करता था। इसके बाद, अश्विनी कुमार को पकड़ने के लिए छापेमारी की गई, लेकिन वह फरार हो गया और मामले में गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था।

**आम आदमी पार्टी का स्थापना दिवस**

## उतार-चढ़ाव आए, पर जज्बे-जुनून में नहीं आई कमी : केजरीवाल

- आप संयोजक ने कार्यकर्ताओं की दी बधाई, बोले- जनता के प्यार ने बनाया राष्ट्रीय दल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की स्थापना के रविवार को 11 वर्ष पूरे हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं मुख्यमंत्री सीएम अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी की स्थापना दिवस पर देश भर के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 2012 में संविधान दिवस के ही दिन हम सब लोगों ने मिलकर आम आदमी पार्टी की स्थापना की थी। इन 11 सालों में हमारे सामने बहुत से उतार-चढ़ाव आए, बहुत मुश्किलें भी आईं। इसके बावजूद हम सबके जजबे और जुनून में कोई कमी नहीं आई है। आज आम आमदी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता देश को बचाने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने को तैयार है। आम आदमी पार्टी के



12वें स्थापना दिवस पर अरविंद केजरीवाल ने देशभर के कार्यकर्ताओं, समर्थकों और पदाधिकारियों को डिजिटल संवाददाता सम्मेलन के जरिए संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज ही के दिन आम आदमी पार्टी अस्तित्व में आई थी। आंदोलन की कोख से निकल कर एक छोटी सी पार्टी देखते ही देखते एक राष्ट्रीयस पार्टी बन गई। भारत के इतिहास की सबसे तेजी से बढ़ने वाली पार्टी बन गई। यह किसी चमत्कार से कम नहीं है।

इन 11 सालों में जनता ने बहुत प्यार दिया। जनता के आशीर्वाद और कार्यकर्ताओं की मेहनत से दो राज्यों दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार बनी और दो अन्य राज्यों में विधायक बने। आज देश के हर कोने कोने में आम आदमी पार्टी की चर्चा है। यह बहुत बड़ी बात है। केजरीवाल ने कहा कि उन्हें याद है,

### *सिसोदिया, जैन को याद कर भावुक हुए*

*केजरीवाल ने कहा कि यह पहला स्थापना दिवस है, जब मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और विजय नायर साथ नहीं है। उनको फर्जी केस में जेल में डाल दिया गया है। भाजपा वालों को दूसरी पार्टियों के नेताओं पर फर्जी केस करके झुकाना तो आता है, लेकिन आम आदमी पार्टी को झुकाना नहीं आता है। यह हम सब के लिए गर्व की बात है कि आज तक हमारा एक भी विधायक या नेता न बिका न टूटा। इनके परिवार भी नहीं टूटे, उन्होंने भी साथ दिया। हमें आप नेताओं पर गर्व है। सीएम ने कहा कि आज वह उनके संघर्ष को सलाम करते हैं।*

अन्ना आंदोलन के समय रामलीला मैदान में लोग अक्सर पूछते थे कि आप लोग भ्रष्ट नहीं होंगे, इसकी क्या गारंटी है। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आज वह आम आदमी पार्टी से जुड़ हर व्यक्ति से कहना चाहेंगे कि पिछले 11 सालों में जितना आप को निशाना बनाया गया, भारत के इतिहास में किसी और राजनितिक पार्टी को इतना टारगेट नहीं किया गया हैं।

## शक्ति विहार में रंजिश के चलते युवक को गोली मारी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शक्ति विहार इलाके में एक व्यक्ति ने रंजिश में युवक को गोली मार दी। दिल्ली (उत्तर पूर्वी) के पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया, शनिवार रात साढ़े आठ बजे पुलिस को एक युवक की पीठ में गोली मारे जाने की सूचना मिली।

बाद में पीड़ित के संबंधियों ने थाने में आकर मामला दर्ज कराया। पुलिस के मुताबिक घायल व्यक्ति को गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित के हवाले से बताया कि शोएब नाम का व्यक्ति उसे गोली मारकर फरार हो गया। पीड़ित के मुताबिक, शोएब को कुछ दिन पहले पीड़ित के चाचा के गोदाम से बैटरियां चुराते हुए पकड़ा गया था, जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने उसकी पिटाई की थी। शोएब ने शनिवार को बदले की भावना से पीड़ित को उस समय गोली मारी जब वह घर लौट रहा था। उन्होंने बताया कि शोएब तभी से फरार है। उपायुक्त ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और हत्या के प्रयास व शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### सड़क हादसे में हेड कांस्टेबल घायल

**नई दिल्ली।** वसंत विहार इलाके के पास 58 वर्षीय हेड कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को एक तेज रफ्तार स्कूटर ने कथित तौर पर टक्कर मार दी, जिसमें वह घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि यह हादसा 22 नवंबर को हुआ, जब पुलिसकर्मी शार्दुल अपने घर जा रहे थे। पुलिस ने एक अज्ञात स्कूटर सवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है। इस मामले में जांच जारी है। शार्दुल ने पुलिस से कहा कि 22 नवंबर को ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने घर लौट रहे थे। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा, जब मैं मुनिरका पहुंचा, तो गलत दिशा से आ रहे एक स्कूटर सवार ने मेरी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वह सड़क पर गिर गए।

## आंबेडकर फेलोशिप फॉर पॉलिटिकल चेंज शुरू

- राजनीति को बदलने और भारत को नंबर वन देश बनाने का जज्बा रखने वालों के लिए अवसर: सीएम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी ने अपने स्थापना दिवस पर आंबेडकर फेलोशिप फॉर पॉलिटिकल चेंज की शुरुआत की है। इस फेलोशिप का मकसद देश के राजनीतिक परिवर्तन में युवाओं को शामिल करना है।

यह फेलोशिप एक प्रभावशाली अनुभव और समान विचारधारा वाले लोगों का नेटवर्क प्रदान करेगी। राजनीतिक परिवर्तन के लिए आंबेडकर फेलोशिपप का इरादा देश के युवाओं को क्षमताओं से लैस करना है, ताकि वो आवाज बन सकें, अपनी समस्याओं के समाधान खोज सकें और चुनावों का गहन अवलोकन कर सकें। चयनित फेलोज को फील्ड कैंपेन, मीडिया व संचार एवं अनुसंधान और डेटा विश्लेषण के कार्य में शामिल किया जाना है। यह फेलोशिप 11 महीने के लिए होगी और काम करने का स्थान हाइब्रिड आधार पर होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी भारत के इतिहास में सबसे तेजी से बढ़ने वाली पार्टी है क्योंकि यह ईमानदार और शिक्षित लोगों की पार्टी है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आप देश में कहां रहते हैं। अगर आप में भारतीय राजनीति को बदलने और भारत को दुनिया का नंबर 1 देश बनाने का जज्बा है तो यह फेलोशिप प्रोग्राम आपके लिए एक सुनहरा अवसर है। आप के आधिकारिक हैंडल से कहा गया है कि आम आदमी पार्टी अंबेडकर फेलोशिप फॉर पॉलिटिकल चेंज नाम से एक पहल शुरू कर रही है। इस फेलोशिप प्रोग्राम के शुभारंभ के साथ हम राजनीतिक के प्रति उत्साही युवाओं को आमंत्रित कर रहे हैं जिनके पास राजनीति के प्रति जुनून है और वो देश में बदलाव लाना चाहते हैं।




बाराखंभा से शुरू होकर जंतर-मंतर पर समाप्त हुई एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय की 14वीं क्वीर प्राइड परेड।

### एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय ने क्वीर प्राइड परेड निकाली

**नई दिल्ली।** एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय ने रविवार को 14वीं दिल्ली क्वीर प्राइड परेड निकाली, जो बाराखंभा से शुरू होकर जंतर-मंतर पर समाप्त हुई। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, हमने दिल्ली क्वीर प्राइड परेड निकालकर जंतर मंतर तक मार्च किया। बयान में कहा गया है कि उन्होंने एलजीबीटीक्यूआईए समुदाय के खिलाफ कथित दमनकारी हमलों और भेदभाव के खिलाफ मार्च निकाला। समुदाय के एक प्रवक्ता ने कहा, हमारा मानना है कि कानूनी अधिकार तब तक निरर्थक रहेंगे, जब तक कि हम लिंग, जाति, वर्ग, धर्म, क्षेत्र और भाषा की बाधाओं से परे व्यक्तिगत अभिव्यक्ति, प्रेम को उसके सभी सहमतिपूर्ण रूपों में स्वीकार करने की संस्कृति नहीं बनाते हैं।

## खेलो इंडिया से प्रेरित है ईडीपीएल टूर्नामेंट: गौतम गंभीर

### सीजन-2 में 1 करोड़ रुपये की इनामी राशि, यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दस टीम लेंगी भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन-2 प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा एवं सांसद गौतम गंभीर ने ईडीपीएल लॉन्च किया, 10 टीमें हिस्सा लेंगी और 1 करोड़ रुपये मिलेंगे।

यह टूर्नामेंट पूर्वी दिल्ली की उभरती प्रतिभाओं, विशेषकर वंचित पृष्ठभूमि की प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान करने का वादा करता है।

यह दिल्ली के लोगों को नए उन्नत यमुना खेल परिसर में दिन और रात के मैच देखने का अवसर भी प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोहरविवार को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने किया, जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर और



पूर्वी दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन-2 का उद्घाटन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा व साथ में सांसद गौतम गंभीर।

सांसद गौतम गंभीर ने भव्य ट्रॉफी और ड्राफ्ट टीमों का उनके मालिकों के लिए अनावरण किया। टीम की जर्सी भी लॉन्च की गई। यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दूसरी बार इतने बड़े टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। गौतम गंभीर ने बोलते हुए कहा कि टूर्नामेंट का उद्देश्य प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया के दृष्टिकोण को आगे ले जाना है। यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ईडीपीएल का यह दूसरा सीजन इसका प्रमाण है। ईस्ट दिल्ली प्रीमियर लीग टूर्नामेंट 17 से 36 साल के लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका देगा। पूर्वी दिल्ली प्रीमियर लीग को यूट्यूब और एक ऐप के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने की संभावना है जिसे टूर्नामेंट के लिए तैयार किया जा रहा है।

#### पूर्वी दिल्ली की टीमें

- त्रिलोकपुरी सितारे
- लक्ष्मी नगर वारियर्स
- जंगपुरा लायंस
- कोंडली किंग्स
- विश्वास नगर डेविल्स
- शाहदरा एवेंजर्स
- ओखला टाइगर्स
- पटपडगंज पैंथर्स
- कृष्णा नगर रॉयल्स
- गांधी नगर ग्लेडियेटर्स

### दिल्ली दंगे: तीन शिकायतें वापस लेने संबंधी याचिका अदालत ने की खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2020 में हुए दंगों से संबंधित एक मामले में जोड़ी गईं तीन शिकायतें वापस लेने संबंधी दिल्ली पुलिस के आवेदन को खारिज कर दिया है।

वर्ष 2020 के सांप्रदायिक दंगों के संबंध में 11 आरोपियों के खिलाफ दयालपुर थाने में दर्ज मामले की सुनवाई कर रहे अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पुलस्त्य प्रमाचला ने शनिवार को पारित आदेश में कहा कि जब मामला आरोपपत्र पर आधारितै है, तो अंतिम रिपोर्ट के विपरीत रुख अपनाने वाली कोई भी याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। न्यायाधीश ने मामले में शामिल तीन शिकायतों को वापस लेने के लिए जांच अधिकारी (आईओ) द्वारा दिए गए आवेदन पर विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) की दलीलों पर गौर किया।

## मंत्री के आदेश के बाद भी नहीं हो रहा जल बोर्ड ठेकेदारों का भुगतान: भारती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जल बोर्ड (डीजेबी) के लिए काम करने वाले ठेकेदारों के एक वर्ग ने इस साल फरवरी से बकाए का भुगतान नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वे जारी परियोजनाओं को 27 नवंबर से बंद कर देंगे।

डीजेबी के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने दावा किया कि वित्त मंत्री के बार-बार निर्देश देने के बावजूद वित्त विभाग ने पिछले तीन महीनों से धन जारी नहीं किया और वह उपराज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग करेंगे। दिल्ली जल बोर्ड कॉन्ट्रैक्टर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने अतिरिक्त मुख्य अभियंता को पत्र लिखकर कहा कि बकाया भुगतान नहीं किए जाने पर कर्मचारी वर्तमान में जारी सभी काम बंद कर देंगे। फरवरी, 2023 से लंबित बकाया का भुगतान न होने पर 23 नवंबर को एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया।

इससे पहले, दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दावा किया था कि वित्त विभाग द्वारा दिल्ली जल बोर्ड को निधि रोके जाने के कारण शहर मानव जनित जल संकट का सामना कर रहा है और उन्होंने इस मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। सरकारी सूत्रों के अनुसार, मंत्री ने उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में आरोप लगाया कि मुख्य सचिव की सलाह पर वित्त सचिव आशीष सी वर्मा ने अगस्त से डीजेबी के लिए राशि जारी करने पर रोक लगा दी है।

# केंद्रीय मंत्री ने राठीवास राजपूत में एक करोड़ 43 लाख से बनने वाले प्रोजेक्टों का किया शिलान्यास-उद्घाटन







**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**केंद्रीय** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने रविवार को खंड तावडू के गांव राठीवास राजपूत में जनसंवाद कार्यक्रम से पहले एक करोड़ 63 लाख 57 हजार की लागत से बनने वाले विभिन्न प्रोजेक्ट का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। जिनमें खंड तावडू के 14 गांवों में 163.57 लाख रुपये की लागत से बनने वाली गलियों का शिलान्यास, गांव राठीवास में वाटर टैंक का उद्घाटन व 35 लाख रुपये की लागत से बनने वाले राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी भवन का शिलान्यास किया तथा गांव खोरी कला में 30 लाख की लागत से बनने वाले ज्ञान केंद्र भवन का शिलान्यास भी किया।

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम हरियाणा सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसमें विकास कार्यों व ग्रामीणों की शिकायतों का जल्द व प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से जो भी शिकायतें व समस्याएं सरकार के पास पहुंच रही हैं, उन सभी पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उन्हें जल्द पूरा करवाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश आठवीं सदी से लेकर 18वीं सदी तक विश्व की अर्थव्यवस्था में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपरांत पिछले वर्षों में विश्व में फैली कोरोना महामारी के दौरान हमारे देश ने एक बार फिर विश्व के पटल पर अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है। यह सब हमारे देश के नौजवानों की मेहनत का ही परिणाम है कि हम आज विश्व के देशों की मदद देने वाले देशों की लाइन में सबसे आगे खड़े हैं।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पूरे देश में सबका साथ सबका विकास के साथ सरकार कार्य कर रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसे व्यक्ति हैं जो पंक्ति में खड़े अंतिम छोर तक के लोगों के विकास की चिंता करते हैं। आज हरियाणा सरकार ने प्रदेश में पोर्टल के माध्यम से ऐसी व्यवस्था शुरू की है जिससे कोई भी आदमी अपनी समस्याओं को पोर्टल पर दर्ज करवा सकता है। सरकार की व्यवस्था के तहत एक निश्चित समय के भीतर ही उसकी समस्या का समाधान हो जाता है। केंद्रीय मंत्री ने उतावन गांव की चौपाल को लोगों की मदद से बनाने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा राठीवास गांव के शहीद बीएसएफ के डीआईजी ओमप्रकाश के नाम से एक नए द्वार को बनाने की घोषणा भी की।

उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रदेश के लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी और लोगों की समस्याएं सुन संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनके समाधान के संबंध में दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा विभिन्न गांवों के सरपंच भी मौजूद रहे।

## जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारतीय** वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख प्रमोद पेठकर ने शहरों में रह रहे लोगो से आग्रह किया कि वे वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा प्रत्येक वर्ष आयोजित वनयात्राओं मे शामिल हो कर देश के विभिन क्षेत्रो में सघन वनों में रह रहे वनवासियों के बीच जाएं, ताकि देश के विभिन्न राज्यों के सुदूर वनों में रह रहे करोडों वनवासियों के बीच जाकर उनकी जीवन शैली को अच्छी तरह से समझ सकें। उक्त बात पेठकर ने सैक्टर 14 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में आयोजित जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न जंगलों में रह रहे 12 करोड वनवासियों के सर्वांगीण विकास व कल्याण के लिए कार्य कर सही स्वायत संस्था वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा प्रत्येक वर्ष शहरी क्षेत्रों में रह रहे लोगों के लिए वनयात्रा का



आयोजन में शामिल संस्था के सदस्य व अन्य।

आयोजन किया जाता है, ताकि उन्हें वनवासिओं की सीधी सादी जीवन शैली के अतिरिक उनके द्वारा महसूस की जा रही शिक्षा व स्वास्थ सम्बन्धी व अन्य परेशानियों से भी अवगत कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम गत वर्षों में ओडिशा, झारखण्ड व पूर्वोत्तर राज्यों के लिए वनयात्रा का आयोजन कर चुका है। नवासी कल्याण आश्रम हरियाणा के प्रांत प्रचार प्रमुख संजीव आहूजा ने बताया कि कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। इस कार्यक्रम में आरएसएएस के पवन जिंदल, समाजसेवी बोधराज सीकरी, ओम प्रकाश कयूरिया, सुनील खण्डेलवाल, शिक्षाविद् डा. अशोक दिवाकर, गुरुग्राम आश्रम के जगदीश ग्रोवर आदि भी शामिल रहे। बोधराज सीकरी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने 25 वर्ष कि छोटी सी उम्र में देश के लिए बलिदान दिया था। डा. दिवाकर ने कहा कि बिरसा मुंडा, तिलका माझी, रानी गांडिलू जैसे वनवासी शूरवीरों का भी अमूल्य योगदान रहा है। आहूजा ने बताया कि मंजीत कौर रंधावा व ज्योतिर्मयी ने सामाजिक समरसता को दर्शाता गायन भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संस्था के श्रीनिवास शर्मा, यशपाल, कैलाश, जगदीश कुकरेजा, सुभाष दीवान, मनोहर गोस्वामी, महेश शर्मा, अशोक पाकल आदि का सहयोग रहा।

## भारतीय सेना एवं सुरक्षा बलों के दो दिवसीय राष्ट्रीय डायलॉग का समापन

### स्वयं को जिम्मेदार समझने से ही होता है स्वयं में परिवर्तन करना आसान : बीके शिवानी

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**हम** दूसरों को दोषी ठहराते हैं तो अपनी पॉवर को कम कर देते हैं। दुखी हम खुद के विचारों से ही होते हैं। स्वयं के विचारों के निर्माता हम स्वयं हैं। उक्त उद्गार मोटिवेशनल स्पीकर बीके शिवानी ने बिलासपुर स्थित ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर (ओआरसी) में सेना एवं सुरक्षा बलों के अधिकारियों तथा जवानों के आयोजित 2 दिवसीय राष्ट्रीय डायलॉग कार्यक्रम में इंस्पिरेशनल लीडरशिप एंड सेल्फ एंपावरमेंट विषय पर व्यक्त किए।

कहा कि जितनी ही पॉवर आती है, उतनी ही पॉजिटिविटी बढ़ती है। इसलिए अपनी स्थिति के लिए स्वयं को जिम्मेदार समझें। जितना हम स्वयं



आयोजन को संबोधित करते वक्ता।

को जिम्मेदार समझते हैं, उतना ही हम स्वयं को परिवर्तन कर पाते हैं। कोस्ट गार्ड के महानिदेशक राकेश पाल ने कहा कि उन्हें ब्रह्माकुमारीज में आने से अलौकिक वातावरण का अनुभव होता है। नौसेना के वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास ने कहा कि तन के स्वास्थ्य का तो हम ध्यान रखते हैं। लेकिन मन कैसे स्वस्थ बने उसका ज्ञान ब्रह्माकुमारीज के पास है। एक स्वस्थ मन ही खुशनुमा जीवन का माध्यम है। पूर्व वाइस एडमिरल अनिल चावला ने कहा कि कोरोना काल में ब्रह्माकुमारीज द्वारा काफी मोटिवेशन मिला। बीएसएफ के महानिरीक्षक सोलोमन वाईके मिंज ने कहा कि इस प्रकार की शिक्षा से आत्म संयम आएगा। जो समाज को एक बेहतर दिशा प्रदान करेगा। दिल्ली पुलिस के पूर्व आयुक्त बीके गुप्ता ने कहा कि हम सब केवल केयर टेकर हैं। हमारा कुछ भी नहीं है। इसलिए किसी से भी अटैचमेंट ही दु:ख का कारण है।

संस्था की बीके शुक्ला, शैलेंद्र, सारिका, अशोक गाबा व सेना के कैप्टन शिव कुमार ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में भारतीय थल सेना, वायुसेना, नौसेना, अर्धसैनिक बल एवं प्रादेशिक सुरक्षा बलों के 500 से भी अधिक अधिकारियों और जवानों ने भाग लिया।

## वैज्ञानिक प्रतिभाओं को निखारने में वैज्ञानिक यशपाल का रहा खास योगदान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**देश** के विकास में वैज्ञानिकों का बड़ा योगदान रहा। उन्होंने अपनी नई-नई उपलब्धियों से देश का नाम विश्व में रोशन किया। वैज्ञानिक व शिक्षाविद् यशपाल का वैज्ञानिक प्रतिभाओं को निखारने में उनका खास योगदान माना जाता है। उनकी उपलब्धियों का सम्मान करते हुए ही भारत सरकार ने उन्हें पद्म पुरस्कारों से नवाजा था। उक्त बात शिक्षाविद संदीप जौहरी ने वैज्ञानिक यशपाल की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि यशपाल का जन्म 26 नवम्बर 1926 को वर्तमान पाकिस्तान के झंग नामक स्थान पर हुआ था। उन्होंने 1949 में पंजाब विश्वविद्यालय से भौतिक विज्ञान से अपना स्नातक पूर्ण किया था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च से की थी।

1973 में केंद्र सरकार ने उन्हें स्पेस एप्लीकेशन सेंटर का पहला डॉयरेक्टर नियुक्त किया था। 1983-1984 में वे प्लानिंग कमीशन के मुख्य सलाहकार भी रहे। विज्ञान व तकनीकी विभाग में वह सचिव रहे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग में अध्यक्ष भी रहे। दूरदर्शन पर टर्निंग पाइंट नाम के एक साइंटिफिक प्रोग्राम को भी होस्ट करते थे। उनका निधन 24 जुलाई 2017 को हो गया था।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अखिल** भारतीय आयुर्वेद संस्थान के तत्वाधान में रविवार को कार्टरपूरी स्थित कामधेनु धाम गौशाला में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में थायराइड, मधुमेह, बीपी, आर्थराइटिस जैसे रोगों से ग्रसित मरीजों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाईयां भी वितरित की गई। कार्यक्रम में आए लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का श्रवण भी किया। शिविर में मुख्य अतिथि के रुप में भाजपा हरियाणा के प्रदेश मंत्री मनीष यादव भी शामिल हुए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में काम कर रही केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन वाली सरकार की दृढ इच्छाशक्ति की बदौलत आज करोड़ों लोगों को आयुष्मान भारत योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं के माध्यम से फ्री स्वास्थ्य सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है। किसी भी राष्ट्र का मजबूत आधार उस देश के स्वस्थ नागरिकों ही होते हैं



शिविर में अतिथि का स्वागत करते संस्था के पदाधिकारी।

जिसके निमित्त दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की समग्र स्वास्थ्य की सार्वभौमिक इच्छा को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विभिन्न कार्यक्रमों देश में स्वच्छता, जल संरक्षण और वोकल फॉर लोकल अभियान चलाए जा रहे हैं। इस आयोजन में हरियाणा गौ सेवा आयोग के चेयरमैन पूरण यादव लोहचब, डॉ. धर्मेंद्र यादव, हरविंद कोहली, वीरेंद्र सिंह, मीनू शर्मा, सुनील कोहली, भरत सिंह यादव आदि शामिल हुए।

## बड़ी संख्या में कार्तिक स्नान के लिए साईबर सिटी पहुंचे हरिद्वार व गढ़मुक्तेश्वर

**गुरुग्राम।** माह का समापन पूर्णिमा के दिन कार्तिक माह के गंगा स्नान के साथ हो जाएगा। साईबर सिटी गुरुग्राम से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार, गढ़मुक्तेश्वर गंगा नदी में स्नान करने के लिए रवाना हो चुके हैं। जहां कुछ श्रद्धालु स्वयं गंगा स्नान के लिए जा रहे हैं, वहीं कई सामाजिक संस्थाओं ने भी गंगा स्नान कराने के लिए उनकी यात्राओं की व्यवस्था की है। कार्तिक पूर्णिमा पर गुरु नानक देवजी का 554वां प्रकाशोत्सव भी आयोजन किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवियों व धार्मिक संस्थाओं ने भण्डारों के आयोजन की व्यवस्था कर ली है।

## आरजीसीआईआरसी ने बरेली में कैंसर केयर में क्रॉति का नेतृत्व किया

**पायनियर समाचार सेवा।** बरेली

**राजीव** गांधी कैंसर संस्थान एवं शोध केंद्र (आरजीसीआईआरसी) विपरीत प्रभाव (साइड इफ्फेक्ट) को काफी हद तक कम करने वाली अत्याधुनिक तकनीक के साथ कैंसर देखभाल के परिदृश्य को पूरी तरह बदलने की दिशा में अग्रणी स्तर पर कार्य कर रहा है। भारतीय चिकित्सा परिषद (आईएमए), बरेली के साथ एक संयुक्त पहल के अंतर्गत आरजीसीआईआरसी ने मेडिकल क्षेत्र के पेशेवरों के लिए निरंतर चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले चिकित्सा विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि रेडिएशन (विकिरण) तकनीकों में हो रहे नवाचार और रोबोट सर्जरी आदि सहित अत्याधुनिक तकनीकें कैंसर के खिलाफ लड़ाई में प्रभावी हथियार साबित हो रही हैं। ये तकनीकें न सिर्फ उपचार की संभावनाओं में वृद्धि करती हैं, बल्कि विपरीत प्रभाव को भी काफी हद तक कम करती हैं, जिससे इलाज के



बाद व्यक्ति अपना जीवन अच्छी तरह जी सकता है।

इस सीएमई कार्यक्रम में बरेली एवं सटे क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए चिकित्सा क्षेत्र के पेशवरों ने हिस्सा लिया, जिसमें जोर कैंसर देखभाल के क्षेत्र में हो रही नवीनतम प्रगति को चिकित्सा क्षेत्र के पेशेवरों के साथ साझा करने के साथ-साथ विपरीत प्रभावों में आ रही कमी के कारण कैंसर के मरीजों पर पड़ रहे सकारात्मक असर को रेखांकित करने पर था। इसमें इस बात पर विचार-विमर्श किया गया कि तकनीक के इन फायदों के बारे में मरीजों और उनके परिजनों को कैसे जागरूक किया जाये। आरजीसीआईआरसी में विकिरण कैंसर-विज्ञान के इकाई प्रमुख एवं वरिष्ठ परामर्शदाता (यूनिट हेड एंड सीनियर कंसलटेंट, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी) डॉ. कुंदन सिंह चुफल ने विकिरण कैंसर-विज्ञान की यात्रा को रेखांकित करते हुए कहा, नवीनतम मशीनों की अचूकता और छोटे आकार के कारण खास ट्यूमर और ऊतकों (टिश्यू) पर सही मात्रा में विकिरण की खुराक देना संभव हो पाया है, जिसके कारण दूसरे ऊतकों को नुकसान काफी मात्रा में कम हो गया है। परिणामस्वरूप, इलाज के बाद मरीज अब पहले से काफी बेहतर जीवन का अनुभव करते हैं।

डॉ. सिंह ने साइबरनाइफ के नाम से विख्यात अभिनव त्रिविम स्थाननिर्धारण शरीर विकिरण चिकित्सा का भी प्रदर्शन किया, जोकि एक रोबोट की सहायता से की जाने वाले ऐसी विकिरण चिकित्सा है, जिसकी प्रक्रिया अपेक्षाकृत बेहतर होती है और विपरीत प्रभाव भी कम छोड़ती है। उन्होंने जोर देकर कहा, इस नई तकनीक के उपयोग ने स्थाई विपरीत प्रभावों को सीमित करने के साथ-साथ कैंसर के इलाज के बाद लोगों को सामान्य जीवन व्यतीत करने योग्य बनाया है।

## नगर परिषद जल्द चलाएगी अतिक्रमण के खिलाफ अभियान, पुलिस से मांगी सहयोग की मदद

**पायनियर समाचार सेवा।** सोहना

**नगर** परिषद शहर के बाजारों में अतिक्रमण के खिलाफ सोमवार के बाद अभियान चलाएगी। परिषद अधिकारी ने अतिक्रमण हटाने के दौरान पुलिस की मदद के लिए पत्र लिखते हुए मांग की गई है। दीवाली के बाद से शहर के बाजारों में अतिक्रमण दो गुना बढ़ गया है।

एक बार फिर से शहर में अतिक्रमण पूरी चमर सीमा पर हो गया है। बाजारों के आम रास्तों से लेकर सड़क, और राष्ट्रीय मार्ग के साथ-साथ फैला अतिक्रमण जान लेवा हादयों को न्यौता दे रहा है। दुकानदार से लेकर व्यापारी और गोदाम मालिकों ने अतिक्रमण की सभी सीमाओं को लांघते हुए शहर के रास्ते व सड़कों पर पूरा कब्जा जमा लिया है। दीवाली के दौरान त्योहारी सामान बेचने के लिए दुकान से बाहर रखा सामान वाली टेबल व तख्त आज भी लगे हुए है।

**बस स्टैंड मार्ग पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण :** शहर के पुराना लेबर चौक से लेकर राष्ट्रीय मार्ग गुरुग्राम-अलवर तक सड़क के दोनों तरफ बैठें दुकानदारों ने 8 से 10 फुट तक सामान रखकर अवैध कब्जा जमाया हुआ है। दुकानदारों ने सर्दी में बिकने वाले कम्बल से लेकर बर्तन, कपड़े, बिजली की सामान, हार्ड वेयर का सामान, रंग-रौगन व पेंट का सामान, चूड़ी, जूता-चप्पल और फास्ट फूड दुकानदारों ने तो आग वाली भट्टियों को भी आम रास्ते के किनारे रखा हुआ है। इस मार्ग पटरी दुकानदारों की संख्या में भारी बढोत्तरी हुई है।

**अस्पताल मार्ग पर अवैध पार्किंग :** चूंगी नंबर दो से लेकर शहीद भगत सिंह फव्वारा चौक तक दुकानदार से लेकर ग्राहक अपनी चार पहिया वाले वाहनों को सड़क के ऊपर ही खड़ा कर देते है। इस मार्ग से स्कूल बस से लेकर नगर परिषद, शिव कुंड गर्म चश्मा, गुरुद्वारा वाहनों में बैठकर जाने वालों वाहनों से दिन में 20 से 25 बार जमा लगता और बिगड़ता रहता है।

**रेहड़ी-ठेला वाले दे रहे हादसों को न्यौता :** राष्ट्रीय राजमार्ग गुरुग्राम-अलवर के साथ-साथ चूंगी नंबर दो से लेकर करीब एक किलोमीटर दूर इंडरी मोड़ तक दोनों तरफ50 से 60 रेहड़ी, ठेला, और खाना खिलाने वाले ढाबे बनें है। चलते हुए वाहन में आचनक से संतुलन बिगड़ जाने से किसी को भी अपनी चपेट में ले सकता है। जिससे जान लेवा हादसा कभी भी घट सकता है।



सोहना शहर में दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर रखा सामान से बढ़ता अतिक्रमण।

> “**आने** वाले सप्ताह में सोमवार के बाद से अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। जिसके लिए पुलिस को पत्र लिखकर मदद मांगी गई है। पुलिस की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाया जा सके।
> **(सतेन्द्र यादव-सफाई निरीक्षक नप)**

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुनानक जयंती आज मनाई जाएगी, तैयारियां जबरदस्त

**सोहना।** गुरु नानक जयंती को लेकर स्थानीय गुरुद्वारा में जबर दस्त त्यारियां की जा रही है। गुरुद्वारा को बिजली की रंगी बिरंगी लड़ियों से सजाया गया है। गुरुपर्व के अवसर पर चलाया जाने वाला लंगर वितरण किया जाएगा। शहर के श्री गुरुसिंह गुरुद्वारा में गुरुपर्व बनाने को लेकर पिछले तीन दिन से तैयारियां चल रही है। शनिवार को गुरुद्वारा में अखंड पाठ चल रहा है। यह अंखड पाठ सोमवार की सुबह 9 बजे तक चलेगा। सोमवार की सुबह साढ़े 9 बजे से 12 बजे तक कीर्तन और भजन चलेंगे। उसके बाद लंगर वितरण किया जाएगा। गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सरदार संत सिंह ने बताया कि पूरे गुरुद्वारा को बिजली की लड़ियों से सजावट की गई है। भजन सेवा देने में दिन रात जुटे हुए है। इस अवसर पर देश के अलग-अलग शहरों से रागियों को जत्था सोमवार की सुबह गुरुनानक पर्व में शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों में जसवंत सिह, जसबीर सिंह और इमरात सिंह समेत अन्य सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है। सभी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में कड़ी मेहनत कर रहे है।

### पुलिस ने दो बदमाशों को हथियारों समेत दबोचा

**सोहना।** अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस ने दो बदमाशों को अवैध हथियारों समेत दबोचा है। दबोचे गए बदमाश पलवल जाने वाले मार्ग पर वडोदरा फ्लाई ऑवर के नीचे खड़े होकर अपराधीक वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। शनिवार को अपराध शाखा पांच सोहना पुलिस ने पलवल मार्ग पर सिलानी के पास से जा रहा वडोदरा राष्ट्रीय राजमार्ग के फ्लाई ऑवर के नीचे सांचोली निवासी मौहम्मद साहिद और जिला फरीदाबाद का गांव धौज निवासी मौहम्मद मुस्तफा अवैध हथियार लेकर खड़े है। दोनों ही अपराधीक प्रवृति के है और किसी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे है। साहिद व मुस्तफा किसी वाहन चालक या पैदल जाने वाले को हथियार के बल पर लूट सकते है। इतना नहीं अपराध के दौरान हत्या भी कर सकते है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच दोनों बदमाशों को दबोच लिया। जिनके पास से एक-एक कट्टा और दो जिंदा रौंद बरामद किए है। गिरफ्तार किए गए बदमाशों के खिलाफसदर थाना सोहना में मामला दर्ज कराया है।

### बागवानी खेती से जुड़े विषयों पर किसानों को मिलेगा प्रशिक्षण

**गुरुग्राम।** बागवानी विभाग गुरुग्राम द्वारा 25-25 किसानों को फल, सब्जी व फूलों की खेती में उन्नत तकनीक व संरक्षित खेती पर 5 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए बागवानी विभाग ने इच्छुक किसानों से 8 दिसंबर की शाम 4 बजे तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक किसान अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन बागवानी विभाग हरियाणा की वेबसाइट पर करा सकते हैं। किसानों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। बागवानी विभाग के प्रवक्ता ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदनकर्ता का हरियाणा का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए चयनित किसानों की सूची विभागीय वेबसाइट पर 08 दिसंबर की शाम 4.30 बजे तक अपलोड कर दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में आने वाले किसान अपने आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की प्रति कॉपी साथ लेकर आएं। प्रशिक्षण कार्यक्रम बागवानी प्रशिक्षण केंद्र गुरुग्राम में आयोजित किया जाएगा। किसानों के ठहरने व भोजन की व्यवस्था बागवानी विभाग गुरुग्राम द्वारा की जाएगी।

### संविधान दिवस पर कांग्रेसी नेताओं ने बाबा साहब को किया याद



**गुड़गांव।** कांग्रेस कार्यालय कमान सराय में कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संविधान दिवस के अवसर पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की और बाबासाहेब द्वारा बनाए गए संविधान को विश्व का सबसे मजबूत और सबसे अच्छा संविधान बताया, इस मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंकज डावर,कुलराज कटारिया, सुबे सिंह यादव,जय सिंह हुड्डा, भारत मदान,सुनील प्रकाश, धर्मेंद्र मिश्रा, जय भगवान, ओमप्रकाश पांचाल,राजपाल यादव, गुरेंद्रजीत सिंह, नरेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे इस मौके पर पांच प्रदेशों में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत होने की बात करते हुए तथा अग्रिम बधाई देते हुए कांग्रेस नेताओ ने कहा कि आज बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान की बदौलत ही हम अपने देश में इंसाफ की लड़ाई जीत रहे हैं नहीं तो देश में कानून को ताक पर रख करके काम करने वाली सरकार आज पूरे देश को निजी हाथों में सौंप चुकी होती, मौजूदा समय में भाजपा की सरकार ने भले ही बहुत से कानून बदल दिए हैं लेकिन आज भी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की बदौलत बहुत से ऐसे कानून है जो देशवासियों की और देश की रक्षा कर रहे हैं; उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां सदा ही बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के इस योगदान की कर्जदार रहेगी।

### संविधान में सभी वर्गों को दिया गया है समुचित प्रतिनिधित्व

**गुरुग्राम।** शहर में रविवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया और लोगों को भारतीय संविधान की विशेषताओं के बारे में भी अवगत कराया गया। वक्ताओं ने लोगों को संविधान की विशेषताओं स्वतंत्रता, समानता, सहिष्णुता, धर्मनिरपेक्षता आदि के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर ने ही अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भारतीय संविधान की रचना की थी और संविधान में समाज के सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व भी दिया गया है। हर वर्ग की उन्नति व विकास के लिए भी संविधान में बाबा साहेब ने बहुत कुछ लिखा है। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया कि बाबा साहेब को पर्याप्त मान-सम्मान दिया जाना चाहिए। उन्हीं के कारण समाज के निचले से निचले वर्ग के कल्याण की भावना को लेकर बाबा साहेब ने संविधान में स्थान दिया है। देश संविधान के अनुसार ही चल रहा है। भारतीय संविधान का विश्व में अपना अलग ही महत्व है।

### 26/11 के शहीदों को किया नमन



कार्यक्रम में शहीदों को नमन करते अतिथि व अन्य।

**गुरुग्राम।** 26 नवम्बर 2008 को मुंबई में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों की याद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया गया। सामाजिक संस्था डा. राजेंद्र प्रसाद फाउण्डेशन द्वारा राजेंद्रा पार्क क्षेत्र में 26/11 के शहीदों को नमन किया गया और उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्था के अध्यक्ष राजेश पटेल ने कहा कि एनएसजी ने इस हमले को नाकाम करने की कमान संभाली थी, जिसमें वह सफल भी रही थी और आतंकवादी को काबू भी कर उसे सजा भी दिलाई थी। आतंकवादियों ने इस दिन मुंबई के कई क्षेत्रों में भी हमले किए थे। इस हमले में एक एनएसजी कमांडो, 10 विदेशी नागरिकों सहित कुल 160 लोग शहीद हो गए थे। देश के सुरक्षा बल इस प्रकार के हमलों से निपटने के लिए पूरी तरह से सक्षम है।

### नशे में वाहन चलाने वाले 93 वाहन चालकों के काटे चालान

**गुरुग्राम।** शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस समय समय पर अभियान चलाती आ रही है। दो दिन चलाए गए अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी कर 93 वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए और वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे वाहन चलाते समय शराब का सेवन न करें।

# जिला अस्पताल 15 साल बाद भी एमआरआई की सुविधा से वंचित

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

### क्षेत्र के लोग हजारों रुपये खर्च कर एमआरआई करवाने को मजबूर

**जिला** अस्पताल पलवल में एमआरआई की सुविधा नहीं होने से पलवल व आस-पास के लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस सुविधा के न होने से जिले के लोगों को हजारों रुपये खर्च करके निजी अस्पतालों में फरीदाबाद, दिल्ली जाकर एमआरआई करवानी पड़ती है। इसकी वजह से कई बार इलाज में देरी होती है, जिससे मरीजों की हालात तक बिगड़ जाती है।

जिला पलवल अस्पताल बनने के 15 साल बाद भी कई मुख्य सुविधाओं से वंचित है। इसका खामियाजा पलवल, होडल, हसनपुर, हथीन, मंडकौला, बड़ौली, दीघोट, पृथला, दुधोला क्षेत्र के लोगों को उठाना पड़ रहा हैं। लगभग 24 करोड़ रुपये की लागत से जिला अस्पताल पलवल का निर्माण करवाया था। अस्पताल के निर्माण के समय चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पलवल के इस अस्पताल में सभी सुविधाएं दिलवाने के वायदे किए गए। जिससे पलवल क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली, फरीदाबाद, नूंह, गुड़गांव आदि शहरों में जाने से छुटकारा मिल सके। स्वास्थ्य की जानकारी रखने वाले लोगों का कहना है आज एमआरआई जांच से ही शरीर के अंदर की सभी




जानकारी मिलती है। एमआरआई शरीर के अंदर की उच्च रिजॉल्यूशन छवियां बनाता है, जो विभिन्न स्थितियों का निदान करने में मदद करती है। एमआरआई द्वारा मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, हृदय, लीवर और कई अन्य अंगों जैसे शरीर के कोमल ऊतक संरचनाओं की चित्रों द्वारा जानकारी ज्यादा सटीक रूप से प्राप्त होती है। इसी से हृदय की बीमारी, कैंसर, मांसपेशियां और हड्डियों की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। रोग की सटीक जानकारी मिलने के बाद ही बीमारियों का सही इलाज संभव होता है। परंतु जिला अस्पताल में यह सुविधा नहीं होने से क्षेत्र के लोगों बाहर से एमआरआई करवानी पड़ती है। निजी अस्पतालों में एमआरआई करवाना गरीब, महिला व बुजुर्गों के लिए संभव नहीं होता है। अस्पताल में यह सुविधा न होने से कई बार इलाज में देरी होती है। इससे कई बार मरीज की मौत तक हो जाती हैं। इलाज के लिए आने वाले लोगों ने कई बार विभाग के अधिकारियों से पलवल अस्पताल में एमआरआई की सुविधा शुरू करवाने की मांग की है। जिससे क्षेत्र के लोगों को दूसरे शहरों में जाकर एमआरआई करवाने से छुटकारा मिल सके।

> **जिला** अस्पताल में एमआरआई की सुविधा न होने से क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए फरीदाबाद, दिल्ली जैसे शहरों में जाना पड़ता है। इससे उनके हजारों रुपये खर्च हो जाते हैं।
>
> **-जन्नत सिंह**

> **अस्पातल** में एमआरआई की सुविधा न होने से लोगों को निजी अस्पतालों में एमआरआई करवाने को मजबूर होना पड़ता है, जो सबके वश की बात नहीं होती है।
>
> **-रचना डागर**

> **पलवल** अस्पताल में एमआरआई सुविधा के लिए कई बार उच्च अधिकारियों को सूचित किया गया है। जल्द ही अस्पताल में यह सुविधा शुरू की जाएगी।
>
> **-डॉ. अजय माम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी**

# जिला यूथ रेडक्रॉस शिविर में दी सीख से होगा युवाओं का विकास : प्रतिभा सिंगला

### एसडी कॉलेज में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल




**भारतीय** रेडक्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल द्वारा गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म महाविद्यालय में संचालित किए जा रहे जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया। इस पांच दिवसीय शिविर के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा सिंगला ने शिरकत की।

मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों से कहा कि इस शिविर में सिखाई गई विभिन्न जानकारियां युवाओं के विकास में सहायक सिद्ध होंगी। आज के युवा को अनुशासन एवं सही दिशानिर्देशन में रहने की बहुत जरूरत है। युवाओं में सहनशीलता की कमी हो रही है, जिसके कारण समाज में झगड़े, नशे की आदत भी बढ़ रही है। इस प्रकार के शिविरों में युवाओं को सही जानकारी व दिशानिर्देशन मिलता है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि वे शिविर में दी गई सीख अपने परिवार के सदस्यों, साथियों एवं समाज को अवश्य ही सांझा करें, ताकि एक सशक्त समाज एवं राष्ट्र का निर्माण हो सके। डॉ. प्रवीण कुमार वर्मा, डॉ. मंजुला बत्रा एवं डॉ. एनके गोयल ने अतिथि के रूप में मंच की शोभा बढ़ाई।

जिला रेडक्रॉस सोसाइटी पलवल के सचिव वाजीद अली ने समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए बताया कि शिविर में चार विद्यालयों के 95 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। इस शिविर के माध्यम से युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए रेडक्रॉस के इतिहास, यूथ रेडक्रॉस की गतिविधियों, राज्य एवं जिला स्तर पर मानवहित में संचालित गतिविधियों, प्रतिभगियों के आत्मविश्वास एवं इच्छाशक्ति को जगाने, रेडक्रॉस चिन्ह के उपयोग एवं दुरुपयोग, राष्ट्रीय एकता, वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन के सम्मान, नशा मुक्त भारत के सपने को साकार बनाने, संतुलित आहार, व्यक्तिगत साफ-सफाई, समाज की सेवा, बेहतर स्वास्थ्य, पौधारोपण, हरित क्रांति, जल संरक्षण, वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत, हेपेटाइटिस बी व सी, सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा, आपदा प्रबंधन आदि के बारे में विशेषज्ञों के माध्यम से जागरूक किया।

शिविर के समापन समारोह का मंच संचालन जिला प्रशिक्षण अधिकारी नूंह महेश मालिक ने किया। जिला प्रशिक्षण अधिकारी पलवल नीतू सिंह ने प्रतिभागियों को रेडक्रॉस की शपथ दिलाई। शिविर के दौरान प्रतिभागियों के मध्य चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता एवं बेकार समान से सजावट के सामान बनाना आदि प्रतियोगिताएं कराईं गईं, ताकि उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास हो सके। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित भी किया गया। इस शिविर के सफल आयोजन में महाविद्यालय की डॉ. रुचि शर्मा, डॉ. सोनिया शर्मा, ओम प्रकाश, मोनिका, तुलसी, रेडक्रॉस से अंजलि भयाना, भोजपाल सहरावत, हेमवती, नितिन कुमार, ऊषा, हरबंस एवं पवन का अहम योगदान रहा।

# धर्म पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा ने यूपीएससी में लहराया परचम



**पलवल।** पढ़ाई की भावना हो तो प्रशासनिक सेवा में अग्रदूत बनना कोई मुश्किल नहीं है। इसे सिद्ध किया है एक सामान्य परिवार में जन्म लेने वाली भावना अग्रवाल ने। इस साल यूपीएससी के परिणाम आने पर पलवल को पढ़ाई के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक पल मिला, जब भावना अग्रवाल ने यूपीएससी में ऑल इंडिया 23वी रैंकिंग हासिल कर परिवार के साथ-साथ धर्म पब्लिक स्कूल का भी नाम रोशन किया।

एक साधारण परिवार से आने वाले अकाउंटेंट नरेश गर्ग की बेटी भावना अग्रवाल आरंभ से बारहवीं कक्षा तक धर्म पब्लिक स्कूल में पढ़ी। इसे लेकर स्कूल निदेशक पवन अग्रवाल का कहना है कि भावना अग्रवाल पढ़ाई में हमेशा से होशियार रही और आज उसने अपनी मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। कुछ वर्ष पहले धर्म पब्लिक स्कूल के छात्र प्रिंस तेवतिया ने भी यूपीएससी में स्थान प्राप्त कर इलाके का नाम रोशन किया था।

इस अवसर पर विधायक दीपक मंगला ने परिवार को मिठाई खिलाकर बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि निश्चित रूप से ही इस बेटी के लिए, उसके परिवार और समस्त पलवल के लिए गर्व का विषय है।

उनके पिता नरेश गर्ग ने बेटी की उत्कृष्टता के लिए भगवान का धन्यवाद किया और कहा कि उनकी बेटी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की सार्थकता सिद्ध करते हुए नारी शिक्षा के लिए सुनहरे अध्याय में मील का पत्थर हासिल किया है। जो बेटियों को ज्यादा मेहनत के साथ उच्च परिणाम हासिल करने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

# संस्था ने बच्चों को निशुल्क चश्मे वितरित किए



**पलवल।** मानव सेवा समिति पलवल शाखा द्वारा पिछले दिनों राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल बामनीखेड़ा में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया था। जिसमें पलवल सरकारी अस्पताल की तरफ से डॉक्टरों की टीम द्वारा 80 बच्चों की आंखों कीजांच की गई। जिसमें लगभग 35 बच्चे ऐसे निकले, जिन्हें चश्मे की आवश्यकता है। उन सभी जरूरतमंद छात्रों को मानव सेवा समिति के सदस्य डॉक्टर रूप कुमार एवं यतिन कालड़ा द्वारा सीएमओ डॉक्टर नरेश गर्ग एवं डिप्टी सीएमओ डॉक्टर रामेश्वरी द्वारा मानव सेवा समिति के ही सदस्य डॉक्टर एपी सरदाना के सहयोग से संस्था की तरफ से निशुल्क चश्मे उपलब्ध करा दिए गए हैं। समिति द्वारा बहुत जल्द ही और स्कूलों में भी इस तरह के शिविा लगाए जाएंगे, ताकि जिन बच्चों को देखने में या पढ़ने में परेशानी है, उनका समाधान हो सके। सरकारी स्कूलों के अधिकतर बच्चे ऐसे हैं, जिन्होंने आज तक कभी अपने घर वालों को या टीचर को इस बारे में जिक्र भी नहीं किया था कि उनको इस तरह की कोई समस्या भी है।

# महापड़ाव के पहले दिन सैकड़ों किसानों ने लिया भाग

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**संयुक्त** किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आह्वान पर केंद्र सरकार की वादा खिलाफी व जनविरोधी नितियों के खिलाफ रविवार को किसानों ने किसान क्रांति चौक ग्राम अटोहां में तीन दिन के महापड़ाव का आयोजन किया। इस महापड़ाव में सैकड़ों किसान, मजदूर, कर्मचारियों ने भाग लिया।

महापड़व के पहले आंदोलन को सुचारू रूप से चलाने के लिए किसान नंदलाल, पवन रावत व उर्मिला रावत का चुनाव किया गया। इनकी अध्यक्षता में ही तीन दिन का यह आंदोलन चलेगा। इस अवसर पर सरकार के विरोध में नारेबाजी की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन मास्टर महेंद्र रावत व धर्मचंद ने किया। इस अवसर पर किसानों को संबोधित करते हुए राजकुमार ने कहा कि केंद्र व हरियाणा की राज्य सरकार एमएसपी की कानूनी गारंटी दे। एक बार किसानों व मजदूरों को पूरी तरह से कर्ज मुक्त किया जाए। बिजली संसोधन विधेयक 2023 को वापिस लिया जाए। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा को मंत्री मंडल से बर्खास्त किया जाए। किसानों पर बनाए गए सभी झूठे केस वापस किए जाएं। किसान आंदोलन के दौरान शहीद हुए किसानों को मुआवजा दिया जाए, उनके वारिसों को नौकरी भी दी जाए। बाढ़ प्रभावित किसानों को उनकी फसलों को मुआवजा दिया जाए। श्रम कानूनों में किए गए संशोधन वापस लिए जाए। केंद्र व राज्यों के अंदर रिक्त पड़े पदों पर नियमित भर्ती तुरंत की जाए। ठेका प्रथा पर रोक लगाई जाए। कच्चे कर्मचारी पक्के किए जाएं। पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। किसान नेताओं ने कहा कि तीन दिन के महापड़ाव के बाद भी यदि सरकार ने उनकी मांग नहीं मानी तो आगे बड़े आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी। इस अवसर पर आस-पास के गांव अलावलपुर, सिहोल, पेलक, घुघेरा, धतीर, ककराली, चांदहट, अटोहां, दीघोट, मित्रोल आदि गांवों किसानों ने भाग लिया। इस महापड़ाव को सीटू, सर्वकर्मचारी संघ, किसान मोर्चा आदि का सर्मथन मिला। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह तेवतिया, योगेश शर्मा, रमेश डागर, महेश शर्मा, देवीसिंह सहजवार आदि भी मौजूद थे। महापड़ाव में पलवल, फरीदाबाद, नूंह व गुरुग्राम के किसान, मजदूर व कर्मचारियों ने भाग लिया।

# खेल महाकुंभ में क्रिकेट शामिल, जिला स्तरीय महिला क्रिकेट टीम का चयन

### सरस्वती महिला महाविद्यालय में हुआ ट्रायल

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल



**खेल** विभाग हरियाणा द्वारा इस वर्ष खेल महाकुंभ-2023 में लड़के व लड़कियों के लिए क्रिकेट खेल को शामिल करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इसी कड़ी में रविवार को विभाग द्वारा सरस्वती महिला महाविद्यालय में जिला स्तर पर लड़के तथा लड़कियों का ट्रायल लिया गया।

सरस्वती महिला महाविद्यालय के क्रिकेट कोच लक्ष्मण महलावत ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा खेल महाकुंभ में क्रिकेट खेल को भी शामिल किया गया है, यह क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया है। इसी के आधार पर खेलो महाकुंभ में क्रिकेट को शामिल किया गया है और इसी आधार पर लड़के व लड़कियों का ट्रायल लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट खेल की राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ प्रतियोगिता का आयोजन चार से छह दिसंबर तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश सरकार की खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। क्रिकेट खिलाड़ी श्वेता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा खेलो महाकुंभ में पहली बार क्रिकेट को शामिल किया गया है, जिसे लेकर खिलाड़ियों में जोश व उत्साह भरा हुआ है। सरकार के इस निर्णय से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि क्रिकेट की महिला टीम के खेलने वाले नेशनल प्लेयर से प्रेरणा ले रहे हैं। क्रिकेट खिलाड़ी काजल ने बताया कि क्रिकेट टीम में शामिल होने के लिए ट्रायल दिया है। उनका चयन जिला टीम में किया गया है, जिसके बाद राज्य में खेलेंगे।

उन्होंने बताया कि इंडिया महिला क्रिकेट टीम से काफी कुछ सीखने को मिलता है। नेशनल प्लेयर मिताली राज सहित अन्य खिलाड़ियों से प्रेरणा ले रही है। क्रिकेट खिलाड़ी पायल ने बताया कि खेल महाकुंभ में पहली बार क्रिकेट को शामिल किया गया है। क्रिकेट का दुनियाभर में नाम है। क्रिकेट टीम में भाग लेकर अपने जिले का नाम रोशन करेंगी।

# कार्ड बदलकर कर्मचारी के साथ 40 हजार की धोखाधड़ी

**फरीदाबाद।** निजी कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी का डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार की धोखाधड़ी की गई। आरोपी ने कर्मचारी को पैसे निकालने से पहले एटीएम मशीन में लगे कैमरे की तरफ देखने के लिए कहा। इस दौरान आरोपी ने कार्ड को बदल लिया। थाना सिटी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। श्याम कॉलोनी निवासी फूल सिंह ने बताया कि वह निजी कंपनी में नौकरी करता है। 22 नवंबर को वह सुबह डेबिट कार्ड से पैसे निकालने के लिए अंबेडकर चौक स्थित एटीएम मशीन में गया। आरोपी मशीन में पहले से ही खड़ा हुआ था। उसने आरोपी से कहा कि साइड हो जाओ, उनको पैसे निकालने के लिए अंदर जाना है। जिस पर आरोपी ने कहा कि वह पहले कैमरे की तरफ देखे और उसके बाद कार्ड से पैसे निकाल ले। कैमरे की तरफ देखने के दौरान आरोपी ने मशीन में लगे हुए कार्ड को बदल दिया। 10 मिनट के बाद उनके फोन पर 10-10 हजार रुपये निकलने का एसएमएस आया। उनको शक है कि आरोपी ने उनके कार्ड का पिन देख लिया था।

# शिविर में सैकड़ों लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दवाई वितरित की



**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**रविवार** को गांव साहुपुरा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन सतवीर डागर द्वारा उनके पिता की पुण्यतिथि के अवसर पर किया गया। शिविर का आयोजन आशा ज्योति विद्यापीठ स्कूल में किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर लाभ लिया।

शिविर में प्रदेश के मंत्री मूलचंद शर्मा व कांग्रेसी नेता करण सिंह दलाल ने भी भाग लिया। शिविर में पहुंचे बुर्जर्ग, महिला, युवाओं व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करके उन्हें मुफ्त दवाई भी वितरित की। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सतबीर डागर ने कहा कि रक्तदान करना सबसे अधिक पुण्य का कार्य है। रक्तदान करने से जहां दान करने वाला स्वस्थ रहता है, वहीं उसके रक्तदान से आगे दूसरे लोगों की जान की सुरक्षा भी होती है।



## संक्षिप्त समाचार

### सिविल अस्पताल में बच्चों के लिए लगाए शिविर



**पलवल।** नागरिक अस्पताल पलवल में स्थित डीईआईसी की ओर से नवंबर माह के दौरान टेढ़े पैर, दृष्टि दोष और दांतों के रोगों से ग्रस्त बच्चों के लिए शिविर लगाए गए। जिसमें आरबीएसके की टीमों द्वारा स्क्रीन किए गए सभी बच्चों को हड्डी रोग विशेषज्ञ, आंखों के रोगों के विशेषज्ञ और दांतों के चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा सुविधाएं मुहैया करवाई गईं। इन शिविरों के माध्यम से लगभग करीब 100 बच्चों की चिकित्सा की गई। डीईआईसी की प्रबंधक साक्षी शर्मा ने बताया कि हर महीने अलग-अलग बीमारी और जन्मजात विकार के लिए तथा दांत के रोगों के लिए डीईआईसी सिविल अस्पताल पलवल में मेडिकल शिविरि आयोजित करता है। डीईआईसी में प्रत्येक सोमवार को क्लब फुट क्लीनिक नागरिक अस्पताल पलवल के एसएमओ डॉ. अजय माम के नेतृत्व और हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संदीप सोनी की देखरेख में लगाया जाता है। जहां फिजियोथेरेपी और प्लास्टर की सुविधा दी जाती है। अनुष्का फाउंडेशन द्वारा ऐसे बच्चों को स्पेशल जूते प्रदान किए जाते हैं। इसके अलावा डीईआईसी में डाउन सिंड्रोम, ऑटिज्म, एडीएचडी, व्यवहार संबंधी समस्याएं तथा विकास में देरी वाले बच्चों को थेरेपी की सुविधा दी जाती है। डीईआईसी के माध्यम से बच्चों को हृदय रोग, रीढ़ की हड्डी पर फोड़ा, कटे होंठ, तालु, कूल्हे की हड्डी का खिसकना आदि बीमारियों के लिए इलाज की सुविधा दी जाती है।

### लावारिस घूमती बच्ची को रेस्क्यू किया

**पलवल।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत रात को दैनिक यात्रियों द्वारा सूचित किया गया कि एक 7/8 साल की बच्ची रेलवे स्टेशन असावटी पर बदहवास हालत में है व अपना नाम पता भी नहीं बता रही है। इस सूचना पर एसआई भीम सिंह चौकी प्रभारी राजकीय रेलवे पुलिस असावटी ने अपनी महिला कर्मचारी हैड कांस्टेबल अनीता देवी के साथ बच्ची जो अपना नाम लक्ष्मी बता रही थी, लेकिन अपना पता सही नहीं बता पा रही थी को रेस्क्यू किया व सिविल अस्पताल पलवल से मेडिकल परीक्षण करवाकर वन स्टॉप सेंटर सिविल अस्पातल पलवल में काउंसलिंग के लिए रखवा दिया है।

### हनीट्रैप में फंसाकर लाखों रुपये और आभूषण ऐंठे

**फरीदाबाद।** सेक्टर-21डी निवासी युवक को बांग्लादेशी युवती ने अपने प्यार के जाल में फंसा लिया और लाखों की नकदी सहित सोने चांदी के आभूषण ऐंठ लिए। इतने पर भी युवती नहीं रुकी, अब वह युवक को अपने साथ बांग्लादेश ले जाना चाहती है। मना करने पर युवक को दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दे रही है। बेटे को युवती के चंगुल से छुड़ाने के लिए अब मां ने कमर कस ली है। युवक की मां ने प्रदेश के गृहमंत्री के दरबार में मामला उठाया। मंत्री के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-21डी निवासी महिला संतोष शर्मा ने पुलिस को बताया कि उनके चार बच्चे हैं। छोटा बेटा यश उर्फ छोटू नोएडा में नौकरी करता है। अप्रैल 2021 में यश की एक बांग्लादेशी युवती फरीदा प्रवीन से दोस्ती हुई थी। आरोप है कि युवती ने अपनी पहचान छिपाकर खुद को हिंदू बताया था। सालभर पहले यश युवती को घर लेकर आया तो पता लगा कि वह बांग्लादेशी है और मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखती है। यहीं से पता चला कि अवैध तरीके से भारत में रह रही है। उसके पास बांग्लादेशी पहचान पत्र भी था। संतोष ने बेटे को युवती से दूर रहने को कहा, लेकिन आरोपी युवती के दबाव में यश ने अपने खाते से लाखों रुपये बांग्लादेशी युवती को दे दिए। घर से सोने के आभूषण भी गायब हैं। यश ने मां को बताया कि आभूषण वापस मांगने पर युवती उसे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी देती है। पीड़िता का कहना है कि उसने 28 फरवरी 2023 को थाने में शिकायत दी थी। आरोप है कि पुलिस ने सही से जांच न करते हुए मामले को रफा दफा कर दिया। मां ने हिम्मत नहीं हारी और प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज से बेटे को बचाने की गुहार लगाई। मंत्री के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक यश ने बताया कि बांग्लादेशी युवती फरीदा प्रवीन अवैध रूप से भारत में आकर रह रही थी। वर्ष 2021 में उसकी युवती से मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों में दोस्ती गहरी हुई। उसका पहचान पत्र मिलने पर पता चला कि वह अवैध रूप से यहां रह रही है।

### एनसीसी कैडेट्स ने ग्रामीणों को किया जागरूक




**पलवल।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर में एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी दिवस मनाया गया। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोनिका देशवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि एनसीसी दिवस मनाते हुए सभी कैडेट्स ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, स्लोगन व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर कर भाग लिया। विद्यालय के आसपास ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश भी दिया व उन्हें जागरूक किया कि किस प्रकार वे आसपास साफ सफाई रखकर विभिन्न प्रकार की बीमारियों से बच सकते हैं। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर गुंजन व वर्षा, द्वितीय स्थान छमा व नंदिनी, तृतीय स्थान तनु व कोमल ने प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा कैडेट्स के कार्यों की सराहना की गई व एनसीसी यूनिट के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजय चावला ने भी सभी कैडेट्स को इसी तरह आगे बढ़ने का संदेश दिया।

### अवैध हथियार सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**पलवल।** पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के नेतृत्व में जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान अवैध हथियार धारकों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच पलवल प्रभारी उप निरीक्षक तेजपाल सिंह की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल सलीम ने सूचना के आधार पर थाना कैंप क्षेत्र अंतर्गत किठवाड़ी चौक से सवारी इंतजार में खड़े अवैध हथियार धारक युवक को अवैध असला के साथ काबू किया। काबू किए गए युवक की तलाशी लेने पर एक देशी कट्टा मिला। बरामद अवैध हथियार को कब्जे में लेकर थाना कैंप में आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से बरामद अवैध हथियार के बारे में गहनता से पूछताछ जारी है। आरोपी को नियमानुसार पेश अदालत किया जाएगा।

### महिला वोट के लिए किया जागरूक




**फरीदाबाद।** राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सराय ख्वाजा फरीदाबाद में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा की अध्यक्षता में वोटर जागरूकता के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। मनचंदा ने असेंबली में 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वाली सभी छात्राओं को बताया कि आप मतदाता के रूप में पंजीकरण करा सकते हैं। आप निर्वाचन क्षेत्र के उस मतदान क्षेत्र के निवासी, जहां आप पंजीकरण कराना चाहते हैं, ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही प्रकार से पंजीकरण करा सकते हैं। फॉर्म संख्या छह भरें, जोकि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और बूथ स्तर अधिकारियों के कार्यालयों में भी उपलब्ध है।

# मोदी की पहल

## वर्चुअल बैठक

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी की पहल पर आयोजित जी20 की वर्चुअल शिखर बैठक पर दुनिया भर की सकारात्मक प्रतिक्रियायें मिली हैं। चीन और कनाडा ने भी इसे सफल बताया है। यदि जी20 के मंच पर भारत की प्रभावशीलता पर कोई संदेह रहा हो अथवा उसके प्रभाव को किसी प्रमाण की आवश्यकता रही हो तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर आयोजित समूह की वर्चुअल बैठक से मिल गया है। इस पहल पर सकारात्मक वैश्विक प्रतिक्रियाओं के साथ ही दो महत्वपूर्ण सदस्यों की प्रतिक्रिया खासकर उत्साहवर्धक है। दुनिया की एक बड़ी शक्ति चीन द्वारा की जाने वाली मोदी की जी20 वर्चुअल बैठक पर प्रतिक्रिया पर सबकी नजरें थी, जिसमें समर्थन तथा रचनात्मक संपर्क के तत्व शामिल हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जलवायु परिवर्तन, सार्वजनिक स्वास्थ्य संकटों तथा आर्थिक अनिश्चितताओं जैसी साझा बाधाओं से पार पाने के लिए सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। चीन ने जी20 के व्यापक एजेंडे में बहुपक्षीयता पर भी जोर दिया जिसका उद्देश्य साझा मुद्दों पर वैश्विक सहयोग को बढ़ावा देना है। लेकिन विश्लेषक इसमें संवेदनशील राजनयिक आयाम देखते हैं। दोनों देश अपने रणनीतिक हितों को देखते हुए सहयोग की भावना से संतुलन बनाए रखना चाहते हैं। इसी प्रकार बहुपक्षीयता व अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लंबे समय से पैरोकार रहे कनाडा ने भी सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने चर्चाओं की समावेशी प्रकृति की प्रशंसा करते हुए सामूहिक कार्रवाई के महत्व पर जोर दिया। वर्चुअल बैठक में कनाडा ने खासकर जलवायु परिवर्तन पर ध्यान केन्द्रित किया। कनाडा के नेता ने वैश्विक स्वास्थ्य, आर्थिक असमानता तथा डिजिटल परिवर्तन संबंधी मुद्दों को संबोधित करने का महत्व रेखांकित किया



जो व्यापक जी20 थीम का हिस्सा हैं। यह वास्तव में कनाडा के प्रधानमंत्री का स्वागत योग्य नजरिया है।

फिलहाल भारत के बहुत निकट न रहे इन देशों की प्रतिक्रिया से सुरक्षित रूप से बैठक की सफलता का अनुमान लगाया जा सकता है। समय आ गया है कि अपने हितों के मामलों में परस्पर विरोधी देश भी वैश्विक सहयोग का महत्व समझें क्योंकि ऐसा न होना हमारे ग्रह के लिए विनाशकारी हो सकता है। सारी मानवता के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को संकुचित राष्ट्रीय हितों के लिए प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। चीन और कनाडा ने जी20 वर्चुअल बैठक की इस पहल का स्वागत किया है, पर इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि भू-राजनीतिक गतिशीलता तथा रणनीतिक हितों से उनकी प्रतिक्रिया प्रभावित होती है। चीन द्वारा वैश्विक स्तर पर सामूहिक कार्य का महत्व स्वीकार करना तथा उस पर जमीनी क्रियान्वयन भारत व अन्य जी20 देशों के साथ उसकी वर्तमान प्रतिद्वंद्विता से प्रभावित होता है। दूसरी ओर कनाडा द्वारा जोश के साथ जी20 लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता अंतरराष्ट्रीय सहयोग की उसकी इच्छा प्रकट करता है जो साझा मूल्यों व समस्याओं के वैश्विक-समाधान पर केन्द्रित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जी20 वर्चुअल बैठक ने दुनिया भर से प्रतिक्रियायें प्राप्त की हैं। वर्तमान दुनिया अनेक चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में जी20 अंतरराष्ट्रीय सहयोग का महत्वपूर्ण मंच बना हुआ है। चीन और कनाडा की प्रतिक्रियाओं पर गौर करने से महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। इससे पता चलता है कि वैश्विक राजनय तथा विश्व मंच पर राष्ट्रीय हितों का टकराव जटिल रूप से कैसा परिदृश्य पैदा करता है।

# बांग्लादेश में लोकतंत्र की स्थिति

**बांग्लादेश में जनवरी में चुनाव में शेख हसीना पांचवां कार्यकाल पाने का प्रयास कर रही हैं। वे अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए विपक्षी दलों पर प्रहार कर रही हैं।**

**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)





वैश्विक राजनीति में 'लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित' शब्द प्रतीक बन गए हैं। एक बार सत्ता में आने के बाद नेता लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर काम करने के बजाय तानाशाहों जैसा व्यवहार करने लगते हैं। इन नेताओं के लिए स्वतंत्र व न्यायोचित चुनाव अपनी सार्वजनिक छवि बनाने तथा तानाशाही सोच छिपाने का काम करते हैं। अनेक अन्य देशों की तरह बांग्लादेश में लोकतांत्रिक मूल्यों का क्षरण एक निराशाजनक तस्वीर पेश करते हैं क्योंकि इस देश में निर्मम नरसंहार तथा प्राकृतिक विभीषिकाओं की काली छाया लोगों के दिमाग पर बनी हुई है। बांग्लादेश में 7 जनवरी को होने वाले संसदीय चुनाव इस विमर्श में एक महत्वपूर्ण अध्याय हैं। इस देश में सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रही शेख हसीना पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव लड़ रही हैं, जबकि विपक्ष निष्पक्ष चुनाव के लिए उनके इस्तीफे की मांग कर रहा है।

वर्तमान समय में मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी-बीएनपी के सैकड़ों सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई चल रही है। एक ही दिन में 112 कथित विद्रोहियों को सजा दी गई है जो न्यायपालिका की अति-सक्रियता प्रदर्शित करती है। कुछ दोषसिद्ध लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि अनेक अन्य सालों से गायब हैं। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को घर में नजरबंद रखा गया है और उनको इलाज कराने की भी स्वतंत्रता नहीं है। कानून-व्यवस्था की मशीनरी ने बीएनपी के 10,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनको जमानत विरले ही मिलती है और सुनवाई से पूर्व हिरासत अनिश्चित काल तक बढ़ती रहती है। शेख हसीना ने जोर दिया है कि विदेश में इलाज कराने से पहले खालिदा जिया को अवश्य ही वापस जेल जाना होगा। शेख हसीना पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव मैदान में हैं जिससे उनकी पूर्व घोषणायें निरर्थक सिद्ध हो गई हैं कि वे सत्ता की लालची नहीं हैं। इस प्रकार बांग्लादेश में लोकतांत्रिक ढांचे पर बहुत दबाव है।

लेकिन इस राजनीतिक परिदृश्य में बांग्लादेश में शेख हसीना के नेतृत्व में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति, सामाजिक विकास तथा ढांचागत परियोजनाओं में आमूल परिवर्तन हुआ है। 'डिजिटल बांग्लादेश' पहल में महिला सशक्तीकरण को महत्व दिया गया है। उन्होंने शानदार राजनयिक प्रयासों से बहुआयामी दृष्टिकोण को महत्व दिया है। लेकिन इन उपलब्धियों के साथ ही राजनीतिक ध्रुवीकरण तथा अशांति फैली हुई है जिससे बांग्लादेश में लोकतंत्र का आलोचनात्मक परीक्षण जरूरी हो गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक विरोधाभास दिखता है। बांग्लादेश के वस्त्रों के प्रमुख खरीदार अमेरिका ने वहां लोकतंत्र बनाए रखने पर जोर दिया है, लेकिन उसकी ऐतिहासिक कार्रवाइयां इसके विपरीत रही हैं। अमेरिकी विदेश सचिव के रूप में हेनरी कीसिंजर ने बांग्लादेश को 'बाटमलेस बास्केट' कहा था। लेकिन स्वयं को लोकतंत्र और मानवाधिकार का पैरोकार घोषित करने वाले अमेरिका ने पाकिस्तान का समर्थन किया था। इस प्रकार अमेरिकी विदेश नीति में व्याप्त राजनयिक विरोधाभास स्पष्ट होता है।

अमेरिका ने अपने क्षेत्रीय पड़ोसियों के प्रति संकुचित दृष्टिकोण अपनाया है तथा चिली जैसे देशों में हस्तक्षेप कर राष्ट्रपति सल्वाडोर अलेन्दे की सरकार गिराने का प्रयास किया। सीआईए ने अलेन्दे-विरोधी प्रचार में काफी निवेश किया था। कीसिंजर ने चीन से समझौता कर सारी नैतिकता को ताक पर रख दिया था। इस परोक्ष गठबंधन का लाभ पाकिस्तानी नेताओं ने उठाया और अमेरिका पर अडिग विश्वास व्यक्त किया। पूर्वी पाकिस्तान में नरसंहार की पूरी जानकारी के बावजूद अमेरिका ने राजनीतिक लाभ के लिए मानवाधिकारों की घोर अनदेखी की। विकल्पों के अभाव में पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने भारत और सोवियत संघ में शरण ली। लेकिन विडंबना है कि एक समय द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद सबसे बड़े नरसंहार की अनदेखी करने वाला अमेरिका अब बांग्लादेश बनने के 52 साल बाद वहां लोकतंत्र बहाली की मांग दुहरा रहा है।

1947 के पहले से ही बंगाली राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की अनदेखी के साथ अनेक ऐतिहासिक अन्याय भी हुए। बंगालियों की लगातार अनदेखी ने सवतंत्रता के बाद उनमें भारी निराशा पैदा की जो बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की त्रासद हत्या तथा सालों तक चली सैनिक तानाशाही से और गंभीर हो गए। शेख हसीना के नेतृत्व में रास्ता ठीक करने के प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश का लोकतांत्रिक रास्ता अभी जन्म के समय उसकी उम्मीदों से भटक गया लगता है। 1971 में मुक्ति संग्राम से जन्मे बांग्लादेश ने शुरुआत में भाषाई राष्ट्रवाद और लोकतंत्र का रास्ता अपनाया। लेकिन हसीना के उभार के बाद उसके एक समय शानदार रहे लोकतांत्रिक आदर्शों पर काली छाया मंडराने लगी। बांग्लादेश में 1972 के संविधान ने एक संसद को जन्म दिया था जिसमें 'प्रभुत्वशाली कार्यपालिका तथा निचले दर्जे वाली विधायिका' थी। असाधारण लोकप्रियता की लहर पर सवार शेख मुजीबुर रहमान ने पार्टी, संसद तथा सरकार प्रमुख के रूप में असाधारण शक्तियां प्राप्त कर लीं। मजबूत विपक्ष के अभाव में उनका प्रभुत्व और मजबूत हुआ क्योंकि संसद में उस समय केवल दो विपक्षी नेता थे।


एक आश्चर्यजनक घटनाक्रम में 1974 में मुजीबुर रहमान ने पार्टी अध्यक्ष का पद एएचएम कमरुज्जमा को सौंप दिया। अवामी लीग के प्रचंड बहुमत वाली संसद ने जनवरी, 1975 में चौथे संशोधन के माध्यम से एक-पार्टी शासन के पक्ष में राय दी। इस संविधान संशोधन से राष्ट्रपति को कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका पर वर्चस्व प्राप्त हो गया और एक सर्व-शक्तिशाली राष्ट्रपति व्यवस्था तैयार हुई। अगस्त, 1975 में शेख मुजीबुर रहमान की दु:खद हत्या हो गई और इसके बाद बांग्लादेश में लंबे समय तक सैनिक शासन रहा। 1991 के राष्ट्रीय चुनावों में हुए परिवर्तन ने बीएनपी को सत्ता में ला दिया और बारहवें संशोधन के माध्यम से सरकार का संसदीय स्वरूप पुनर्जीवित कर दिया। इस प्रकार कार्यपालिका की शक्तियां प्रधानमंत्री को मिल गईं तथा राष्ट्रपति को संवैधानिक प्रमुख बना दिया गया। लेकिन प्रधानमंत्री की बेलगाम शक्तियों पर सवाल उठते रहे और अक्सर उसे 'स्वेच्छाचारी' तथा 'राष्ट्रपतीय प्रधानमंत्री' कहा गया। लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की इस विकृति से सत्ता केन्द्रित हो गई जिसके व्यापक परिणाम सामने आए। एक समय शेख मुजीबुर रहमान की कल्पना वाला 'महान बांग्लादेश' बेलगाम शक्तियों वाले शासक के राज्य में बदल गया। यह एक समय परिकल्पित लोकतांत्रिक सिद्धान्तों के बिल्कुल विपरीत था।

एक और चुनाव के मुहाने पर खड़े बांग्लादेश में शेख हसीना के संभावित पांचवें कार्यकाल की छाया प्रशासन पर स्पष्ट दिख रही है। एक समय लोकतांत्रिक सिद्धान्तों की आशा की किरण समझा जाने वाला बांग्लादेश आज बेलगाम शक्ति वाले राजनीतिक क्षेत्र के रूप में दिख रहा है। चुनाव का नतीजा ऐसी विरासत को जन्म दे सकता है जिसमें अधिकारों का केन्द्रीकरण उन लोकतांत्रिक आदर्शों के रास्ते में बाधा बन सकता है जिसके लिए बांग्लादेश का जन्म हुआ था और उसने स्वतंत्रता के लिए कठोर संघर्ष किया था। उसकी चुनौतियां बैलट बाक्स से आगे जाती हैं। पूर्व कार्यकालों में 'नियंत्रण और संतुलन' कमजोर हुआ है। इसके और गहराने तथा लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर हमले की आशंका बढ़ जाती है।

बांग्लादेश को लोकतांत्रिक महत्वाकांक्षाओं पर वापस लाने के लिए संतुलन बनाने के साथ ऐसा परिवेश बनाने की आवश्यकता है जहां विविधतापूर्ण स्वर न केवल सुने जाएं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण में उनका सक्रिय योगदान सुनिश्चित किया जाए। यदि प्रधानमंत्री शेख हसीना को पांचवां कार्यकाल मिल जाता है तो यह उनके लिए परिवर्तन का एक अवसर होगा जिससे वे उन लोकतांत्रिक सिद्धान्तों पर वापस लौट सकती हैं जिनके आधार पर मुक्ति संघर्ष के बाद बांग्लादेश का उदय हुआ था।

# सनातन के अविरल प्रकाश पुंज गुरु नानक


**डॉ. विकास नौटियाल**
(लेखक, इतिहास के प्रोफेसर हैं)



आज से लगभग 500 वर्ष पूर्व गुरु नानक के नेतृत्व में सनातन विचारधारा की पृष्ठभूमि में पश्चिमोत्तर भारत के तलवंडी में जिस निर्गुण जनांदोलन का उत्कर्ष हुआ, वही सिख मार्ग (सिखी) के रूप में विकसित हुआ। नानक के इस प्रकाश पुंज के रूप को ही सतगुरु नानक परगटेया मिटी धुंध जग चानण होया... के रूप में विवेचित कर गुरुपर्व एवं प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। उनकी प्रकाश किरणें भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर अरबी प्रायद्वीप तक धर्मयात्राओं, उदासियों के माध्यम से प्रसारित हुई। गुरु नानक ने एक ओंकार यानी एकेश्वरवाद पर बल देते हुए उसे ही सतनाम बताया। इस एक ओंकार को ही उन्होंने शाश्वत बताया। आम जनजीवन में गुरु नानक ने उस एक ओंकार को राम, गोविंद, हरि, मुरारी, रब, रहीम जैसे नामों से पुकारा। उनका कहना था कि मानव को काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहं से दूर रहकर सेवा, लंगर, पंगत, संगत, महिला सम्मान, भ्रातृत्व के अंतर्गत आचरण करना चाहिए।

ऐतिहासिक रूप से गुरु नानक उन संतों में संभवत एकमात्र रहे जिन्होंने बाबर जैसे आक्रांता द्वारा भारत में निर्दोषों की हत्या, महिलाओं के साथ व्यापक दुर्व्यवहार जैसे अत्याचारों का अपनी रचना बाबरवाणी में स्पष्ट उल्लेख किया है। उन्होंने इन अत्याचारों के विरुद्ध अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बाबर के पंजाब पर तीसरे आक्रमण की निंदा की। प्राचीन भारत की संस्कृति के अंतर्गत विकसित गुरु-शिष्य परंपरा के संशोधित रूप को गुरु नानक ने अपनाया। संस्कृत में मूलत: ष शब्द आता है किंतु पंजाब सहित अनेक भारतीय भू भागों में में इसका उच्चारण ख के रूप में किया जाता रहा है। इसी क्रम में नानक के शिष्यों से संबंधित शिष्य शब्दावली सिख में रूपांतरित हो गई और गुरु नानक के शिष्यों को सिख कहा जाने लगा। मूलत: सनातनी होते हुए भी नानक ने सनातन के अंतर्गत विकसित होने वाले अनावश्यक एवं रूढ़िवादी कर्मकांडों का भारी विरोध किया। वस्तुत: बालकाल से ही नानक में साधुवृत्ति थी, वे जन्मजात वैरागी भक्त एवं ज्ञानी थे। जब आठ वर्ष की आयु में उनका यज्ञोपवीत संस्कार होने वाला था, उन्होंने पुरोहित से कहा कि मेरे लिए जनेऊ धारण के इस यज्ञोपवीत संस्कार में ऐसा जनेऊ बनाओ जो दया की कपास तथा संतोष के धागे का बना हो एवं उस पर सत्य की गांठ लगी हो।

भारतीय उपमहाद्वीप में भक्ति आंदोलन के अग्रज के रूप में गुरु नानक ने प्रेम भक्ति को महत्व दिया। जिसका आशय कर्ता यानी ईश्वर द्वारा बनाए गए प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम करना बताया गया। गुरु ग्रंथ साहब की मूल वाणी मानव कल्याण के लिए रचित अमृतमयी वाणी है। इस वाणी में सनातन मूल्यों को वैज्ञानिक एवं मनोहारी रूप से विवेचित किया गया है। गुरु नानक द्वारा रचित सुखमणि साहब में ब्रह्मज्ञान का गहन विवेचन मिलता है। इसके जप का उद्देश्य मनोवैज्ञानिक रूप से पतंजलि के योग के समान चित्त को शांत करने से संबंधित है। इसमें श्रीमद्भगवद्गीता के सार का रूप भी देखा जा सकता है। गुरु की वाणी को 1604 में गुरु अर्जुन देव द्वारा संग्रहित किया गया एवं बाद में गुरु गोविंद सिंह द्वारा इसे पूर्ण किया गया। जिसमें गुरु नानक, गुरु अंगद, गुरु अमरदास, गुरु रामदास, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेग बहादुर, गुरु गोविंद सिंह की स्तुतियां सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त बाबा फरीद, कबीर, नामदेव, धन्ना, पीपा, रामानंद, मर्दाना, बलवंत जैसे भक्तों एवं संतों की वाणियां भी गुरु ग्रंथ साहिब में संकलित हैं। 1699 में दसवें गुरु गोविंद सिंह द्वारा सिखों के बंधुत्व पर बल देते हुए खंडे बांटे पाहुल संस्कार के



आधार पर खालसा की अवधारणा का विकास किया गया।गुरु नानक एवं उनके सिखों ने संसार के लोगों को मनमुख से गुरुमुख बनाने का कार्य किया। मनमुख से गुरुमुख होने का तात्पर्य स्वार्थ केंद्रित व्यक्ति से मानव को दयालु, विनम्र, सेवाभावी, धर्मनिष्ठ व्यक्ति के रूप में रूपांतरण करना बताया गया। जहां भी धर्म की हानि हुई, अन्याय हुआ, इसके खिलाफ गुरु नानक से लेकर बाद के गुरुओं ने आवाज उठाई। गुरु नानक ने बाहरी कर्मकांड एवं समस्त पाखंडों का विरोध करते हुए यह कहा कि सिख अन्याय, अत्याचार एवं अधर्म के खिलाफ शरीर का बलिदान करने को भी तैयार रहें। इसी पृष्ठभूमि में सिख अत्याचार के प्रतिकार करने वालों के रूप में उभरे। संभवत इसी कारण सिख समाज भारत में आत्मबलिदान करने वालों में सदैव अग्रणी माना जाता है। गुरु नानक ने सिखों को जो आधार प्रदान किया उसे पांचवें गुरु अर्जुन देव द्वारा गुरु ग्रंथ साहब के रूप में विकसित एवं संकलित कर मूर्त रूप प्रदान किया गया। इसके उपरांत दसवें गुरु गोविंद सिंह ने सिखी को एक पूर्ण मार्ग के रूप में विकसित किया। अत्याचारी मुस्लिम शासकों की सत्ता को चुनौती देते हुए गुरु अर्जुन देव एवं गुरु तेग बहादुर ने धर्म संस्थापना के लिए ही अपने प्राणोत्सर्ग कर दिये। गुरु अर्जुन देव के बलिदान के उपरांत ही सिखों का रूपांतरण अत्याचार के विरोध में एक सैन्य शक्ति के रूप में होने लगा। इन्हीं परिस्थितियों के चलते गुरु गोविंद सिंह एवं उनके उपरांत पटना साहेब एवं हजूर साहेब जैसे गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहब के साथ साथ दशम ग्रंथ का पाठ भी होने लगा। 18वीं शताब्दी में सिखों का राजनीतिक आयाम महाराजा रणजीत सिंह के नेतृत्व में एक वृहत्त साम्राज्य के रूप में विकसित हुआ।

गुरु नानक के चिंतन में भारतीय सनातन परंपरा की एक निरंतरता देखी जा सकती है। उपनिषदों के निर्गुण निराकार चिंतन के आधार पर नानक एकेश्वरवादी विचारधारा के रूप एक ओंकार के जप पर बल दिया। उनके सनातन चिंतन की गहनता उन्हीं की वाणी जपुजी साहब में देखी जा सकती है..

आदि सचु जुगादी सचु
है भी सचु नानक होसी भी सचु

जिसका अभिप्राय है कि वह ब्रह्म ही एकमात्र सत्य है। जब कुछ भी नहीं था, तब भी उसकी सत्ता थी। चारों युगों से पूर्व वह सत्य स्वरूप ब्रह्म ही विद्यमान था, आज भी वही है और भविष्य में भी उसी की सत्ता रहेगी। नानक की ये पंक्तियां ऋग्वेद में वर्णित नासदीय सूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त की ही भावना को व्यक्त करती हैं। गुरु नानक ने पूर्णत: संन्यास के स्थान पर गृहस्थ जीवन पर अधिक बल दिया। इसलिए उनका मार्ग गृहस्थ धर्म का मार्ग कहलाया। महाभारत में भी गृहस्थाश्रम के धर्म को सर्वाधिक महत्वपूर्ण एवं सभी आश्रमों का स्रोत माना गया है। इस प्रकार गुरु नानक एवं उनके जीवन का उद्देश्य सनातन चिंतन के अंतर्गत वैदिक संस्कृति में वर्णित मानव समाज का उत्थान था, जिसे उन्होंने अपने मौलिक चिंतन द्वारा मोक्ष प्राप्ति एवं लोक कल्याण के निमित्त मार्ग सेवा धर्म-सिखी में रूपांतरित कर दिया।

## आप की बात

### आतंकवाद का प्रकोप

**कश्मीर** में राजौरी और अन्य क्षेत्रों में आए दिन आतंकियों के छुपने की सूचना मिलने पर सर्च के दौरान मुठभेड़ में आतंकियों को सुरक्षा बल मौत के घाट उतारते रहे हैं। हालांकि पिछले सालों में आतंकवाद की घटनाओं पर काफी सीमा तक रोक लगी है तथा अनेक आतंकियों का सफाया किया गया है, लेकिन इसके बावजूद आतंकवाद का प्रकोप जारी है। इसका कारण कुछ स्थानीय लोगों द्वारा आतंकियों का समर्थन है। हाल ही में पता चला कि दो खूंखार आतंकी एक वर्ष से राजौरी क्षेत्र में रह रहे थे जिन्हें स्थानीय स्तर पर पनाह मिल रही थी। इसकी सूचना वहां के एक चरवाहे ने दी थी। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि आतंकियों के खिलाफ जनता में लगातार जन-जागरूकता पैदा करने के साथ ही आतंकियों की सूचना देने वालों को समुचित सुरक्षा, सम्मान व पुरस्कार देने की जरूरत है। आतंकवाद के प्रकोप से निपटने के लिए सुरक्षा एजेंसियों व खासकर स्थानीय पुलिस को अपना मुखबिर तंत्र मजबूत करने की जरूरत है। आतंकियों को छुपाने या उनकी सहायता करने वाले स्थानीय तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी भारतीय नागरिक ऐसा करने के बारे में सपने में भी न सोचे।

– **बीएल शर्मा,** उज्जैन

### एलोपैथी बनाम आयुर्वेद

**एलोपैथी बनाम आयुर्वेद** को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा बाबा रामदेव को चेतावनी भले ही न्यायिक रूप से उचित हो, पर चीजों को व्यापक परिदृश्य में देखने की जरूरत है। एलोपैथी दवाइयों के निर्माण से लेकर उनके व्यापार तथा आम मरीजों तक पहुंचने में इसकी कीमत सैकड़ों या हजारों गुना बढ़ जाती है। इसके साथ ही एलोपैथी दवाइयों के घातक साइड इफेक्ट्स के बारे में डॉक्टर मरीजों को पूरी जानकारी नहीं देते। दुर्भाग्य से एलोपैथी दवायें खाने को मजबूर लोग जानते हैं कि इनकी भयानक आदत पड़ जाती है, जबकि आयुर्वेदिक दवाओं के साथ आमतौर से ऐसा बिल्कुल नहीं है। इसके साथ ही एलोपैथी विशेषज्ञों के चक्कर में फंसा मरीज धीरे-धीरे कई प्रकार की दवायें खाते-खाते खुद दवाखाना बन जाता है। हालांकि, अतीत की तुलना में आयुर्वेद का भी व्यापारीकरण हुआ है, पर यह अब भी आम लोगों के ज्यादा निकट है। आयुर्वेद के साथ यदि प्राकृतिक चिकित्सा, खान-पान व जीवनशैली तथा योग व पर्यावरण संरक्षण को जोड़ दिया जाए तो यह एलोपैथी की तुलना में न केवल भारत, बल्कि सारी दुनिया के लिए अत्यधिक कल्याणकारी सिद्ध होगी।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### भारत-विरोधी तत्व

**खालिस्तान-समर्थक** गुरु पतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या प्रयास के मुद्दे पर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत हुई। इसके बाद दोनों देश मिलकर इस मसले का हल निकालने में जुटे हुए हैं। विडंबना है कि कनाडा,अमेरिका या चीन जैसे देश भारत पर दबाव बनाने के लिए भारत-विरोधी अतिवादियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रश्रय देते रहते हैं। वे भारत से सभी मानवाधिकारों की रक्षा की उम्मीद करते हैं, मगर खुद अपनी धरती पर रहकर भारत-विरोधी गतिविधियों व खुलेआम भारत-विरोधी बयानबाजी करने वालों के प्रति आंखें मूंदे रहते हैं। कनाडा तो एक प्रकार से खालिस्तानियों का मुख्यालय बना हुआ है। और वहां भारत-विरोधी गतिविधियां बढ़ गई है। फिर भी भारत मामले को अधिक तूल नहीं देते हुए कनाडा से भी संबंध सामान्य बनाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन स्थाई मित्रता के लिए सभी देशों को किसी अन्य देश के विरुद्ध गतिविधियां चलाने के लिए अपनी धरती का उपयोग नहीं करने देना चाहिए। ऐसा होने पर ही आतंकी व विघटनकारी तत्वों पर सारी दुनिया में लगाम लगाना संभव हो सकेगा।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### नेताओं की जुबान

**चुनाव प्रचार** के समय अक्सर नेताओं की जुबान फिसल जाती है या जानबूझकर विवादित टिप्पणी की जाती है ताकि सुर्खियों में बने रहें। वोट की राजनीति के लिए नेता एक दूसरे का तमाशा बनाने और नीचा दिखाने की कोशिश करते हैं जो उचित नहीं कहा जा सकता है। इसमें कोई शक नहीं कि भारत का लोकतंत्र परिपक्व है और उसकी जड़े मजबूत हो चुकी हैं, लेकिन राजनेताओं की परिपक्वता चुनाव के समय नज़र नहीं आती हैं । कांग्रेस के नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने देश के प्रधानमंत्री के संदर्भ में पनौती शब्द का प्रयोग किया है जिसको किसी भी तरह उचित नहीं कहा जा सकता। देश के प्रधानमंत्री के लिए इस तरह के शब्दों का प्रयोग प्रधानमंत्री पद की गरिमा भी गिराने की तरह है। हालांकि, चुनाव आयोग ने भी इस पर राहुल गांधी को नोटिस भेज कर जवाब तलब किया है। लेकिन मामला केवल राहुल गांधी का ही नहीं है, यह बीमारी कमोबेश सभी पार्टियों में फैली हुई है। इस प्रकार की बयानबाजी से जनता के असली जमीनी मुद्दे चुनावी चर्चा से पूरी तरह गायब हो जाते हैं।

– **वीरेन्द्र कुमार जाटव,** दिल्ली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
पर भी भेज सकते है।

## देव दीपावली आज

# 12 लाख दीपों से जगमगाएंगे काशी के घाट

- 70 देशों के राजदूत व 150 विदेशी डेलिगेट्स भी देखेंगे अलौकिक नजारा
- मुख्यमंत्री योगी करेंगे मेहमानों का स्वागत, दशाश्वमेध घाट की महाआरती में राम भक्ति और राष्ट्रवाद की दिखेगी झलक



**लखनऊ/वाराणसी।** काशी के अर्धचंद्राकार घाटों पर जब दीपों की माला पहने हुए मां गंगा का श्रृंगार होता है तो अद्भुत छठा होती है। ऐसा लगता है कि आसमां से तारे जमीन पर उतर आए हैं। इस अलौकिक दृश्य को देखने बड़ी संख्या में भारतीय और विदेशी मेहमान यहां आते हैं। ये नजारा 27 नवंबर सोमवार को दिखेगा, जब खुद भगवान देव दीपावली मनाने स्वर्ग से काशी के घाटों पर उतरेंगे। योगी सरकार देव दीपावली को भव्य बनाने के लिए 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी। इनमें एक लाख दीप गाय के गोबर के बने होंगे। साफ़ सफाई करके तिरंगा स्पायरल लाइटिंग से शहर व घाट सजाए गए हैं। देव दीपावली पर 8 से 9 लाख पर्यटकों के आने का अनुमान है। सुरक्षा के भी कड़े इंतज़ाम किये जा रहे हैं। इस बार देव दीपावली देखने के लिए 70 देशों के राजदूतए डेलीगेट्स और परिवार के लोग आ रहे है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में मेहमान देव दीपावली देखेंगे।

उत्तरवाहिनी गंगा के तट पर 85 घाटों की श्रृंखला पर इस साल योगी सरकार की ओर से 12 लाख और जन सहभागिता से मिलकर कुल लगभग 21 लाख से अधिक दीप काशीवासी घाटोंए कुंडों, तालाबों और सरोवरों पर जलाए जाएंगे। गंगा पार रेत पर भी दीपक रोशन होंगे। काशी के घाटों की इस अद्भुत दृश्य को देखने देश विदेश से पर्यटक काशी आते हैं। काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद पर्यटकों की रिकॉर्ड आमद हुई है। देव दीपावली पर होटल, गेस्ट हाउस, नावए बजड़ा, बोट व क्रूज़ लगभग पहले से बुक व्‌ फुल हो गए हैं। योगी सरकार चेत सिंह घाट पर लेजर शो कराएगी। काशी के घाटों के किनारे सदियों से खड़ी ऐतिहासिक इमारतों पर धर्म की कहानी लेज़र शो के माध्यम से जीवंत होती दिखेगी। पर्यटक गंगा पार रेत पर शिव के भजनों के साथ क्रैकर्स शो का भी आनंद ले सकेंगे। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर को विशाखापट्टनम के एक भक्त द्वारा 11 टन फूलों से सजाया जा रहा है। गंगा द्वार पर लेज़र शो के माध्यम से श्री काशी विश्वनाथ धाम पर आधरित काशी का महत्व और कॉरिडोर के निर्माण संबंधित जानकारी लेज़र शो के माध्यम से दिखाई जाएगी।

देव दीपावली विश्व विख्यात हो चुकी है। इसे देखने विश्व भर के पर्यटक आते हैं। रंगोलीए फसाड लाइट व झालरों से सजावट किया गया है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतज़ाम रहेगा। ड्रोन उड़ान पर पूरी तरह ऱोक लगा दी गई हैए जिले की सीमा पर भी चौकसी बरती जाएगी। घाटों पर वाच टावर से निगरानी रखी जाएगी। पर्यटकों की भारी संख्या को देखते हुए अस्पतालों में बेड रिज़र्व कर चिकित्सकों की टीम को अलर्ट रखा गया है। गंगा में फ्लोटिंग डिवाइडर बनाए जाएंगे। नाविकों को निर्धारित पर्यटकों को बैठाने व लाइफ जैकेट पहनने की हिदायत दी गई है। एनडीआरएफ की 8 टीमों को विभिन्न घाटों पर बचाव उपकरणोंए मेडिकल टीम श्वाटर एम्बुलेंसश् के साथ विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं के नि:शुल्क उपचार हेतु रहेगी। जल पुलिस के जवान गंगा में तैनात रहेंगे। श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भारी भीड़ के अनुमान से ट्रैफिक डायवर्जन व पार्किंग सुनिश्चित कर दिया गया है।

विश्वविख्यात देवदीपावली पर साक्षी बनने के लिए 70 देशों के राजदूत काशी आएंगे। इनके साथ ही 150 विदेशी डेलीगेट्स और परिजन भी देव दीपावली का दिव्य नजारा देखेंगे। मुख्यमंत्री योगी इनका स्वागत करेंगे। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सभी मेहमान देव दीपावली के अविस्मरणीय पलों के साक्षी बनेंगे। मेहमान दोपहर बाद एयरपोर्ट से नमो घाट आएंगे। यहां से क्रूज़ पर सवार होकर देव दीपावली के भव्य नज़ारे को कैद करेंगे। भारतीय परंपरानुसार एयरपोर्ट पर मेहमानों का स्वागत होगा । वहीं एयरपोर्ट समेत विभिन्न स्थानों पर लोक कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत करेंगे। स्वागत के लिए रास्तों और चौराहों को सजाया जा रहा है। विदेशी मेहमान लेज़र और क्रैकर शो का भी लुफ्त उठाएंगे। क्रूज़ पर मेहमान बनारसी खानपान और कुल्हड़ वाली चाय की भी चुस्की लेंगे।

आध्यात्मिकता के साथ राष्ट्रवाद व सामाजिकता की भी झलक देव दीपावली में दिखेगी। दशाश्वमेध घाट की आरती रामलला को समर्पित होगी। यहां रामलला व राम मंदिर की झलक मिलेगी। दशाश्वमेध घाट पर गंगा सेवा निधि द्वारा अमर जवान ज्योति की अनुकृति को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भारत के अमर वीर योद्धाओं को श्भगीरथ शौर्य सम्मानश् से सम्मानित भी किया जाता है। 21 अर्चक व 51 देव कन्याएं रिद्धि सिद्धि के रूप में दशाश्वमेध घाट पर महाआरती करेंगीए जो नारी शक्ति का भी संदेश देंगी। घाटों पर छत्रपति शिवजी महाराज के चित्रों के जरिए संदेश देंगी तो वहीं गुरुनानक देव की जयंती प्रकाश उत्सव पर उनसे चित्रों का प्रदर्शन दिखेगा।

दीपावली के 15 दिन बाद कार्तिक पूर्णिमा पर देवताओं की दीपावली होती है। ऐसी मान्यता है कि इस पर्व को मनाने के लिए देवता स्वर्ग से काशी के पावन गंगा घाटों पर अदृश्य रूप में अवतरित होते हैं और महाआरती में शामिल श्रद्धालुओं के मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। ये पर्व काशी की प्राचीन संस्कृति का खास अंग है। देव दीपावली का वर्णन शिव पुराण में मिलता है कि जब कार्तिक मास में त्रिपुरासुर नामक राक्षस ने देवताओं पर अत्याचार शुरू किया और उनको मारने लगा तब भगवान विष्णु ने इस क्रूर राक्षस का वध इसी दिन किया था और देवताओं ने दीपावली मनाई थी द्य वहीं ऐसी भी मान्यता है कि काशी नरेश ने अपने शहीद सैनिकों के लिए घाटों पर दीप प्रज्ज्वलन की प्रथा शुरू की थी। घाटों पर गंगा की महाआरती में लोग मानों आस्था के समुंद्र में गोते लगाते हैं। पंच गंगा घाट से शुरू हुई देव दीपावली का दीप आज काशी के सभी घाटों पर जगमगाने लगी है। कार्तिक मास के इस दिन दीप दान करने से पूर्वजों को तो मुक्ति मिलती है और साथ में ही दीपदान करने वाले श्रद्धालु को भी मोक्ष का मार्ग मिलता है। कार्तिक मास को भगवान विष्णु की आराधना का माना जाता हैए लेकिन भगवान शिव को विष्णु और मां गंगा अति प्रिय हैं। काशी शिव की नगरी कहलाती है, इसलिए इस महाआरती के दिन लाखों श्रद्धालु इस अलौकिक पल का हिस्सा बनना चाहते हैं।

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने कार्तिक पूर्णिमा पर दी शुभकामनाएं



**लखनऊ।** राज्यपाल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु नानक जयन्ती व कार्तिक पूर्णिमा पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने 27 नवंबर को गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति में गुरूओं को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान प्राप्त है। गुरु हमें जीवन के मार्ग पर सही दिशा प्रदान करता है, हमें एक संस्कारवान, सभ्य, शिक्षित एवं विवेकशील नागरिक बनाता है, जिससे हम समाज में अपनी भूमिका का निर्वहन करते हैं। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि यह शिष्यों का कर्तव्य है कि वह गुरु के दिए ज्ञान का उपयोग करके प्रगति मार्ग पर उन्नयन प्राप्त करें। जारी एक सन्देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के सर्व धर्म समभाव एवं सामाजिक सद्भाव के सन्देश में सम्पूर्ण मानवता का कल्याण निहित है।

उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव ने आडम्बरों और अंधविश्वासों का प्रतिकार करके समाज को नई दिशा प्रदान की। जारी एक शुभकामना सन्देश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है। भगवान विष्णु ने इसी दिन मत्स्य अवतार लेकर प्रलय के अंत तक सप्त ऋषियों एवं वेदों की रक्षा की, जिससे पुन: सृष्टि का निर्माण सम्भव हो सका। इसके साथ ही, भगवान शंकर ने इसी दिन त्रिपुरासुर नामक राक्षस का अंत किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व मानव मात्र को प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है।

# 1300 करोड़ के निवेश का मंच बनेगा गीडा का स्थापना दिवस समारोह

- 800 करोड़ रुपये की निजी निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे मुख्यमंत्री
- 500 करोड़ रुपये के निवेश के लिए नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपेंगे सीएम
- गीडा के महत्वाकांक्षी कालेसर प्रोजेक्ट को भी लांच करेंगे सीएम
- 155 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्यों का होगा शिलान्यास एवं लोकार्पण

**लखनऊ/गोरखपुर।** गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) का 34वां स्थापना दिवस समारोह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सानिध्य में 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच भी बनेगा। इस अवसर पर सीएम गीडा के विभिन्न सेक्टरों में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के 155 करोड़ रुपये के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करने के साथ गीडा के कालेसर व्यावसायिक.आवासीय परियोजना को भी लांच करेंगे। देश के कई बड़े औद्योगिक समूहों के प्रमुख एवं प्रतिनिधि इस समारोह के न केवल साक्षी बनेंगे बल्कि मुख्यमंत्री के साथ बैठक में शामिल होकर निवेश की व्यापक संभावनाओं पर चर्चा भी करेंगे।

30 नवंबर गुरुवार को होने जा रहा गीडा का 34वां स्थापना दिवस समारोह कई मायने में खास होने जा रहा है। मुख्यमंत्री के सुझाव पर यहां पहली बार चार दिवसीय उद्योग व व्यापार की प्रदर्शनी लगाई जाएगी तो साथ ही बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार सृजन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। गीडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ;सीईओद्ध श्रीमती अनुज मलिक बताती हैं कि समारोह में मुख्यमंत्री के हाथों 800 करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। इन परियोजनाओं से 3400 लोगों के लिए रोजगार सृजन भी होगा। ये सभी परियोजनाएं निजी क्षेत्र की हैं।

साथ ही 500 करोड़ रुपये के निवेश और 3000 लोगों के लिए रोजगार सृजन वाली भावी परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री द्वारा उद्यमियों को नए भूखंडों का आवंटन पत्र सौंपा जाएगा।

एसडीएम गीडा अनुपम मिश्रा के मुताबिक गीडा द्वारा अक्टूबर माह में औद्योगिक एवं व्यावसायिक भूखंडों के आवंटन की योजना लाई गई थी। इस योजना में 22 औद्योगिक एवं 21 व्यावसायिक भूखंडों का आवंटन किया गया है।

आवंटन के बाद 500 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित है। आवंटित किए गए भूखंडों में से 10 बड़े निवेशकों को आवंटन पत्र का वितरण गीडा स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा किया जायेगा। इस तरह यह समारोह 1300 करोड़ रुपये के निवेश का मंच बनेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गीडा के अलग.अलग औद्योगिक सेक्टरों में 155 करोड़ रुपये की अवस्थापना विकास परियोजनाओं (सड़क, नाली, पुलिया, बिजली आदि) का शिलान्यास व लोकार्पण भी करेंगे।

### गीडा के सेवा पोर्टल को लांच करेंगे मुख्यमंत्री

गीडा में उद्यमियों को विभिन्न प्रकार की सेवाओं हेतु ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से श्गीडा सेवा पोर्टल का शुभारम्भ योगी आदित्यनाथ, गीडा के स्थापना दिवस पर करेंगे। सीईओ गीडा, अनुज मलिक ने बताया कि गीडा सेवा पोर्टल पर आवंटी अपने अद्यतन भुगतान की धनराशि व देयों की स्थिति ऑनलाइन देख और भुगतान कर सकेंगे।

साथ ही इस पोर्टल पर भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु वांछित प्रपत्रों को संलग्न करते हुए मानचित्र स्वीकृति, भूखंडों के उत्पाद परिवर्तन, इकाई के उत्पादनरत घोषित किये जाने, संविधान परिवर्तन इत्यादि का ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके अलावा आवंटी, गीडा द्वारा विकसित विभिन्न सेक्टरों की समस्याओं को भी प्रस्तुत कर सकेंगे। पोर्टल के माध्यम से प्रत्येक आवंटी को एक विशिष्ट यूजर आईडी एवं पासवर्ड उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके आधार पर उनके द्वारा पोर्टल पर आवेदन किया जायेगा।

### 200 एकड़ में विकसित होगी महत्वाकांक्षी कालेसर परियोजना

गीडा के स्थापना दिवस समारोह में सीएम योगी कालेसर सेक्टर.11 में 200 एकड़ में विकसित होने वाली व्यावसायिक एवं आवासीय परियोजना की लांचिंग भी करेंगे। गीडा की सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि इस परियोजना के पहले चरण में लगभग 80 एकड़ में व्यावसायिक योजना के तहत भूखंडों का विकास किया जायेगा। इसमें 10,000 वर्ग मीटर से लेकर 35,000 वर्ग मीटर तक के 13 भूखंड विभिन्न व्यावसायिक प्रयोजनों हेतु विकसित किए जाएंगे। दूसरे चरण में 120 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर का विकास किया जायेगा। इस योजना को विकसित करने में करीब 250 करोड़ रुपये के अवस्थापना विकास कार्य कराए जाएंगे। इस परियोजना के लिए गीडा द्वारा जमीन का अधिग्रहण आपसी सहमति के आधार पर किया गया है, जिसमें करीब173 करोड़ रुपये का व्यय हुआ है। कालेसर परियोजना गीडा की एक अत्यंत महत्वकांक्षी योजना हैए जो गोरखपुर के जीरो पॉइंट पर स्थित है। इसकी कनेक्टिविटी एनएच 28, कुशीनगर राजमार्ग एवं सोनौली राजमार्ग से है।

## सनातन को समाप्त करने की हैसियत नही है विपक्ष के पास:डॉ. दिनेश शर्मा

**लखनऊ/प्रयागराज।** राज्यसभा सांसद व पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश डा दिनेश शर्मा ने कहा कि सनातन को समाप्त करने हैसियत विपक्षी दलों के पास नहीं है। ऐसे लोगों को पता होना चाहिए कि देश में तमाम आक्रान्ता आए और चले गए पर सनातन कभी समाप्त नहीं हुआ है। यह अफसोसजनक है कि भारत में रहकर यहीं का खाने वाले विपक्षी दलों के लोग देश की सनातन संस्कृति को कोसने का कार्य कर रहे हैं। उसकी तुलना बीमारियों से की जा रही है। सपा के एक नेता तो आए दिन देवी देवताओं का अपमान कर सनातन धर्म के मानने वालों की भावनाओं को आहत कर रहे हैं। ये अंग्रेजो वाली मानसिकता के लोग आज समाज को बांटने का कुचक्र रच रहे हैं जिससे सत्ता पर काबिज हुआ जा सके। प्रयागराज में राष्ट्रीय परशुराम सेना द्वारा आयोजित ब्राह्मण महाकुभ में मुख्य अतिथि के रुप में बोलते हुए डा शर्मा ने कहा कि राष्ट्रविरोधी ताकते हर नकारात्मक विषय में देश में ब्राह्मणवादी बताकर ब्राह्मणों को आरोपित करने का प्रयास करती हैं। ब्राह्मण कोई जाति नहीं है बल्कि वर्ण व्यवस्था में सबसे कठिन कार्य को करने वाला वर्ग था। वह समाज के लिए अपने को समर्पित कर अध्ययन और अध्यापन का कार्य करता था। वह ऐसा त्यागपूर्ण जीवन व्यतीत करता था जिसमें अपने लिए कुछ नहीं है बल्कि सब कुछ समाज के कल्याण के लिए है। यह ऐसा त्यागी समाज रहा है जिसने भारत की सनातन संस्कृति को बचाने के लिए अपना सब कुछ लुटा दिया। इसे देवतुल्य माना गया है क्योंकि यह सदाचारी ए राष्ट्र के लिए समर्पित ए दूसरे के हित चिन्तन के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने व अन्य सभी जातियों के साथ समन्वय स्थापित करने वाला है। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण एक संस्कार है जो अपने को राष्ट्र के लिए समर्पित करता है। यह श्रेष्ठ जीवन जीने का प्रवाह है। इसकी आलोचना करने वाला राष्ट्र का हितैषी नहीं हो सकता है। ब्राह्मण कभी जातिवादी नहीं होता है। पहले के समय में वर्ण व्यवस्था थी उस समय जब भगवान कृष्ण ने गो पालन किया तो वे यदुवंशी कहलाये ए जब गीता का उपदेश दिया तब लोग उन्हें ब्राह्मण स्वरुप में देखने लगे। और जब द्वारिकाधीश हुए जनता का रक्षण का कार्य करने लगे तब वे क्षत्रिय रूप में स्वीकार किये जाने लगेऔर जब उन्होंने समाज की सेवा में अपने को समर्पित किया तो उन्हें शूद्र वर्ण का मानने वाले समय आये। उन्होंने कहा कि जब मुगल आए तो देश पर राज करने के लिए उन्होंने संस्कृति को नष्ट करने के उद्देश्य से सनातन धर्म मानने वालों पर और विशेष तौर पर ब्राह्मणों पर तमाम अत्याचार किए उनके जनेऊ जलाए गए ए शिखा को काटा गया। जिन शास्त्रों को सहेजकर ब्राह्मणों ने रखा था उसे आक्रान्ताओं ने जला दिया। नालन्दा विश्वविद्यालय में आग लगा दी 3 महीने तक शास्त्र और पांडुलिपिया जलती रही तो ब्राह्मणों ने शास्त्रों को कंठस्थ कर लिया तथा उनका फिर से लेखन किया। वह समाज को एकजुट रखने का कार्य करता है। विवाह संस्कार का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि विवाह या मांगलिक कार्यो में ब्राह्मण द्वारा प्रत्येक जाति की भूमिका रखकर समाज के हर वर्ग को जोडा गया है।

## उपभोक्ताओं को उचित दरों पर उप खनिजों की उपलब्धता कराएं: माला श्रीवास्तव

**लखनऊ।** निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव द्वारा रविवार को मुरादाबाद मण्डल एवं बरेली मण्डल के खनन अधिकारियों, तथा एडीएम मुरादाबाद सत्यम मिश्र, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक मुरादाबाद, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन एवं वन विभाग के अधिकारी सहित निदेशालय के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस मुरादाबाद में खनन से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान उपखनिजों का बाजार मूल्य न्यूनतम रखने का निर्देश दिया गया जिससे आम आदमी को सस्ती दरों पर आसानी से खनिज उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने निर्देश दिए अवैध खनन व अवैध खनन परिवहन किसी भी दशा में नहीं होना चाहिए, इसके लिए सघन चेकिंग की जाय और खननध्खनन परिवहन कार्यों पर पैनी नजर रखी जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही या हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। यह भी निर्देश दिये गये कि नये क्षेत्रों को चिन्हित कर जनहित में अधिक से अधिक क्षेत्रों को खनन परिहार पर नियंत्रित करने की कार्यवाही की जाये जिससे अवैध खनन व परिवहन की संभावना न हो तथा बाजार में खनिज की उपलब्धता बनी रहें। सीमावर्ती



जनपदों ध् प्रान्तों से आने वाले खनिज वाहनों की सघन की जाये एजिससें खनिजों की ओवरलोडिंग तथा अवैध परिवहन पर अंकुश लगाया जा सकें। खनन निदेशक द्वारा बैठक के दौरान कड़े निर्देश दिए गए कि ईंट भट्ठों से विनियमन शुल्क शीघ्र जमा कराया जाये। खनन निदेशक माला श्रीवास्तव द्वारा निदेशालय के अधिकारियों के साथ जनपद मुरादाबाद में रामगंगा नदी तल स्थित मोरा ऐहतमाली बालू क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि पट्टा शर्तो का उल्लंघन किया जाता हुआ पाये जाने पर संबंधित पट्टा धारक के साथ–साथ सम्बंधित खनन अधिकारी के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## भाजपा के लोग कानून और संविधान को नहीं मानते: अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने कहा कि देश में संविधान बचाने के लिए समाजवादी लोग सबसे ज्यादा संघर्ष करने और जोखिम उठाने का काम कर रहे हैं। आज हम सभी लोग संविधान बचाने का संकल्प ले रहे हैं। साथ ही हम संविधान देने वाले और जीने का अधिकार दिलाने वाले महान नेताओं बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, डॉ. राममनोहर लोहिया, नेताजी मुलायम सिंह यादव को याद कर रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। यह दिन हमें बताता है कि अगर लोकतंत्र जिन्दा रहेगा और संविधान बचा रहेगा तो हमें जो एक वोट का अधिकार मिला है उसके माध्यम से हम सरकारों से अपना अधिकार ले सकते हैं।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा के लोग कानून और संविधान को नहीं मानते हैं। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए भाजपा को हराना जरूरी है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। थाने और तहसीलों में लूट हो रही है। समाजवादी सरकार ने डायल 100 दिया था भाजपा सरकार ने जिसे 112 कर दिया। भ्रष्टाचार बढ़ गया है। कानपुर देहात में सरकार के बुल्डोजर के कारण मां.बेटी की मौत हो गयी। परिवार को न्याय नहीं मिला। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लूट और भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा के लोग बड़े-बड़े भ्रष्टाचार में शामिल है। प्रदेश में भाजपा के लोग सबसे बड़े भूमाफिया है।

पूरे प्रदेश में जमीनों की हेराफेरी में सबसे ज्यादा भाजपा के लोग शामिल है। इस सरकार में नौकरियों में बड़े पैमाने पर हेरीफेरी हो रही है। पिछड़ों, दलितों को आरक्षण नहीं मिल रहा है। भाजपा पीडीए का हक छीन रही है। लोकसभा चुनाव में पीडीए ही



भाजपा के एनडीए को हरायेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादियों ने सरकार में बेहतरीन काम किया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे बनाया। समाजवादियों ने सबसे पहले एक्सप्रेस.वे पर लड़ाकू विमान उतारा। भाजपा सरकार में बना बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे पर चलने पर लगता है झूला झूल रहे है। भाजपा सरकार प्रदेश की सड़कों से सांड नहीं हटा पा रही है। हर दिन सांड से किसी न किसी की जान जा रही है। प्रधानमंत्री ने भी कहा था छुट्टा जानवरों की समस्या का समाधान होगा लेकिन दस साल हो गया। छुट्टा जानवर की समस्या जस की तस है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने अग्निवीर योजना लाकर नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। समाजवादी पार्टी की सरकार आने पर अग्निवीर योजना खत्म कर नौजवानों को सेना की पक्की नौकरी दिलाएगी। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना कराकर सभी जातियों को उनकी संख्या के हिसाब से हक और सम्मान दिलाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग झूठे हैं। उनकी हर बात झूठी है। कहा था नौजवानों को नौकरी देंगेए नहीं दी। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। खाद नहीं मिल रही है। सरसों का तेल महंगा मिल रहा है। फसलों की कीमत नहीं मिल रही है। महंगाई चरम पर है। डीजल-पेट्रोल महंगा है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को हटाकर महंगाई बेरोजगारी हटाना है।

# गाँव की समस्याओं पर विश्वविद्यालय शोध करें: राज्यपाल

- चन्द्रशेखर विवि बलिया का 5वाँ दीक्षांत समारोह को राज्यपाल ने किया सम्पन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में रविवार को जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय बलिया का 5वाँ दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। राज्यपाल जी ने माँ सरस्वती एवं स्व. चन्द्रशेखर के चित्र पर माल्यार्पण कर तथा कलश में जलधारा अर्पण करके जल संरक्षण के संदेश के साथ दीक्षांत समारोह का शुभारम्भ किया। समारोह में राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के 38 मेधावियों को स्वर्ण पदक एवं 1 सर्वश्रेष्ठ छात्रा को साक्षी बरनवाल को कुलाधिपति पदक प्रदान किया। इस अवसर पर स्नातक के 21372 एवं स्नातकोत्तर के 3430, कुल 24802 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गयी। जिनमें 13347 छात्राएं एवं 11454 छात्र थे।

राज्यपाल ने सभी पदक विजेताओं तथा उपाधि प्राप्त कर्ताओं को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को दीक्षांत समारोह की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति का सर्वांगीण विकास है। दीक्षांत शिक्षा का अंत नहीं है बल्कि अर्जित ज्ञान को समाज में व्यावहारिक रूप प्रदान करने का आरंभ है। राष्ट्र और समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका है और वे स्वस्थ समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान निभाने के लिए तैयार हो जाएँ। उन्होंने कहा कि इस देश को स्वस्थ महिलाओं की आवश्यकता है।

महिलाएं अपनी बेटियों को कैंसर रोधी वैक्सीन अवश्य लगवायें, अपने पतियों और भाइयों से उपहार में साड़ी की बजाय वैक्सीन का उपहार लें। उन्होंने कहा कि हम मूल अधिकारों की बात हमेशा करते हैं इस संविधान दिवस पर हमें मौलिक कर्तव्यों की बात करनी चाहिए जो संविधान के अनुच्छेद 51 क में लिखित है। बलिया में कृषि आधारित उद्योगों के विकास की संभावनाएँ हैं, श्री अन्न मोटे अनाज बहुत पोषणयुक्त हैं उनके उत्पादन एवं निर्यात से किसानों को पोषण के साथ समृद्धि भी प्राप्त हो सकती है। विश्वविद्यालय में होने वाले शोध गाँव की समस्याओं पर आधारित होने चाहिए और इनका लाभ गांव को मिलना चाहिए। हरमहेन्द्र सिंह बेदी कुलाधिपति, हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य चरित्रवान विद्यार्थियों का निर्माण करना है। आज ऐसी शिक्षा की आवश्यकता है जो रोजगारपरक हो। उन्होंने उम्मीद जतायी कि यह विवि जनपद के आर्थिक, सामाजिक तथा सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

विशिष्ट अतिथि योगेंद्र उपाध्याय उच्च शिक्षा मंत्री ने अपने संबोधन में उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों से देश और समाज के निर्माण में योगदान देने की अपील की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजीत कुमार गुप्ता ने राज्यपाल के समक्ष विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। समारोह में कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित स्मारिका सृजन समाचार.पत्रिका अन्वीक्षण एवं अन्य पुस्तकों का विमोचन भी किया। कुलाधिपति ने समारोह में प्रतिभाग कर रहे प्राथमिक विद्यालय के 30 विद्यार्थियों को पठन.पाठन सामग्री की किट तथा पौष्टिक खाद्य सामग्री प्रदान की। विद्यार्थियों को राज्यपाल ने आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को सुसज्जित और सुविधा संपन्न बनाने हेतु उपयोगी सामग्री की किट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रदान की।

# जल्द साकार होगा पीम मोदी का रोग मुक्त भारत का सपना: चित्रकूट सांसद

●सांसद ने किया आयुष्मान भव मेले का शुभारंभ

**संवाददाता।** चित्रकूट



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भव: मेला ग्रामीणों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में रविवार को आयुष्मान भव: मेला का शुभारंभ बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पूजा अर्चना के साथ दीप प्रज्वलित पुष्प अर्पित कर किया।

आयुष्मान भव: मेले मे दूर दराज से आई गर्भवती महिलाओ, तीमरदार मरीज से स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं के बारे में मुख्य अतिथि सांसद आरके सिंह पटेल ने हाल-चाल लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सांसद आर के सिंह पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी एवं सीएम योगी ने गांव-गरीब के विकास के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कर रोग मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी के सुविधाओं के बारे में सराहना करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ उदय प्रताप सिंह को बधाई देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का धरातल मे उतारने का कार्य गांव-गांव आशा बहु सभी कर्मचारियों के माध्यम से कर रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी मे मेले में एक छत के नीचे सभी प्रकार के नि:शुल्क जांच, उपचार एवं गोल्डन कार्ड के माध्यम से 5 लाख तक की नि:शुल्क स्वास्थ्य की व्यवस्था गरीबों के लिए सरकार दे रही है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गरीबों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कार्य कर रहीं है। सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य मेला में बीपी, शुगर से लेकर सभी प्रकार की जांच एवं रोगों का निदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में नि:शुल्क रूप से किया जाना सराहनीय कार्य है।

# चित्रकूट पुलिस की गिरफ्त में आया पच्चीस हजार का ईनामी बदमाश



**चित्रकूट।** स्वाट-सर्विलांस टीम व थाना कोतवाली कर्वी पुलिस की संयुक्त टीम को लूट कर हत्या करने के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार करने में बडी सफ्लता हासिल हुई है।

जानकारी के मुताबिक वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में प्रभारी स्वाट/सर्विलांस निरीक्षक एमपी त्रिपाठी व उनकी टीम द्वारा वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त हामिर साई उर्फ हामिद साई पुत्र शेखन साई निवासी पपौरा थाना टीकमगढ़ जिला टीकमगढ़ हाल पता ठाड़ी पाठर थाना कोठी जिला सतना मप0 को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त हामिर साई उपरोक्त लगभग 3 वर्षो से फरार चल रहा था एवं इसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा 25हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में स्वाट/सर्विलांस के निरीक्षक एम0पी0 त्रिपाठी, मुख्य आरक्षी जीतेन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार द्विवेदी,नीतेश समाधिया,आरक्षी रोशन सिंह, पवन कुमार राजपूत, ज्ञानेश मिश्रा,आशीष कुमार, रोहित सिंह,गोलू भार्गव,जय नारायण पटेरिया शामिल रहे।

# संविधान दिवस पर संवैधानिक मूल्यों पर आधारित भारत बनाने का लिया संकल्प

●समता, स्वतंत्रता, बंधुत्व व न्याय के लिए गांव स्तर युवा चलायेंगे अभियान

**संवाददाता।** उरई, जालौन



**देश** में संविधान दिवस पर हो युवाओं द्वारा 25 साल के विजन (2022-2047) के साथ शुरू किए गए व्यापक अभियान युवा दस्तक के 1 साल का सफर पूरा होने पर व भारतीय संविधान दिवस पर युवा दस्तक की टीम ने जिले के मलकपुरा गांव स्थित डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर संविधान दिवस कार्यक्रम मनाया गया, पूरे गांव में बच्चों व युवाओं ने संविधान जागरूकता रैली की व एक संविधान सभा हुई जहां पर युवा संवाद हुआ। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण व संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया गया। बुंदेलखंड दलित अधिकार मंच के संस्थापक, संयोजक कुलदीप कुमार बौद्ध ने बताया कि इस देश मे युवाओं ने युवादस्तक के रूप में 25 साल के विजन के साथ एक बड़ा अभियान शुरू किया है, जो सच मे भारत के इतिहास में एक मिसाल बनेगा, आज युवा दस्तक के सफर का 1 साल पूरा हुआ है सभी को बधाई। इस मौके पर युवा देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायधीश, सहित समस्त प्रदेशों के मुख्यमंत्री, राजपाल व सभी सांसदों व विधायकों को पत्र भेजेंगे व संवैधानिक मूल्यों का भारत बनाने का बचन व वायदा लेंगे।

## एसपी ने संविधान दिवस पर दिलाई शपथ



**फर्रुखाबाद।** संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों, कार्यालयों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्वसंपन्न, समाजवादी, पंथ.निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य तथा राष्ट्र की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ दिलाई गयी।

# दहेज वाली शादियों का करें सामाजिक बहिष्कार: डीएम



**उरई, जालौन।** दहेज प्रतिषेध दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में महिला कल्याण विभाग की ओर से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया । संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा की अपने लोगों संबंधियों तथा बेटे बेटियों को दहेज न लेने न देने के लिए प्रेरित करें तथा समाज में होने वाले दहेज वाली शादियों का सामाजिक बहिष्कार करने के लिए प्रेरित करें। दहेज एक सामाजिक अभिशाप है इसे हम सब मिलकर रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएं।

मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में होने वाले आडंबर पूर्ण तथा भव्य शादियों को रोकना होगा तभी दहेज रूपी दानव को हम समाज से बहिष्कृत कर सकते हैं।

# नो नानवेज डे पर खुलीं मांस की दुकानें, हिन्दू संगठन नाराज़



**जालौन, उरई।** साधु टीएल वासवानी की जयंती को प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नो नॉनवेज डे घोषित किया था। इस दिन सभी बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद रखने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद नो नॉनवेज डे पर नगर में स्थित मीट की दुकानें खुली रहीं, फिर भी प्रशासन की नजर इन पर नहीं पड़ी। जिस पर हिंदूवादी संगठनों ने रोष व्यक्त करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है साथ ही नगर में अवैध रूप से संचालित मांस की दुकानों को बंद कराने की भी मांग मुख्यमंत्री से की है। गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे ने कहा कि नो नॉनवेज डे की घोषणा के बाद भी नगर मीट के होटल और दुकानों पर न तो पुलिस की और न ही प्रशासन की नजर इस पर पड़ी। दिन पर मुख्यमंत्री की मंशा की धज्जियां उड़ाई जाती रहीं। उन्होंने नगर में अवैध रूप से चल रही मांस की दकानों को बंद कराने और नो नॉनवेज डे को नगर में खुली मांस की दुकानों पर कार्रवाई कराने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

# विदेशी सामानों की खरीद पर विराम लगा देशी सामान खरीदें



**जालौन, उरई।** हम बाजार से विदेशी खिलौने और बोतल खरीदकर दूसरे देशों को मालामाल कर रहे हैं, हमें इसे रोकना होगा। हम अपने आसपास की कला को जीवंत कर स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित कर देश को मजबूत कर सयकते हैं। यह बात कंपोजिट विद्यालय छिरिया सलेमपुर में हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम में अरविंद पहारिया ने कही। कंपोजिट विद्यालय छिरिया सलेमपुर में हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार द्वारा शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम में स्टेट अवार्ड प्राप्त शिल्पकार वीरेंद्र कुमार, शिल्पकार रामसिंह, शिल्पकार अरविन्द पहरिया, शिल्पकार आरती देवी एवं शिल्पकार कर्तव्य सिंह ने हस्तशिल्प एवं चित्रकला की जानकारी दी। शिल्पी व वीरेंद्र ने बच्चों को गौरा पत्थर शिल्पकला के बारे मे जानकारी दी और बच्चों को मूर्तियां बनाकर दिखाई। बच्चों से भी पत्थर पर डिजायन बनवाई। वीरेंद्र ने कहा कि हमें अपनी कला को जीवंत रखना हैं। इसके लिए आप ही धरोहर हैं।

# साहित्य व समाजसेवा में सराहनीय कार्य करने वाले को मिला सम्मान

**फतेहपुर।** उत्तम सेवा संस्थान ट्रस्ट ने संविधान दिवस पर कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मान दिया गया। उधर ट्रस्ट के कार्यों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ अधिवक्ता लक्ष्मीकांत द्विवेदी, रविकरण सिंह, संतोष कुमार दीक्षित, साहित्य क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डा. बृजमोहन पांडेय विनीत, शिक्षा क्षेत्र में योगदान देने वाले राम औतार वर्मा, आरके मिश्रा, समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले सुरेश श्रीवास्तव, मालती अंबेडकर को मुख्य अतिथि लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाविद प्रोफेसर डा. रमेश दीक्षित व विशिष्ट अतिथि समाजसेविका डा. वंदना मिश्रा, सेवानिवृत्त एसडीएम प्रहलाद सिंह ने प्रतीक चिन्ह, अंग वस्त्र व संविधान की पुस्तक भेंटकर सम्मानित किया। संविधान सभा के महापुरूषों के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करने के उद्देश्य से ट्रस्ट द्वारा यह आयोजन किया जाता है।

## क्विक न्यूज

### नदी की जलधारा में जारी है अवैध खनन का खेल

**बांदा।** लाल सोने की लूट की लिए मुख्यालय जनपद की खप्टिहा 100/3 की खदान फिर से चर्चा में है। इस खदान में हो रहा नदी की जलधारा का अवैध खनन इस बात का जीता जागता उदाहरण है। जहां पर दिन रात बिना किसी भय के भारी भरकम मशीनों से रोजाना नदी की जलधारा को रोककर अवैध खनन का कार्य किया जाता है। इतना ही नहीं इस खदान से ही रोजाना सैकड़ों ओवरलोड ट्रकों का परिवहन भी होता है। यही यह कहा जाये कि मण्डल मुख्यालय में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों का खदान संचालन को पूरा संरक्षण प्राप्त है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इतना ही नहीं खनन कारोबारियों ने ट्रकों के लिए नदी की जलधारा को रोककर रास्ता बनाने लिए जीवन दायिनी केद नदी को ही बंधक बना लिया है। एनजीटी के नियमों का उल्लंघन हो रहा है।

### किशोरी को अगवा कर साले व जीजा ने किया रेप

**फतेहपुर।** दलित किशोरी से गैंगरेप करने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने नाबालिग किशोरी के साथ गिरफ्तार किया। मामले का दूसरा आरोपी मौके से फरार है। पिता ने स्थानीय थाने में नामजद एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पीड़िता के बयान और मेडिकल के बाद पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट धाराएं बढ़ाते हुए गिरफ्तार किए गए युवक के बहनोई को भी आरोपी बनाया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया था कि 21 नवंबर की दोपहर करीब एक उसकी 13 वर्षीय बेटी घर से अचानक लापता हो गई। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर किशोरी और आरोपी की तलाश शुरू की। शनिवार को पुलिस ने नामजद आरोपी रवि राजपूत को शहर के पत्थरकटा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया।

### आर्मी पब्लिक स्कूल और जाट बटालियन ने किया वृक्षारोपण

**फर्रुखाबाद।** 76 वें सेना दिवस के उपलक्ष्य में प्रकृति संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 114 इन्फेंट्री बटालियन टी ए जाट के कर्मियों तथा आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट के शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर 212 पौधे लगाये गये। जाट बटालियन के कमाण्डिंग आफीसर कर्नल मुकुन्द गुरुराज ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते संबोधित किया।

# 16वें जनपदीय अलंकरण समारोह का आयोजन, सम्मानित हुए माटी के लाल





**फतेहपुर।** 16वां जनपदीय गौरवशाली अलंकरण समारोह 23 का आयोजन किया गया। जिसमे जनपद की विभूतियों को देश भर के विभिन्न हिस्सों में उनके उत्कर्ष कार्यो के लिये सम्मानित किया गया। रविवार को फतेहपुर फोरम के तत्वाधान में गंगा तट स्थित ओमघाट में जनपदीय गौरवशाली अलंकरण समारोह स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

इस दौरान देश भर के विभिन्न हिस्सों में अपनी योग्यता के ज़रिए नाम व मुकाम हासिल करने वाले माटी के लालों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वामी विज्ञानानंद ने कहा कि देश की आजादी से लेकर सीमाओं की रक्षा में हमारे माटी के लालों ने अपने प्राणों की आहुति दी है ऐसे वीर सपूतों को जनपद वासियों की तरफ से श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु फोरम एक शहीद स्थल का निर्माण, शहीद पार्क, शहीद मेला तथा शहीदों की जीवनी का विस्तृत वर्णन उल्लेखित करने हेतु एक पुस्तक का लेखन महेश चंद्र त्रिपाठी, सुधाकर अवस्थी व डा. मलखान विश्वकर्मा के सहयोग से करेगा।

अलंकरण समारोह में जनपद की प्रतिभाओं को संगठन की ओर से राजेंद्र प्रसाद साहू, सुधाकर अवस्थी, इंजी. आरबी सिंह, मेवालाल मौर्य, विद्याभूषण तिवारी, रमेश चंद्र विद्यार्थी ने पुष्प गुच्छ, रुद्राक्ष माला, ओम का प्रतीक चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

# अवैध बालू खनन के खिलाफ मांग करते हुए सीएम आवास तक करेंगे पैदल मार्च

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के फिरोजपुर कटरी समेत अन्य गांवों में चल रहे बालू के अवैध खनन को बंद कराये जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय लोगों ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च निकालने का निर्णय लिया था लेकिन कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते कार्यक्रम में बदलाव करते हुए अब एक दिसंबर को सीएम आवास तक पैदल मार्च करके अवैध खनन को बंद कराये जाने की मांग की जायेगी। रविवार को हुसैनगंज थाना क्षेत्र के फिरोजपुर कटरी, गढ़ी, देवरानार व सिहार गांव के ग्रामीणों ने भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष संतोष सिंह राजू की अध्यक्षता में संयुक्त रूप से बैठक की। बैठक में ग्रामीणों का कहना रहा कि उनके भूमिधरी खेत गंगा किनारे कटरी क्षेत्र में है। दबंग माफिया सूरत सिंह चौहान निवासी उन्नाव ने अपने गुर्गों के नाम पट्टा कराया है। जो अपने साथ सैकड़ो की संख्या में असलहाधारी गुंडे व बदमाश लेकर आते हैं और खनन पट्टे की आड़ में उनकी भूमि पर नाजायज कब्जा करते हैं।

भूमिधारी भूमि की खुदाई कराकर एवं रास्ता आदि बनाने का प्रयास करके भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति विरोध करता है तो भद्दी-भद्दी गालियां देते हैं और असलहे लेकर मारते व दौड़ाते हैं। यदि इनका पट्टा निरस्त न किया गया तो निश्चित रूप से क्षेत्र में नरसंहार हो जायेगा। बैठक में यह भी कहा गया कि दिन-रात गाड़ियों का आवागमन होने से डलमऊ पुल गिरने की कगार पर पहुंच गया है। यदि ऐसा हो गया तो तमाम क्षेत्रों का आपस में संपर्क टूट जायेगा और क्षेत्रीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

# आंगनबाड़ी केंद्रों व मॉडल शॉप के निर्माण में तेजी लाएं: जिलाधिकारी



**बांदा।** जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय में मॉडल शॉप निर्माण आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण एवं गौशालाओं में गौवंशों को शीतलहर से बचाव एवं केयर टेकर के रुकने के सम्बन्ध में व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सरकारी राशन की दुकानों (मॉडल शॉप) के निर्माण किये जाने की समीक्षा करते हुए निर्माणाधीन 19 मॉडल शॉप के निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारियों को दिये। इसके साथ ही उन्होंने अन्य स्थानों पर भी मॉडल शॉप का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत तथा उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि कोई राजकीय भवन खाली हो तों उसकी मरम्मत कराकर मॉडल शॉप बनाया जाए तथा अन्य स्थानों पर मॉडल शॉप हेतु भूमि चिन्हित कर ली जाए। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य शीघ्र कार्य में तेजी लाकर गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए।

# हमीरपुर में यमुना व बेतवा नदी में गंदा पानी जाने से हालत गंभीर

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

**हमीरपुर।** चित्रकूटधाम मंडल के सभी चारों जिलों में शीघ्र ही एक्यूआई मानीटरिंग स्टेशन की स्थापना की जायेगी। जिससे हर जिले में प्रदूषण घटने व बढ़ने की जानकारी हो सकेगी। इसके लिये शासन ने क्लीन चिट देने के साथ बजट भी आवंटित कर दिया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मंडलीय अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने रविवार को बताया कि चित्रकूटधाम मंडल के किसी भी जिले में अभी तक एअर क्वालिटी इडेक्स(एक्यूआई) मानीटरिंग स्टेशन की स्थापना नही की गयी है जिससे किसी प्रकार की प्रदूषण की जानकारी नही हो पाती है। एक स्टेशन स्थापना करीब 45 लाख रुपये खर्च होते है मंडल के हर जिले के लिये अस्सी फीसदी उपकरण खरीद लिये गये है। स्थापना करने की जिम्मेदारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की है। इसके लिये जगह की तलाश की जा रही है। बुन्देलखंड में केवल झांसी में यह सुविधा उपलब्ध है बाकी छह जिलो में स्टेशन स्थापना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। उनका मानना है कि मंडल में फिलहाल में प्रदूषण की ज्यादा समस्या नही है। सामान्य तौर पर एक्यूआई सौ होना चाहिये, हालाकि हमीरपुर जिले की एक्यूआई डेढ़ सौ से ऊपर हो गयी है। मगर विभाग इस स्थिति को सामान्य मानता है। जल प्रदूषण के मामले में मंडलीय अधिकारी का कहना है कि मंडल के हर नगर पालिका के ईओ को लिखित आदेश है कि वह गंदे नाले में बायो रेमेडियेशन पदार्थ छिड़काव कराने के बाद ही उसका पानी नदी व नालों में जाने दे मगर अभी तक किसी भी जिले में यह व्यवस्था लागू नही की गयी है। हालाकि यह पदार्थ महंगा आता है मगर नदी, नालों में जाने वाला सीवर व गंदा पानी से नदियों को प्रदूषण से बचाया जा सकता है।

# पेज एक का शेष

## चीन में...

श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि का संकेत मिला है। मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, सार्स-कोव-2 आदि के सामान्य कारणों को इसके लिए जिम्मेदार बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सर्दी के मौसम की शुरुआत के साथ-साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसी सांस संबंधी बीमारियों के प्रसार के साथ-साथ कोविड-19 प्रतिबंधों को हटाया जाना भी इसमें वृद्धि का कारण बना। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चीनी अधिकारियों से अतिरिक्त जानकारी मांगी है, यह आकलन किया गया है कि फिलहाल घबराने का कोई कारण नहीं है। हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा साझा की गई जानकारी में चीन के उत्तरी हिस्सों में सांस की बीमारी में वृद्धि का संकेत दिया गया है। यह मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया और सार्स कोव-2 जैसे सामान्य कारणों के लिए जिम्मेदार है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, सर्दियों के मौसम की शुरुआत के साथ-साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों के चक्रीय रुझानों के साथ-साथ कोविड-19 प्रतिबंधों की रिहाई के कारण यह वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि शादियों जैसे सुपरस्प्रेडर आयोजनों ने भारत में कोविड-19 के फिर फैलने को प्रेरित किया है। इस बार भी इस सीजन में बड़ी संख्या में शादियां होने के साथ ही धार्मिक आयोजन होने से काफी गतिविधियां हैं। लोग आमतौर पर लापरवाह हो जाते हैं। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि वे अपनी सतर्कता कम न करें और सुरक्षा उपाय अपनाएं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने हाथ धोने जैसे स्वच्छता उपायों का आह्वान किया है, यह सुनिश्चित करना कि बच्चे छींकते और खांसते समय अपनी नाक और मुंह को ढकें, दूसरों से दूर रहें। उन्होंने कहा कि सामाजिक परिस्थितियों में मास्क पहनने को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

## राष्ट्रपति ने...

हूं क्योंकि मैं वहां के बच्चों के साथ बातचीत करती हूं। वे बहुत प्रतिभाशाली हैं। कई मौकों पर मैंने उनसे पूछा कि वे क्या बनना चाहते हैं। कुछ कहते हैं आईएएस, आईपीएस (अधिकारी) और अन्य कहते हैं कि वे न्यायपालिका में जाना चाहते हैं। यहां (न्यायपालिका) आसानी से आने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत हैं। मुर्मू ने कहा, हमें खुद से पूछना चाहिए, खासकर आज जैसे मौकों पर क्या देश के हर एक नागरिक के लिए न्याय पाना आसान है। आत्मनिरीक्षण करने पर, हमें पाएंगे कि इसमें कई बाधाएं हैं। खर्च, सबसे बड़ी बाधाओं में से एक है। यह ऐसा मामला है जिस पर मेरा विशेष ध्यान है, इसीलिए न्यायपालिका, विशेष रूप से शीर्ष अदालत द्वारा मुफ्त कानूनी सहायता के दायरे का विस्तार करने के लिए जो कदम उठाएं गए हैं मैं उनकी सराहना करती हूं। उन्होंने कहा, उदाहरण के लिए, भाषा जो न्याय में बाधा का दूसरा बड़ा कारण है। विभिन्न भारतीय भाषाओं में फैसले उपलब्ध कराने के शीर्ष अदालत के हाल ही के कदम से मैं आश्वस्त महसूस करती हूं। अदालती कार्यवाही का लाइव वेब प्रसारण भी नागरिकों को न्यायिक प्रणाली का सच्चा हितधारक बनाने में काफी मददगार साबित होगा। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने लोक अदालत के तौर पर अपनी भूमिका निभाई है और नागरिकों को अदालतों का दरवाजा खटखटाने से नहीं डरना चाहिए, या इसे अंतिम उपाय के रूप में नहीं देखना चाहिए। जिस तरह संविधान हमें स्थापित लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रक्रियाओं के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों को हल करने की अनुमति देता है, अदालती प्रणाली स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के माध्यम से कई असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है। पिछले सात दशकों में, भारत के उच्चतम न्यायालय ने लोक अदालत के रूप में काम किया है। हजारों नागरिकों ने इस विश्वास के साथ इसके दरवाजे खटखटाए हैं कि उन्हें इस संस्था के माध्यम से न्याय मिलेगा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भारत लोकतंत्र को इसलिए मजबूत करने में सक्षम रहा, क्योंकि न्यायपालिका और सरकारों ने अपना काम किया है। मेघवाल ने यह भी कहा कि भारत ने अपने संविधान के कारण अपने पड़ोसियों से बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने संविधान को सजीव दस्तावेज बताया।

## मोदी का...

दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से वोकल फॉर लोकल अभियान को सिर्फ त्योहारों तक ही सीमित न रखने की अपील की और उनसे आग्रह किया कि उन्हें शादी के मौसम में भी स्थानीय उत्पादों को महत्व देना चाहिए। मन की बात की पिछली कड़ी में लोगों से स्थानीय उत्पादों की खरीदारी पर बल देने के अपने आग्रह का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, बीते कुछ दिनों के भीतर ही दिवाली, भैया दूज और छठ पर देश में चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार हुआ और इस दौरान भारत में बने उत्पादों को खरीदने का जबरदस्त उत्साह लोगों में देखा गया। अब तो घर के बच्चे भी दुकान पर कुछ खरीदते समय देखने लगे हैं कि उस पर मेड इन इंडिया लिखा है कि नहीं। इतना ही नहीं ऑनलाइन सामान खरीदते समय भी अब लोग यह देखना नहीं भूलते हैं कि उत्पाद किस देश में बना है। जैसे स्वच्छ भारत अभियान की सफलता ही उसकी प्रेरणा बन रही है वैसे ही वोकल फॉर लोकल की सफलता विकसित भारत और समृद्ध भारत के द्वार खोल रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का अभियान पूरे देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देता है। यह रोजगार की गारंटी है। यह विकास की गारंटी है, यह देश के संतुलित विकास की गारंटी है। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों को समान अवसर मिलते हैं। इससे स्थानीय उत्पादों में गुणात्मक वृद्धि होती है और कभी वैश्विक अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव आता है तो वोकल फॉर लोकल का मंत्र हमारी अर्थव्यवस्था को संरक्षित भी करता है। कुछ व्यापार संगठनों के अनुमान का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल शादियों के मौसम में करीब पांच लाख करोड़ रुपए के कारोबार की संभावना है। उन्होंने देशवासियों से अनुरोध किया, भारतीय उत्पादों को खरीदने की भावना केवल त्योहारों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए। अभी शादियों का मौसम भी शुरू हो चुका है शादियों से जुड़ी खरीदारी में भी आप सभी भारत में बने उत्पादों को ही महत्व दें।

## सबरीमाला में...

भोजन और दानम देने का कार्य है। यह सबसे बड़ा कार्य है जो एक सामान्य व्यक्ति कर सकता है। उन्होंने पायनियर को प्रसाद के लिए विशेष शामियाने में एकत्र हुए हजारों लोगों को भोजन परोसते हुए यह बात कही। आश्चर्यजनक रूप से केरल के छह व्यंजनों का दावत पूरे दिन उपलब्ध कराने पर वे कहते हैं कि मेरे शिष्य मुझे दक्षिणा के रूप में जो कुछ भी देते हैं वह गरीबों को खिलाने के लिए जाता है। मैं अपने या परिवार के लिए कुछ भी नहीं बचाता। उन्होंने कहा, मैं अपनी क्षमता के अनुसार जो कर सकता हूं वह करता हूं। इसके अलावा मेरे कुछ दोस्त, दावत के लिए सब्जियों और फलों जैसे प्रसाद उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने बताया, पूरे सीजन में उनकी सहायता उनके दो बेटे और एक बेटी घर में चूल्हा जलाने से लेकर प्रसाद बनाने में करते हैं। उनका एक बेटा पश्चिमी दर्शनशास्त्र में पीएचडी और दूसरा एक महत्वाकांक्षी फिल्म निर्माता है। बड़े बेटे प्रजेश ने कहा, हमारे दरवाजे पूरे दिन हर जाति, पंथ या धर्म के लोगों के लिए खुले रहते हैं, इसके साथ ही हम यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी बिना भोजन के वापस न जाए, पणिक्कर और उनके परिवार के मन में चिंता का कारण चावल, चीनी, सब्जियां और तेल जैसी आवश्यक वस्तुओं की आसमान छूती कीमतें हैं। उन्होंने कहा, जिस दिन से हमने यह अन्न दानम शुरू किया है, कीमतें आसमान से ऊपर पहुंच गई हैं। सर्वशक्तिमान ईश्वर से मेरी एकमात्र प्रार्थना है कि मुझे अन्न दानम को बिना किसी रुकावट के बनाए रखने में मदद करें। यहां इकट्ठा हुए गरीब लोगों का मुस्कुराता चेहरा स्वर्ग का आशीर्वाद है। पणिक्कर देवी सरस्वती की पूजा करते हैं। उनके दो कार्य प्रश्न विद्या (ज्योतिष पर एक ग्रंथ, ज्ञान की एक प्राचीन भारतीय प्रणाली) और 'द सन दैट गिव्स अस वर्ड्स' पर व्यापक रूप से चर्चा और बहस हुई है। पणिक्कर संस्कृत और मजबूत पारिवारिक मूल्यों के समर्थक हैं। वह माता-पिता को अपने बच्चों को उनकी मातृभाषा सिखाने की सलाह देते हैं। भारतीय परंपराओं में मजबूत विश्वास रखने वाला एक आधुनिकतावादी उसे अन्य विद्वानों से अलग बनाता है। उनकी एकमात्र चिंता यह है कि विदेशी भाषाओं के पक्ष में संस्कृत को दरकिनार किया जा रहा है जबकि अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन जैसे देश अपनी अगली पीढ़ी के भारतीय भाषा का अध्ययन करने को लेकर गंभीर हैं। उनका भोजन बनाने वाले लोगों से अनुरोध है- कृपया वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए प्रार्थना करें। जहां बच्चों, महिलाओं और बूढ़ों का सम्मान और आदर किया जाता है, अपराध, गरीबी और दंगों के कारण किसी की जान नहीं जानी चाहिए। एक ऐसी दुनिया के लिए प्रार्थना करें।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 27 नवंबर, 2023



# मॉस्को की तरफ बढ़ रहे दर्जनों यूक्रेनी ड्रोन को हमने मार गिराया : रूस

एपी। कीव

**रूसी** अधिकारियों ने रविवार को दावा किया कि यूक्रेन ने बीती रात मॉस्को पर दर्जनों ड्रोन से हमला करने का प्रयास किया, लेकिन रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम 24 ड्रोन को मार गिराया।

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, एक दिन पहले ही रूस ने कीव पर ड्रोन हमला किया था, जो इसके द्वारा वर्ष 2022 में व्यापक स्तर पर हमले शुरू करने के बाद से सबसे भीषण हमला था। रूसी रक्षा मंत्रालय और मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने टेलीग्राम अपडेट की एक श्रृंखला में बताया कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने मॉस्को क्षेत्र और दक्षिण और पश्चिम के तीन अन्य प्रांतों में कम से कम 24 ड्रोन मार गिराए। किसी के हताहत होने का जिक्र नहीं किया गया है।



मॉस्को क्षेत्र के गवर्नर आंद्रेई वोरोबएव ने टेलीग्राम पर लिखा कि ड्रोन हमलों ने वहां तीन अज्ञात इमारतों को नुकसान पहुंचाया, लेकिन किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई। रूस के कई टेलीग्राम चैनल ने बताया कि एक ड्रोन मॉस्को से लगभग 180 किलोमीटर (113 मील) दूर पश्चिमी रूसी शहर तुला की 12 मंजिला इमारत से टकराया, जिससे एक व्यक्ति घायल हो गया और अन्य लोगों में दहशत फैल गई। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, ड्रोन हमले के कारण मॉस्को के विन्नुकोवो और डोमोदेदोवो हवाई अड्डे भी कुछ समय के लिए बंद कर दिए गए। अंतरराष्ट्रीय उड़ान ट्रैकिंग पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार दोनों हवाई अड्डों पर सामान्य परिचालन स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे बहाल हुआ। रविवार की सुबह यूक्रेनी अधिकारियों ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली और ना ही कोई टिप्पणी की। यह हमला रूस द्वारा 60 से अधिक ईरान निर्मित शहीद ड्रोनों के साथ यूक्रेनी राजधानी को निशाना बनाने के एक दिन बाद किया गया।

## हमास ने बंधक बनाए गए लोगों के तीसरे समूह को रिहा किया

**यरूशलम।** हमास के उग्रवादियों ने रविवार को संघर्ष विराम समझौते के तहत 14 इजराइली सहित 17 और बंधकों को रिहा कर दिया। इस प्रकार हमास ने बंधकों के तीसरे समूह को मुक्त किया है। रेड क्रॉस के प्रतिनिधियों ने रविवार देर रात रिहा किए गए समूह को गाजा से बाहर स्थानांतरित कर दिया। कुछ को सीधे इजराइल को सौंप दिया गया, जबकि अन्य मिस्र के रास्ते चले गए। सेना ने कहा कि बंधकों में से एक को विमान से सीधे इजराइली अस्पताल ले जाया गया। समझौते के तहत इजराइल को रविवार को 39 फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना था। यह लगातार तीसरा दिन था जब हमास ने फलस्तीनी कैदियों के बदले में गाजा में बंधक बनाकर रखे गए इजराइली बंधकों को रिहा किया। चार दिवसीय संघर्ष विराम समझौते के तहत सोमवार को अंतिम दिन चौथे समूह की अदला-बदली होने की उम्मीद है। समझौते के तहत कुल 50 बंधकों और 150 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाना है।

# पाकिस्तान में राष्ट्रपति अल्वी को हटाने के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर : मीडिया रिपोर्ट

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर राष्ट्रपति आरिफ अल्वी को कदाचार और अपने कर्तव्यों के पालन में निष्पक्षता बनाए रखने में विफलता के लिए राष्ट्राध्यक्ष के पद से हटाने का अनुरोध किया गया है। रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।


डॉन अखबार की खबर के अनुसार, शनिवार को गुलाम मुर्तजा खान द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रपति अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाने से बच रहे हैं।

याचिका में कहा गया, राष्ट्रपति ने संविधान का उल्लंघन किया है और घोर कदाचार किया है, इसलिए, वह राष्ट्रपति के रूप में अपने कर्तव्यों को जारी रखने के योग्य नहीं हैं और यह घोषित करने की आवश्यकता है कि उन्हें पाकिस्तान के राष्ट्रपति के पद पर बरकरार नहीं रहना चाहिए।

इसमें कहा गया, राष्ट्राध्यक्ष होने के नाते, कानून के अनुसार काम करना उनका संवैधानिक दायित्व है, लेकिन वह अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं और अपने शब्दों और आचरण से लगातार संविधान का उल्लंघन कर रहे हैं। खबर के अनुसार, याचिका में आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रपति एक विशेष राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाकर पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रहे हैं।

## फेफड़े में सूजन है, लेकिन जलवायु सम्मेलन के लिए दुबई जाऊंगा: फ्रांसिस

**वेटिकन सिटी।** पोप फ्रांसिस ने रविवार को कहा कि उनके फेफड़े में सूजन है, लेकिन वह इस सप्ताह के अंत में आयोजित होने वाले जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को संबोधित करने के लिए दुबई जाएंगे। फ्रांसिस रविवार को अनुयाइयों को दर्शन के कार्यक्रम से अनुपस्थित रहे थे। इससे एक दिन पहले वेटिकन की ओर से कहा गया था कि वह हल्के फ्लू से पीड़ित हैं। रविवार को उन्होंने वेटिकन होटल स्थित चैपल से टेलीविजन पर सीधे प्रसारण में दोपहर का पारंपरिक आशीर्वाद दिया। फ्रांसिस ने कहा, भाइयों और बहनों, शुभ रविवार। आज मैं खिड़की पर नहीं आ सका क्योंकि मुझे फेफड़ों में सूजन की समस्या है। फ्रांसिस का 87वां जन्मदिन अगले महीने है। उन्होंने कहा कि उनके बगल में बैठे एक पादरी उनके लिए दिन के विचार पढ़ेंगे। फ्रांसिस ने कहा कि वह जलवायु परिवर्तन पर सीओपी28 सम्मेलन के लिए संयुक्त अरब अमीरात जा रहे हैं और वह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को अपना भाषण देंगे।



2.5 वर्षीय अवीव अशर, उसकी 4.5 वर्षीय बहन रज़ अशर और मां डोरोन, श्नाइडर चिल्ड्रन के निर्दिष्ट परिसर में इज़राइल लौटने के बाद, डोरोन के पति और उनके पिता योनी से मिलते समय प्रतिक्रिया करते हुए। शुक्रवार 24 नवंबर को मेडिकल सेंटर। बंधकों और कैदियों की अदला-बदली के साथ गाजा में इजराइल-हमास युद्ध में चार दिवसीय संघर्ष विराम शुक्रवार को शुरू हुआ।

# हिन्दू समाज को मजबूत करने के संकल्प के साथ विश्व हिन्दू सम्मेलन संपन्न

भाषा। बैंकॉक

**हिंदू** संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने और सनातन धर्म के खिलाफ भावनाओं के आधार पर फैलाई गई नफरत एवं पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के संकल्प के साथ तीन दिवसीय विश्व हिंदू सम्मेलन रविवार को यहां संपन्न हो गया।

सम्मेलन के दौरान समानांतर सत्रों में, प्रतिनिधियों ने विदेशों में चुने गए हिंदू जन प्रतिनिधियों को संघों के माध्यम से संगठित करके और उनके बीच संवाद बढ़ाकर उनके खिलाफ राजनीतिक विमर्श से लड़ने के लिए समर्थन करने का भी संकल्प लिया।

आयोजकों ने घोषणा की कि अगला विश्व हिंदू सम्मेलन (कांग्रेस) 2026 में मुंबई में आयोजित किया जाएगा। प्रतिनिधियों को भुरभरे और सख्त लड्डू वितरित कर हिंदू एकता का संदेश दिया गया। प्रतिनिधियों को वितरित किए गए लड्डू के डिब्बे पर संदेश लिखा था, दुर्भाग्य से, वर्तमान में हिंदू समाज एक भुरभुरे लड्डू जैसा है, जिसे आसानी से तोड़ा जा सकता है और फिर आसानी से खाया जा सकता है। इसमें कहा गया, एक बड़ा सख्त लड्डू मजबूती से बंधा हुआ और एकजुट होता है तथा इसे आसानी से नहीं तोड़ा जा सकता है। हिंदू समाज को एक बड़े सख्त लड्डू की तरह होना चाहिए, जिसे तोड़ना बहुत मुश्किल हो। तभी यह शत्रु ताकतों से अपनी रक्षा कर पाएगा। थाईलैंड की राजधानी में यहां आयोजित किया गया यह सम्मेलन हिंदू संगठनों के बीच एकता को मजबूत करने और सनातन धर्म के खिलाफ भावनाओं के आधार पर फैलाई गई नफरत एवं पूर्वाग्रहों का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

आयोजकों के अनुसार, 61 देशों के 2,100 से अधिक प्रतिनिधियों ने सम्मेलन में हिस्सा लिया, जिसका उद्घाटन शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने किया था, जबकि आध्यात्मिक गुरु माता अमृतानंदमई देवी ने रविवार को समापन भाषण दिया। आरएसएस प्रमुख ने दुनिया भर में रहने वाले हिंदुओं से लोगों के साथ अपने संबंध मजबूत करने की भावुक अपील की। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म शांति और प्रसन्नता का मार्ग दिखाता है और संपूर्ण मानवता को सभी प्राणियों के अस्तित्व की आत्मा मानता है। विश्व हिंदू कांग्रेस के संस्थापक स्वामी विज्ञानानंद ने कहा, कोविड महामारी के दौरान हिंदुओं से संपर्क करने की प्रक्रिया धीमी हो गई थी। हम अब इस प्रक्रिया को फिर से गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिरों की उन जमीन को ईसाई संगठनों के नियंत्रण से वापस पाने पर भी ध्यान दिया जाएगा, जिनपर कॉलेज और अन्य संस्थानों का निर्माण कर दिया गया है।

## यूनान के निकट समद्री तूफान में डूबा मालवाहक जहाज, चार भारतीयों समेत 13 लोग लापता

**एथेंस।** यूनान के लेसबोस द्वीप के निकट रविवार तड़के समुद्री तूफान में एक मालवाहक जहाज डूबने से चालक दल के 13 सदस्य लापता हो गए, जबकि एक को बचा लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

तटरक्षकों ने बताया कि कोमोरोस में पंजीकृत द रैप्टर नामक जहाज मिस्र के एलेक्जेंड्रिया से तुर्किए के इस्तांबुल जा रहा था और इसमें चालक दल के 14 सदस्य सवार थे, जिनमें से आठ मिस्र, चार भारत और दो सीरिया के थे। जहाज पर 6,000 टन नमक लदा हुआ था। अधिकारियों ने बताया कि रविवार सुबह सात बजे जहाज में यांत्रिक गड़बड़ी आने का संदेश मिला और कुछ ही देर में यह लेसबोस से आठ किलोमीटर की दूरी पर गायब हो गया। तटरक्षक बल की प्रवक्ता ने बताया कि मिस्र के एक व्यक्ति को बचा लिया गया। उन्होंने कहा कि आठ वाणिज्यिक जहाज, दो हेलीकॉप्टर और यूनान की नौसेना का एक जहाज लापता लोगों की तलाश कर रहा है।

## क्विक न्यूज

### सिएरा लियोन में मुख्य सैन्य बैरकों पर हमले, राष्ट्रव्यापी कर्फ्यू

**फ्रीटाउन।** सिएरा लियोन के राष्ट्रपति जूलियस मैडा बायो ने पश्चिम अफ्रीकी देश की राजधानी में बंदूकधारियों द्वारा देश की सबसे बड़ी और मुख्य सैन्य बैरकों पर किए गए हमले के बाद रविवार को देशव्यापी कर्फ्यू की घोषणा की। इस क्षेत्र में तख्तापलट की बढ़ती घटनाओं के बीच हुए इस हमले से देश में कानून व्यवस्था भंग हो जाने की आशंकाएं पैदा हो गई है। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि अज्ञात बंदूकधारियों ने राजधानी फ्रीटाउन में बैरकों के भीतर एक सैन्य शस्त्रागार पर सुबह हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने बंदूकधारियों को खदेड़ दिया और शांति व्यवस्था कायम कर दी गई है। राष्ट्रपति ने कहा, , देशव्यापी कर्फ्यू घोषित कर दिया गया है और नागरिकों को घरों के अंदर रहने की सलाह दी जाती है...। देश के सूचना एवं शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि स्थिति सरकार एवं सुरक्षाबल के पूर्ण नियंत्रण में है। इसी के साथ उसने देश की हिंसा की स्थिति बिगड़ने की संभावना खारिज करने की कोशिश की। सरकार द्वारा स्थिति उसके नियंत्रण में होने का आश्वासन देने के बाद भी राजधानी में एपी के एक पत्रकार ने गोलियां चलने की आवाज सुनी। फिलहाल यह स्पष्ट नही हो पाया है कि इस गोलीबारी के पीछे कौन है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। बंदूकधारियों के बारे में या हमले की वजह के बार में तत्काल कुछ भी विस्तार से नही बताया गया है। बायो को जून में दूसरे कार्यकाल के लिए चुना गया था। मुख्य विपक्षी दल ने देश के चुनाव आयोग पर परिणामों में हेर फेर करने का आरोप लगाया था। देश में दो दशक पहले 11 साल तक गृह युद्ध चला था और उसके समाप्त होने पर यह राष्ट्रपति पद के लिए यह पांचवां चुनाव था। गृह युद्ध में हजारों लोग मारे गए थे और देश की अर्थव्यवस्था नष्ट हो गई थी।

### ब्रिटेन से स्वदेश वापस भेजे जाने के खिलाफ बुजुर्ग सिख महिला को समुदाय का मिल रहा व्यापक समर्थन

**लंदन।** इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र में रह रही एक बुर्जुग सिख महिला को ब्रिटेन की सरकार द्वारा स्वदेश (भारत) वापस भेजे जाने के खिलाफ यहां उन्हें उनके समुदाय से व्यापक समर्थन मिल रहा है। उनका यह मामला 2019 में सामने आया था। एक ऑनलाइन याचिका में कहा गया है कि 2009 में गुरमित कौर (78) ब्रिटेन आई थी और तब से स्मेथविक ही उनका घर है। जुलाई, 2020 से इस याचिका पर 65 हजार से अधिक लोगों ने हस्ताक्षर किए है। हाल ही में हम सभी गुरमीत कौर है अभियान सोशल मीडिया पर चलाया गया था क्योंकि स्थानीय समुदाय इस विधवा महिला के समर्थन में एकजुट है। चेंज डॉट ओआरजी पर इस याचिका में कहा गया है, गुरमीत कौर के पास ब्रिटेन में रहने के लिए कोई परिवार नही है और ना ही पंजाब में लौटने के लिए कोई परिवार है, इसलिए स्मेथविक के स्थानीय सिख समुदाय ने उन्हें अपना लिया। याचिका में कहा गया है कि गुरमीत ने ब्रिटेन में रहने के लिए आवेदन किया था, जिसे खारिज कर दिया गया जबकि पंजाब (भारत) में उनका कोई परिवार नही है जहां वह लौट सकें। इसमें कहा गया कि गुरमीत बहुत दयालु महिला हैं, उनके पास कुछ भी नही है, लेकिन वह फिर भी उदार हैं। याचिका के मुताबिक, उनका ज्यादातर समय स्थानीय गुरुद्वारा में स्वयंसेवी के रूप में सेवा देने पर व्यतीत होता है। ब्रिटेन के गृह विभाग का कहना है कि कौर पंजाब स्थित अपने गांव के लोगों के संपर्क में अब भी है और खुद को वहां के जन-जीवन के अनुकूल बना लेंगी। गृह विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि यह व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नही कर सकता है लेकिन सभी आवेदनों पर साक्ष्यों के आधार पर सावधानीपूर्वक विचार किया जाता है। ब्रशस्ट्रोक कम्युनिटी प्रोजेक्ट के आव्रजन सलाहकार सलमान मिर्जा ने याचिका पर हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की थी। वह वीजा अपील प्रक्रिया के माध्यम से कौर की मदद करने वालों में शामिल है। मिर्जा ने बीबीसी को बताया कि कौर को जो कुछ सामना करना पड़ा, वह यातना की तरह है। कौर ने पहली बार ब्रिटेन की यात्रा वर्ष 2009 में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए की थी और शुरूआत में वह अपने बेटे के साथ रह रही थी। लेकिन परिवार से अलग होने के बाद वह अजनबी लोगों की दया की मोहताज हो गईं। उनके स्थानीय समुदाय का उन्हें व्यापक समर्थन मिल रहा है।

### दक्षिण कोरिया, जापान और चीन त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन फिर से शुरू करने पर राजी, इसका समय तय नहीं

**सियोल।** दक्षिण कोरिया, जापान और चीन के विदेश मंत्रियों ने चार साल में पहली बार रविवार को एकसाथ बैठक करके तीनों देशों के बीच त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को फिर से शुरू करने तथा इन देशों के बीच सहयोग बहाल करने पर सहमति जताई, लेकिन इसके लिए कोई समय नही निर्धारित किया। आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से गहराई से जुड़े तीनों देशों का वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 25 प्रतिशत योगदान है। लेकिन जापान के रुख तथा चीन और अमेरिका के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा से जुड़े विवादों सहित कई मुद्दों के कारण त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों में अक्सर रुकावट आती रही है। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री पार्क जिन ने बुसान में जापान की विदेश मंत्री योको कामिकावा और चीन के विदेश मंत्री वांग ई के साथ अपनी बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, हम तीन मंत्री जल्द से जल्द तीनों देशों के बीच सहयोग को बहाल करने और इसे सामान्य करने पर सहमत हुए है।

# जांच पूरी होने से पहले ही भारत को दोषी करार दे दिया गया: कनाडा में भारत के दूत

भाषा। ओटावा

**कनाडा** में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा है कि कनाडा में खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत कतई शामिल नहीं था और ओटावा ने जांच पूरी होने से पहले ही नई दिल्ली को दोषी करार दिया है।

वर्मा ने यह टिप्पणी कनाडा के सबसे बड़े निजी टेलीविजन नेटवर्क सीटीवी न्यूज के साथ एक साक्षात्कार के दौरान की।

ब्रिटिश कोलंबिया में 18 जून को निज्जर की हत्या में भारत के एजेंटों की संभावित संलिप्तता संबंधी कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों के बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और किसी मकसद से प्रेरित बताकर खारिज किया है।

रविवार को प्रसारित साक्षात्कार के दौरान, वर्मा से पूछा गया कि भारत जांच में कनाडा के साथ सहयोग क्यों नहीं कर रहा है, इस पर उन्होंने कहा, ...जांच पूरी हुए बिना ही भारत को दोषी ठहराया गया। क्या यही कानून का शासन है?

यह पूछे जाने पर कि भारत को कैसे दोषी ठहराया गया, वर्मा ने जवाब दिया, क्योंकि भारत को सहयोग करने के लिए कहा गया था। और यदि आप विशिष्ट आपराधिक शब्दावली को देखें, जब कोई हमसे सहयोग करने के लिए कहता है, तो इसका अर्थ है कि आपको पहले ही दोषी ठहराया जा चुका है और बेहतर होगा कि आप सहयोग करें। इसलिए हमने इसे बिल्कुल अलग अर्थ में लिया।

उन्होंने कहा, लेकिन, हमने हमेशा कहा है कि अगर कुछ विशिष्ट और प्रासंगिक है, और हमें उसकी जानकारी दी जाए तो हम उस पर गौर करेंगे। यह पहले दिन से कहा गया था। निश्चित रूप से, हमने सहयोग शब्द का उपयोग नहीं किया है क्योंकि हमें लगता है कि यह अपमानजनक है।

वर्मा ने जोर देकर कहा कि भारत कनाडा में निज्जर की हत्या में किसी तरह से शामिल नहीं है। उच्चायुक्त ने कहा, हमने उस समय भी कहा था कि यह एक प्रेरित और बेतुका आरोप है। और यह अभी भी एक आरोप ही है। चाहे हम इसे एक विश्वसनीय आरोप कहें, यह शब्दों का चयन है, लेकिन यह एक आरोप है। इसलिए भारत सरकार की तरफ से, मैं आपको और आपके दर्शकों को आश्वस्त कर सकता हूं कि कनाडाई धरती पर एक कनाडाई नागरिक की हत्या में भारत सरकार का कोई हाथ नहीं था, जैसा कि हमेशा कहा जाता रहा है।

उन्होंने कहा, हमारे देश में कानून का शासन है और सभी स्वतंत्रताएं और अन्य सभी कुछ (चीजें) संविधान द्वारा 1950 में प्रदत्त किया गया जब हमने संविधान को आंगीकार किया। इसलिए वे हमारे स्तंभ हैं। (हम) इससे आगे नहीं जाएंगे।

वर्मा ने सिख अलगाववादी आंदोलन का जिक्र करते हुए कहा कि कनाडा के साथ अपने संबंधों में भारत की मुख्य चिंता यह बनी हुई है कि कुछ कनाडाई नागरिक (भारत की) संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमले करने के लिए कनाडाई धरती का उपयोग कर रहे हैं।

वर्मा ने कहा, कनाडा में मौजूद अधिकांश ज्ञात अपराधी और आतंकवादी खालिस्तानी मानसिकता के हैं... उनमें से कई भारत में अपने गिरोह चला रहे हैं। वे मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। वे हथियार तस्करी कर रहे हैं। वे मानव तस्करी की गतिविधियां चला रहे हैं।

उन्होंने कहा, भले ही वे यहां गतिविधियां चला रहे हैं, लेकिन ए चीजें सीमा पार तक फैलाई जा चुकी हैं। जब तक कनाडा में कोई घरेलू मुद्दा है, हमें इसकी परवाह क्यों होगी? लेकिन दुर्भाग्यवश, यह सीमा पार कर भारत तक पहुंच गया है, जहां कनाडा से इन गतिविधियों को शुरू करने वालों में से एक ने एक राज्य के मुख्यमंत्री की हत्या कर दी थी।

जब भारतीय उच्चायुक्त से पूछा गया कि क्या वह भारत में घरेलू राजनीतिक लाभ के लिए सिख अलगाववादियों के जोखिम को बढ़ा-चढ़ाकर पेश कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने कनाडा सरकार को पारस्परिक रूप से सहमत चैनल के माध्यम से यह साबित करने के लिए दस्तावेज प्रस्तुत किया है कि कनाडा में रहने वाले सिख अलगाववादी दोनों देशों में आपराधिक गतिविधियों में शामिल हैं। वर्मा ने कहा, ए रेड कॉर्नर नोटिस हैं, जो इंटरपोल के माध्यम से भेजे गए थे। वैसे, इन नोटिस में से एक निज्जर के लिए था, जिसकी हत्या हो गई है। इसलिए, हमने ए सभी चीजें साझा की हैं और इंटरपोल निश्चित रूप से सबूत के बिना कुछ भी आगे नहीं बढ़ाएगा।

उन्होंने कहा, इसलिए भारत में कोई विरोध नहीं है। हम इन लोगों के साथ आतंकवादियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं, अलगाववादियों की तरह नहीं।

उन्होंने कहा कि वे आतंकवादी हैं क्योंकि वे कनाडा से धन जुटाकर इसे भारत में गैंगस्टर और गिरोहों को भेज रहे हैं, जो भारत में अवैध गतिविधियां चला रहे हैं।

यह पूछे जाने पर कि सिख अलगाववादियों द्वारा कनाडा में जनमत संग्रह कराना घृणास्पद भाषण नहीं है, तो वर्मा ने जवाब दिया, देखिए, यदि आप जनमत संग्रह घरेलू स्तर पर कनाडा के लिए करते हैं, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है। आप अपने नागरिकों को भारत को विभाजित करने के लिए जनमत संग्रह करने की अनुमति कैसे दे रहे हैं?

वर्मा ने कहा, ..तो अगर वे भारत की क्षेत्रीय अखंडता को चुनौती देने के लिए कनाडाई धरती का उपयोग कर रहे हैं, तो दुनिया में कौन सा अंतरराष्ट्रीय कानून इसका समर्थन करेगा?

लगभग दो महीने तक सभी वीजा सेवाओं को निलंबित करने के बाद भारत द्वारा कनाडाई लोगों के लिए इलेक्ट्रॉनिक वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए, भारतीय दूत ने कहा, हमने स्थिति का निरंतर मूल्यांकन किया, और अंतिम मूल्यांकन के दौरान, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि जब हमने वीजा सेवाओं को निलंबित कर दिया था, तब के मुकाबले सुरक्षा स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर हुई है, इसलिए हमने ई-वीजा सेवाओं को फिर से शुरू करने का फैसला किया।

वर्मा ने यह भी कहा कि दोनों सरकारें द्विपक्षीय संबंधों को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बातचीत कर रही हैं।

# हमलावरों ने अदन के तटीय क्षेत्र में इजराइल से संबंधित तेल टैंकर को बंधक बनाया

एपी। दुबई

**हमलावरों** ने रविवार को अदन के तटीय क्षेत्र के पास इजराइल से संबंधित एक टैंकर को बंधक बना लिया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

टैंकर के चालक दल के सदस्यों में भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

किसी भी समूह ने टैंकर को बंधक बनाने की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन हाल के दिनों में कम से कम दो अन्य समुद्री हमलों को इजराइल-हमास युद्ध से जोड़ा गया है। कंपनी और निजी जासूसी फर्म एम्ब्रे ने बताया कि हमलावरों ने जॉडियक मैरीटाइम द्वारा संचालित टैंकर सेंट्रल पार्क को अदन की खाड़ी में बंधक बनाया है।

एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने भी टैंकर को बंधक बनाए जाने की पुष्टि की है। जॉडियक ने समुद्री लुटेरों द्वारा हमला किए जाने की आशंका जताई है।

कंपनी ने एक बयान में कहा, हमारी प्राथमिकता टैंकर पर सवार चालक दल के 22 सदस्यों की सुरक्षा है। चालक दल में भारतीय, तुर्किए, रूस, वियतनाम, बुल्गारिया, जॉर्जिया और फिलीपीन के नागरिक शामिल हैं। लंदन की कंपनी जॉडियक मैरीटाइम इजराइली अरबपति ईयाल ओफर के जॉडियक समूह का हिस्सा है।

यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि हमले के पीछे किसका हाथ है। निकटवर्ती अदन पर यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार से संबद्ध बलों और सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन का नियंत्रण है, जो वर्षों से यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों से लड़ रहा है।

अमेरिकी रक्षा अधिकारी ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अज्ञात बंधूकधारियों ने टैंकर पर कब्जा कर लिया है।

अधिकारी ने कहा, अमेरिका और गठबंधन सेनाएं आसपास हैं और हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं।

ईरान और इजराइल के बीच वर्षों से जारी शीतयुद्ध के बीच जॉडियक मैरीटाइम को पहले भी निशाना बनाया गया है। 2021 में एक ड्रोन के जरिए जॉडियक के तेल टैंकर मर्कर स्ट्रीट पर हमला किया गया था, जिससे चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई थी। अमेरिका तथा अन्य पश्चिमी देशों का मानना था कि हमले के लिए ईरान जिम्मेदार था।

ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस ने हाल में नाविकों को क्षेत्र में सेना जैसी वर्दी पहने हुए करीब आठ लोगों को एक जहाज पर सवार होकर घूमते हुए दिखाई दिए जाने के संबंध में आगाह किया था।

## भारत-यूएई व्यापार संबंधों ने नई ऊंचाइंयों को छुआ : भारतीय राजदूत सुधीर

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारत के राजदूत संजय सुधीर ने रविवार को कहा कि सदियों पुराने भारत-यूएई व्यापार संबंधों ने नई ऊंचाइयों को छुआ है और अविश्वसनीय रूप से विस्तारित अवसरों में विविधता आई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समाधान तैयार किए गए हैं जो समावेशी होने के साथ वैश्विक हितों के अनुरूप हैं। सुधीर की टिप्पणी 27 नवंबर को दुबई में होने वाले इंडिया ग्लोबल फोरम के वार्षिक कार्यक्रम से पहले आई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करेंगी। यह इस कार्यक्रम का तीसरा संस्करण है और इसका विषय है अनलीसिंग एंबिशंस। सुधीर ने कहा, मौजूदा विश्व में, भारत-यूएई रणनीतिक साझेदारी बहुत बड़ी है। सदियों पुराने व्यापार संबंध नई ऊंचाइयों पर हैं और अविश्वसनीय रूप से विस्तारित अवसरों में विविधता आई है।

भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय व्यापार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जो साल-दर-साल 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए अप्रैल 2022-मार्च 2023 की अवधि में 85 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया। वर्ष 2030 तक दोनों देशों के गैर-तेल व्यापार को 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

# इजराइली बलों ने आठ फलस्तीनियों की हत्या की : स्वास्थ्य अधिकारी

एपी। जेनिन शरणार्थी शिविर (वेस्ट बैंक)

**इजराइल** के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में मौजूद इजराइली सुरक्षा बलों ने 24 घंटे की अवधि में कम से कम आठ फलस्तीनियों को मार डाला। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम का रविवार को तीसरा दिन है। हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल पर हमला किया था, जिसके बाद से वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है और गाजा पट्टी में युद्ध की वजह से भारी तबाही हुई है।

इजराइली बलों ने वेस्ट बैंक में दर्जनों की संख्या में फलस्तीनियों की हत्या की और सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार किया। वेस्ट बैंक में इजराइल द्वारा बसाए गए यहूदियों ने भी हमलों को बढ़ा दिया।

फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि चरमपंथियों के गढ़ जेनिन में पांच फलस्तीनी मारे गए जबकि वेस्ट बैंक के अलग-अलग इलाकों में शनिवार सुबह से तीन अन्य लोग मारे जा चुके हैं।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, मध्य वेस्ट बैंक के अल-बिरेह में मारे गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है।

इजराइली सेना ने बताया कि जेनिन शरणार्थी शिविर में अपने एक अभियान के दौरान उसने पांच फलस्तीनियों को मार दिया। इजराइली सेना के मुताबिक, इस साल की शुरुआत में वेस्ट बैंक में फलस्तीनी संदिग्धों ने एक इजराइली पिता और पुत्र की हत्या कर दी थी, जिनकी तलाश में शिविर में अभियान चलाया गया था।

सेना ने कहा कि जो लोग मारे गए वे उग्रवादी थे लेकिन किसी भी समूह ने तत्काल दावा नहीं किया कि मारे गए लोग उनके सदस्य हैं।

सेना ने कहा कि वह अन्य घटनाओं से जुड़ी रिपोर्ट की जांच कर रही है।

शरणार्थी शिविर में घनी आबादी के बीच सड़कों पर मलबा बिखरा हुआ दिखाई दिया और एक घर की दीवार में बड़ा छेद देखा गया।

फलस्तीन की आधिकारिक समाचार एजेंसी वफा की खबर के अनुसार, इजराइली निशानेबाज छतों पर तैनात थे और सेना के बुलडोजर सड़कों और बुनियादी ढांचे को नष्ट कर रहे हैं।

## युद्ध में हमास के उत्तरी गाजा के शीर्ष कमांडर की मौत

**दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** हमास ने कहा है कि इजराइल के साथ युद्ध में उसका एक शीर्ष कमांडर मारा गया है। चरमपंथी समूह ने रविवार को अहमद अल-गंदौर की मौत की घोषणा की। इसने हालांकि यह नहीं बताया कि वह कब और कहां मारा गया। अल-गंदौर समूह की सशस्त्र शाखा का एक उच्च पदस्थ सदस्य और उत्तरी गाजा में हमास का शीर्ष कमांडर था।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client (IDBI Bank Ltd) that Mrs. Savitri Chhabra is the owner of Property Bearing No. F-112, area measuring 50 Sq. Mtrs., i.e., 60 Sq. Yds., in Block-F, situated in the residential Colony Known as Sushant Lok, Phase-III, in and around Village Tigra Tehsil & Distt. Gurgaon, Haryana "the said property", by virtue of Sale deed dt. 23.12.2023, Registration No. 18540, executed by Mr. Bharat Bhushan through General Power of Attorney holder Miss Sarah Berry, has lost/misplaced original Conveyance Deed dt. 23.08.2004 Registration No.11146, Original General Power of Attorney dated 15.12.2000, Original Sale Deed dated 21.09.2004, Doc No. 13329, that the above owner want to take a loan facility from our client against the said property. All persons are hereby informed not to deal or carry out any transaction with anyone on the basis of the said missing document. If anyone has already carried out or being carried out kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

# सिलक्यारा सुरंग में लंबवत ड्रिलिंग शुरू

भाषा। नई दिल्ली

**● अब तक 19.2 मीटर खुदाई हुई, ऑगर मशीन के टूटे हिस्सों को निकालने के प्रयास जारी**

**राष्ट्रीय आपदा** प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने रविवार को कहा कि उत्तरकाशी में सिलक्यारा सुरंग में ऑगर मशीन के टूटे हुए हिस्सों को निकालने और हाथों से खुदाई शुरू करने के लिए काम जारी है, जबकि पिछले 14 दिनों से सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए लम्बवत ड्रिलिंग भी शुरू हो गई है। और अब तक 19.2 मीटर ड्रिलिंग की जा चुकी है। एनडीएमए के सदस्य लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सुरग में फंसे श्रमिकों को बचाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। हसनैन ने कहा कि दूसरा सबसे अच्छा विकल्प माने जाने वाली लम्बवत ड्रिलिंग का काम दोपहर के आसपास शुरू हुआ और 15 मीटर की ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने बताया कि 86 मीटर की लम्बवत ड्रिलिंग के बाद फंसे हुए श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए सुरंग की ऊपरी परत को तोड़ना होगा। एनडीएमए सदस्य ने बताया कि श्रमिकों को बचाने के लिए छह योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं, लेकिन अब तक का सबसे अच्छा विकल्प क्षैतिज ड्रिलिंग है, जिसके तहत 47 मीटर की ड्रिलिंग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा, छह योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। अभियान रोका नहीं गया है और मरम्मत कार्य के तहत यह जारी है। हसनैन ने कहा कि साइडवे ड्रिलिंग (लंबवत ड्रिलिंग) करने वाली मशीनों के रात के दौरान बचाव स्थल पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि क्षैतिज ड्रिलिंग के दौरान ऑगर मशीन के टूटे हुए हिस्सों को सुरंग से बाहर निकालने का काम जारी है। एनडीएमए सदस्य ने कहा कि इस उद्देश्य के लिए मैग्ना और प्लाज्मा कटर मशीन का उपयोग किया जा रहा है।

हसनैन ने कहा, 47 मीटर लंबे खंड में फंसे ऑगर मशीन के टूटे हुए हिस्से को 34 मीटर तक निकाला जा चुका है और लगभग 13 मीटर अभी बाकी है। हमें उम्मीद है कि इसे आज रात तक निकाल लिया जाएगा। सिलक्यारा सुरंग के अंदर मलबे में फंसी ऑगर मशीन के हिस्सों को काटने और निकालने के लिए रविवार को हैदराबाद से एक प्लाज्मा कटर भेजा गया। उन्होंने कहा कि एक बार टूटे हुए हिस्सों को निकाल लेने के बाद फंसे हुए श्रमिकों तक पहुंचने के लिए 15 मीटर की खुदाई हाथों से की जाएगी, हालांकि इसमें समय लग सकता है। एनडीएमए के सदस्य ने कहा, ...पहले, हम 4-5 मीटराघंटा की गति से ड्रिलिंग कर पा रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं हो सकता है। हालांकि, यह एक सुरक्षित और कामयाब तकनीक है। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित एजेंसियां काम कर रही हैं। अधिकारियों के लिए बचाव कार्य फिर से शुरू करने के लिए मशीन को पूरी तरह से हटाना आवश्यक है, जिसमें श्रमिकों को निकालने का रास्ता तैयार करने के लिए मलबे के माध्यम से पाइप को हाथ से धकेलना शामिल है। लंबवत ड्रिल के लिए ड्रिल मशीन का एक हिस्सा भी सुरंग के ऊपर पहाड़ी पर भेजा गया है। भारतीय सेना के कोर ऑफ इंजीनियर्स के एक इंजीनियर समूह, मद्रास सैपर्स की एक इकाई, बचाव कार्यों में सहायता के लिए रविवार को बचाव स्थल पर पहुंची। फंसे हुए श्रमिकों को निकालने का रास्ता तैयार करने के लिए सिलक्यारा सुरंग के मलबे में ड्रिलिंग करने वाली ऑगर मशीन के ब्लेड शुक्रवार की रात मलबे में फंस गए, जिससे अधिकारियों को अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसके कारण बचाव अभियान में कई दिन या यहां तक कि हफ्तों का समय लग सकता है। कई एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे बचाव अभियान के 14वें दिन अधिकारियों ने दो विकल्पों पर ध्यान केंद्रित किया – मलबे के शेष 10 या 12 मीटर हिस्से में हाथ से ड्रिलिंग या ऊपर की ओर से 86 मीटर नीचे ड्रिलंग।

## भारत 26-11 के हमलावरों को उचित जवाब नहीं दे सका : हिमंत बिश्व शर्मा

**पुरी ( भाषा )।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिश्व शर्मा ने कहा कि देश 26-11 के मुंबई हमलावरों को उचित जवाब नहीं दे सका। शर्मा ने यहां श्रीजगन्नाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद यह टिप्पणी की। शर्मा ने संवाददाताओं से कहा, यह हम सभी के लिए बेहद दु:खद दिन है। अगर उस समय मनमोहन सिंह की जगह नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री होते तो चीजें बिल्कुल अलग होतीं। पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकवादी 26 नवंबर, 2008 को समुद्री मार्ग से आए और मुंबई में अंधाधुंध गोलीबारी में 166 लोगों की हत्या कर दी थी, जिनमें से 18 सुरक्षाकर्मी थे। इसमें कई अन्य घायल हो गए। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी ने हमलावरों को करारा जवाब दिया होता, उन्होंने कहा, यह वाकई दु:खद है कि हम उचित जवाब नहीं दे सके। शर्मा ने कहा, कार्तिक महीने के आखिरी पांच दिनों के दौरान त्रिमूर्ति के दर्शन करना सबसे पवित्र माना जाता है।

# संसद लोक तंत्र की आत्मा है: उपराष्ट्रपति धनखड़



**नई दिल्ली ( भाषा )।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि संसद लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी सर्वोच्चता में कार्यपालिका या न्यायपालिका का कोई भी हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। यहां संविधान दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, संसद की संप्रभुता राष्ट्र की संप्रभुता का पर्याय है और यह अभेद्य है। उन्होंने कहा, संसद के विशिष्ट क्षेत्र में कोई भी अतिक्रमण संवैधानिक भूल और लोकतांत्रिक सार एवं मूल्यों के प्रतिकूल होगा। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र की आत्मा है और इसकी सर्वोच्चता में कार्यपालिका या न्यायपालिका का हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश के निरंतर विकास के लिए कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका को सहयोगात्मक संवाद करना चाहिए, न कि टकराव की धारणा बनानी चाहिए। बिना किसी का नाम लिए उन्होंने सरकार के आलोचकों पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि जब भी देश में कुछ बड़ा होता है, तो कुछ लोग इसकी संस्थाओं को कलंकित और धूमिल करने के कृत्यों में लग जाते हैं। उपराष्ट्रपति ने 1975 में लगाए गए आपातकाल को स्वतंत्र भारत के इतिहास का सबसे काला दौर बताया।

# विदेश सचिव क्वात्रा ने ईरानी विदेश मंत्री से मुलाकात की

**नई दिल्ली ( भाषा )।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने रविवार को तेहरान में ईरानी विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान से मुलाकात की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, चाबहार बंदरगाह के माध्यम से कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने एवं हमास-इजराइल संघर्ष से पश्चिम एशिया में उत्पन्न वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। विदेश सचिव भारत-ईरान विदेश मंत्रालय परामर्श की एक बैठक की सह अध्यक्षता करने के लिए तेहरान में हैं। विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियान के साथ क्वात्रा की बैठक पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में जारी सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए। बागची ने एक्स पर कहा, विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने आज तेहरान में ईरान के विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियान से मुलाकात की। उन्होंने कहा, द्विपक्षीय मामलों, चाबहार बंदरगाह सहित कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर चर्चा की गई और क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों पर दृष्टिकोण साझा किया गया। दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में जारी सहयोग को और मजबूत करने पर सहमत हुए। क्वात्रा की तेहरान यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमास और इजराइल के बीच संघर्ष पर बढ़ती वैश्विक चिंताओं के बीच हुई है। दोनों पक्ष शुक्रवार से चार दिवसीय युद्धविराम पर सहमत हुए। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि दोनों पक्षों ने चाबहार बंदरगाह, व्यापार और आर्थिक संबंधों, क्षमता निर्माण पहल और लोगों के बीच संबंधों सहित विभिन्न द्विपक्षीय मुद्दों के सभी पहलुओं की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उन्होंने अफगानिस्तान और गाजा के घटनाक्रम सहित वर्तमान क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

# भारत खुद को विश्वमित्र के रूप में देखता है : प्रधानमंत्री

**हैदराबाद ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत खुद को विश्वमित्र के रूप में देखता है और यही कारण है कि दुनिया इसे मित्र कहती है। मोदी ने यहां से लगभग 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित कान्हा शांति वनम में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अतीत में देश को गुलाम बनाने वालों ने भारत की मूल शक्ति --योग, ज्ञान और आयुर्वेद जैसी उसकी परंपराओं पर हमला किया, जिससे उसे भारी नुकसान सहना पड़ा।

कान्हा शांति वनम का उद्घाटन 2020 में तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि गुलामी जब भी और जहां भी आई, उस समाज की मूल ताकत को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा, भारत को गुलाम बनाने वालों ने योग और आयुर्वेद जैसी इसकी परंपराओं पर हमला किया। ऐसी कई महत्वपूर्ण परंपराएं थीं और उन पर हमला किया गया और इससे देश को भारी नुकसान हुआ। उन्होंने कहा, हालांकि समय बदलता है, भारत भी बदल रहा है। यह आजादी का अमृत काल (75वां वर्ष) है। भारतीय जो भी निर्णय लेंगे, हम जो काम करेंगे, वे आने वाली पीढ़ियों का भविष्य निर्धारित करेंगे। उन्होंने इस साल 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से की गई अपनी पंच प्रण घोषणा को याद किया, जिनमें एक विकसित भारत के लिए संकल्प लेना, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाना, हमारी विरासत और एकता पर गर्व करना तथा नागरिकों के कर्तव्य शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में, सरकार ने देश की सांस्कृतिक विरासत को हर तरह से सशक्त करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि आज भारत की चर्चा ज्ञान के केंद्र के रूप में की जा रही है। उन्होंने उल्लेख किया कि देश के प्रयासों के कारण संयुक्त राष्ट्र ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत सुनिश्चित करने के लिए हमें चार स्तंभों-नारी शक्ति, युवा शक्ति, श्रम



शक्ति और उद्यम शक्ति- पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "गरीब, मछुआरे, किसान, छात्र, युवा...उनका सशक्तीकरण समय की मांग है और उनकी आकांक्षाओं को पूरा करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले लोगों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन आज सरकार लाभार्थियों तक पहुंच रही है। मोदी ने कहा, एक समय था जब नागरिक सरकार के दरवाजे खटखटाते थे। आज हम आपके दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ सभी तक पहुंचना चाहिए और कोई भी पीछे नहीं छूटना चाहिए। उन्होंने मेरा भारत मिशन का जिक्र किया, जो युवाओं को नशे के दलदल में जाने से रोकेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, जैसे प्रकृति निस्वार्थ भाव से देती है, आइए हम भी निस्वार्थ भाव से काम करें और एक मजबूत भारत का निर्माण करें। मोदी ने कहा कि भारत खुद को "विश्वामित्रै के रूप में देखता है। उन्होंने कहा, विकासशील भारत खुद को विश्वमित्र के रूप में देखता है। जिस तरह से हम कोरोना (महामारी) के बाद दुनिया के साथ खड़े थे, आज मुझे दुनिया को यह बताने की जरूरत नहीं है कि भारत आपका मित्र हैअ दुनिया कहती है कि भारत हमारा मित्र है। प्रधानमंत्री मोदी का इशारा परोक्ष तौर पर महामारी के बाद 2020 में देश की कंपनियों द्वारा उत्पादित कोविड-19 रोधी टीकों को कई देशों में भेजने की ओर था।

# लोहे के कबाड़ से बनाई गई राम मंदिर की प्रतिकृति

**इंदौर ( भाषा )।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में 21 टन लोहे के कबाड़ का प्रयोग करके राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है। यह प्रतिकृति अयोध्या में बन रहे श्री राम जन्मभूमि मंदिर की है जिसका उद्घाटन अगले साल 22 जनवरी को होना निर्धारित है। खास बात यह है कि इस प्रतिकृति के निर्माण में मुस्लिम कारीगर भी शामिल हैं।

शहर के विश्राम बाग में इस प्रतिकृति के निर्माण का बीड़ा महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उठाया। उन्होंने रविवार को पीटीआई-भाषा से कहा, यह प्रतिकृति भगवान राम के संदेश के साथ ही इंदौर की स्वच्छता का संदेश भी दुनिया भर में पहुंचाएगी। भार्गव ने बताया कि यह प्रतिकृति अपशिष्ट प्रबंधन के उस "3 आरै (रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल) फॉर्मूला पर आधारित है जिसके बूते केंद्र सरकार के राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर लगातार छह सालों से अव्वल बना हुआ है। उन्होंने बताया कि लगभग तीन महीने में तैयार प्रतिकृति 40 फुट लम्बी, 27 फुट चौड़ी और 24 फुट ऊंची है और इसमें बिजली के खंभों, वाहनों आदि चीजों का 21 टन लौह कबाड़ लगा है। महापौर ने बताया कि प्रतिकृति को आकार देने वाले कारीगरों में हिंदू और मुस्लिम, दोनों समुदायों के कारीगर शामिल हैं। प्रतिकृति के निर्माण से जुड़ी एक निजी कंपनी के मालिक उज्ज्वल सिंह सोलंकी ने बताया, "जब हमने तीन महीने पहले यह प्रतिकृति बनानी शुरू की, तब अयोध्या का राम मंदिर बनकर तैयार नहीं हुआ था। लिहाजा प्रतिकृति का डिजाइन तय करने में हमने जानकारों के साथ ही इंटरनेट की भी मदद ली। सोलंकी ने बताया कि राम मंदिर की प्रतिकृति के निर्माण में 60 से 70 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है और रंग-रोगन और विद्युत सज्जा के जरिए इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# संविधान के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर हुई चर्चा

**बाराबंकी।** लक्ष्मी देवी लॉ कालेज के ऑडिटोरियम में संविधान दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संस्था के पहले बैच के प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा नये विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेकर आगे मन लगाकर पढ़ाई करने का आह्वान मुख्य अतिथि प्रोफेसर नरेंद्र मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया। वाइस चेयरमैन डॉ. शीवेश मणि त्रिपाठी ने अपनी मां स्वर्गीय लक्ष्मी देवी को याद करते हुए उनसे किया हुआ वादा पूरा होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कॉलेज को और सफल बनाने के लिए कार्ययोजना पर चर्चा की गई। वहीं डॉ. रोहित पी साबरन के पिता स्वर्गीय डॉ. प्रेम नाथ पांडेय की स्मृति में हर वर्ष टॉपर विद्यार्थी को स्वर्ण पदक देने की घोषणा भी संस्था के अध्यक्ष प्रो. नरेंद्र मणि त्रिपाठी ने की। इस अवसर पर विद्वत जनों द्वारा संविधान के महत्वपूर्ण बिन्दुओं से सभा में उपस्थित जनमानस एवं विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। डॉ. प्रेम नाथ पांडेय





स्मृति स्वर्ण पदक से टापर विद्यार्थी सौरभ सिंह को सम्मानित भी किया गया। प्रथम वक्ता लालमन कुशवाहा एवं द्वितीय वक्ता राजकुमार चौरसिया के द्वारा सभी को विस्तार से संविधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सरस्वती प्रार्थना, भाषण, स्वागत गीत गायन आदि की सुन्दर प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. उमा कृष्ण अवस्थी के द्वारा किया गया। संस्था की तरफ से स्टूडेंट ऑफ द ईयर का खिताब छात्र प्रद्युम्न सिंह को देकर पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का उपसंहार कथन शिक्षक हिमांशु गोस्वामी द्वारा किया गया।

# आईआईटी, आईआईएम को बहु विषयक संस्थान बनने की सलाह

**भुवनेश्वर ( भाषा )।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने रविवार को कहा कि केंद्र ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) को विशेषज्ञता के क्षेत्रों से परे जाकर बहु-विषयक संस्थान बनाने की सलाह दी। प्रधान ने ओडिशा अनुसंधान केंद्र (ओआरसी) के उद्घाटन के मौके पर कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के जरिए बहु-विषयक शिक्षा प्रदान करने को प्राथमिकता दी गई है और आईआईटी और आईआईएम भी इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन और प्रधान ने संयुक्त रूप से एक कार्यक्रम में केंद्र का उद्घाटन किया।

यह केंद्र कला, संस्कृति, पुरातत्व, ओडिशा के समाजशास्त्र, राजनीतिक प्रक्रिया और राजनीतिक संस्कृति, कृषि, वाणिज्य, व्यापार एवं उद्योग, समकालीन ओडिशा के विकास के रुझान, विज्ञान एवं



प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा तथा भविष्य की प्रौद्योगिकी पर अनुसंधान करेगा। मंत्री ने कहा कि यह स्मार्ट शहरों, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण की सुरक्षा, सतत विकास और उन्नत खनिजों पर भी काम करेगा। केंद्र की स्थापना भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग, शिक्षा मंत्रालय, आईआईएम संबलपुर, आईआईटी खड़गपुर और आईआईटी भुवनेश्वर के सहयोग से की गई है।

# नीतीश ने बिहार में शराबबंदी का प्रभाव जानने के लिए नए सिरे से सर्वेक्षण का आह्वान किया

**पटना ( भाषा )।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शराबबंदी के प्रभाव का अध्ययन करने के लिए एक ताजा सर्वेक्षण का आह्वान किया ।उनकी सरकार ने सात साल से अधिक समय पहले राज्य में शराबबंदी लागू की थी। कुमार ने नशामुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित एक सरकारी समारोह में इस आशय की एक टिप्पणी की। हर साल इस तिथि को नशामुक्ति दिवस मनाया जाता है जिसके तहत सरकारी अधिकारी और अन्य सार्वजनिक हस्तियां नशे के खिलाफ राज्य की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं ।बिहार में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री पद आसीन रहने वाले कुमार (70) ने अपने शुरुआती अनुभवों को याद किया जिसके कारण उन्हें शराब से नफरत हो गई थी ।उन्होंने कहा, जिस स्थान पर मैंने अपना बचपन बिताया था, वह इस बुराई से मुक्त था। जब मैं इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के लिए पटना आया और किराए के जिस



मकान में मैं रहता था, वहां पड़ोस में कुछ लोग शराब पीते थे और उपद्रव करते थे। उन्होंने अपने राजनीतिक गुरू कर्पूरी ठाकुर के शासन में राज्य में शराबबंदी की अल्पकालिक कोशिश का जिक्र करते हुए कहा, लेकिन सरकार दो साल से अधिक नहीं चली और उसके बाद के शासन द्वारा शराब पर प्रतिबंध हटा दिया गया। कई बडे लोगों के कड़े विरोध के बावजूद, हमने अप्रैल, 2016 में कदम उठाया। 2018 में किए गए एक सर्वेक्षण में इसका सकारात्मक परिणाम दिखा। कर्पूरी ठाकुर 1970 के दशक में जनता पार्टी के नेता के रूप में मुख्यमंत्री बने थे। कुमार ने कहा, 2018 में सर्वे कराया गया तो पता चला कि एक करोड़ 64 लाख लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। वर्ष 2023 के सर्वे से पता चला कि एक करोड़ 82 लाख लोगों ने शराब पीना छोड़ दिया है। सर्वे से यह भी पता चला कि 99 प्रतिशत महिलाएं जबकि 92 प्रतिशत पुरुष शराबबंदी के पक्ष में हैं। शराबबंदी को लेकर प्रतिदिन हमारे पास रिपोर्ट आती है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने के आरोप में बहुत लोग पकड़े गए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा, आपलोग ठीक ढंग से एक बार फिर से शराबबंदी का सर्वे कीजिए। हम तो कहेंगे एक-एक घर में जाकर पता कीजिए कि शराबबंदी का क्या प्रभाव है। मुख्यमंत्री ने कहा, हमलोगों ने जाति आधारित गणना कराई जिसमें एक-एक घर जाकर सभी चीजों की जानकारी ली गई। उसी प्रकार एक-एक घर जाकर शराबबंदी को लेकर ठीक ढंग से आंकलन कीजिए।

# राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान के अधिकारी घूसखोरी में गिरफ्तार

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान (एनआईयूएम) के एक प्रशासनिक अधिकारी को एक कैंटीन मालिक से उसके लंबित बिलों के भुगतान के लिए 1.10 लाख रुपए की रिश्वत मांगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नदीम ए सिद्दीकी को मांगी गई कुल रिश्वत के आंशिक भुगतान के रूप में 50,000 रुपए कथित तौर पर लेते समय गिरफ्तार किया गया था।

एजेंसी के अनुसार, शिकायतकर्ता कंपनी एक यूनानी अस्पताल के मरीजों को भोजन की आपूर्ति करती थी, जिसके बिल का भुगतान एनआईयूएम, बेंगलुरु द्वारा मासिक आधार पर उसके मालिक के खाते में किया जाता था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि अनुबंध की अवधि दो महीने के भीतर समाप्त होने वाली थी और एनआईयूएम के पास तीन लाख रुपए के दो महीने के बिल लंबित थे। अधिकारियों ने बताया कि राशि चुकाने के लिए, सिद्दीकी ने मालिक से 1.10 लाख रुपए की कथित तौर पर रिश्वत की मांग की। इसके बाद शिकायकर्ता ने सीबीआई से संपर्क किया था। उन्होंने बताया कि सिद्दीकी शिकायतकर्ता से 50,000 रुपए का आंशिक भुगतान कथित तौर पर प्राप्त करने के लिए सहमत हो गया। एजेंसी के प्रवक्ता ने कहा, सीबीआई ने आरोपी को शिकायतकर्ता से 50,000 रुपए की रिश्वत की आंशिक राशि मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपियों के परिसरों की तलाशी ली गई, जिससे दो लाख रुपए बरामद हुए। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी को बेंगलुरु में सीबीआई मामलों के विशेष न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

## सनातन धर्म के लिए सभी दलों को एकजुट होना चाहिए : तेजस्वी सूर्या

**बेंगलुरु ( भाषा )।** बेंगलुरु दक्षिण से सांसद और भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने राजनीतिक दलों से सनातन धर्म को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि जल्लीकट्टू और कंबाला जैसे पारंपरिक खेलों को रोकने के लिए कुछ ताकतों द्वारा एजेंडे के तहत साजिश की जा रही है। सूर्या भैंसा दौड़ कंबाला के आयोजन के दूसरे और आखिरी दिन लोगों को संबोधित कर रहे थे। तटीय कर्नाटक और पड़ोसी केरल के कासरगोड की मशहूर भैंसा दौड़ पहली बार राज्य की राजधानी में हो रही है। सूर्या ने कहा, हमने देखा है कि आज विभिन्न एजेंडे वाली कुछ ताकतें अदालतों में जा रही हैं और जल्लीकट्टू और कंबाला जैसे हमारे पारंपरिक खेलों को रोकने के प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा, पार्टियों को अपने राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठना चाहिए और जलीकट्टू , कंबाला और हमारे त्योहारों को बचाने के लिए एकजुट होना चाहिए।

# आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुआ

**नई दिल्ली ( भाषा )।** केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने का फैसला किया है तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस साल के आखिर तक इसे लागू करने के लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र भेजा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्यों को आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) पोर्टल पर नए नाम वाले इन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तस्वीरें अपलोड करने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि पत्र में यह स्पष्ट किया गया कि नए नाम वाले केंद्रों पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का निशान (लोगो) यथावत रखा जाए। नए नाम वाले एबी-एचडब्ल्यूसी की नई टैगलाइन आरोग्यम परमं धनम होगी। पच्चीस नवंबर को भेजे गए इस पत्र में मंत्रालय ने कहा, ए केंद्र रुग्णता से आरोग्यता की ओर की सोच और स्वास्थ्य देखभाल प्रदायगी को ले जाने में सफल रहे हैं। अब एक कदम आगे बढ़ते हुए तथा आयुष्मान भारत के सपने को साकार करने के लिए सक्षम प्राधिकार ने आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों का नाम बदलकर आयुष्मान आरोग्य मंदिर करने का फैसला किया है, जिसकी टैगलाइन आरोग्यम परमं धनम होगी। पत्र में कहा गया है कि नया नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर और टैगलाइन आरोग्यम परमं धनम को सभी संचालित एबी-एचडब्ल्यूसी के वर्तमान नाम आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र की जगह रखा जाए। पत्र के अनुसार यदि ब्रांडिंग के लिए देवनागरी (हिंदी)।अंग्रेजी के अलावा अन्य लिपियों का इस्तेमाल किया जाना हो तो उस नाम का राज्य की भाषाओं में सटीक अनुवाद किया जा सकता है, लेकिन टैगलाइन का राज्य की भाषाओं में लिप्यांतरण किया जाए।

# उग्रवादी समूह से वार्ता कर रही मणिपुर सरकार शांति समझौते पर शीघ्र होंगे हस्ताक्षर : सिंह

भाषा। इंफाल

**मणिपुर के** मुख्यमंत्री एन.बीरेन सिंह ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार इंफाल घाटी के एक उग्रवादी समूह के साथ वार्ता कर रही है और जल्द ही एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। सिंह ने पीटीआई-वीडियो से कहा कि वार्ता अग्रिम चरण में है हालांकि उन्होंने भूमिगत संगठन का नाम नहीं लिया। मुख्यमंत्री ने कहा, हम आगे बढ़ रहे हैं और बहुत जल्द एक बड़े भूमिगत संगठन के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। राज्य में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद यह पहली बार है जब सरकार की ओर से इस तरह की वार्ता को लेकर आधिकारिक पुष्टि की गई है।

इससे पहले सूत्रों ने कहा था कि सरकार प्रतिबंधित संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के एक धड़े के साथ वार्ता कर रही है ।अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में तीन मई को आयोजित आदिवासी एकजुटता मार्च के बाद भड़की हिंसा में अब तक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी, जिनमें नगा और कुकी शामिल हैं, 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं। समाचार पत्रों के प्रकाशित नहीं होने और स्थानीय टीवी चैनलों के बंद होने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी शनिवार को ही मिली है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले पर सीआईडी को एक रिपोर्ट देने के निर्देश दे चुके हैं।

एक उग्रवादी समूह के हस्तक्षेप के खिलाफ विरोध का इजहार करते हुए समाचार पत्रों ने प्रकाशन और स्थानीय टीवी चैनलों ने प्रसारण पर शुक्रवार से इंफाल घाटी में रोक लगा रखी है। इससे यहां सूचनाओं का प्रवाह बाधित हो गया है। म्यांमा के लोगों के मणिपुर में शरण लेने को लेकर सिंह ने कहा कि यद्यपि भारत संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी समझौते का सदस्य नहीं है, लेकिन कुछ लोगों को मानवीय आधार पर राज्य में शरण दी गई है। उन्होंने कहा कि हालांकि म्यांमा में स्थिति सुधरने पर इन लोगों को वापस भेज दिया जाएगा। जुलाई तक सीमा पार कर आए म्यांमा के 2500 लोग मणिपुर के विभिन्न हिस्सों में रह रहे थे। पड़ोसी देश में ताजा हिंसा के बाद इस आंकड़े में बढ़ोतरी हुई है।

# भारत ने रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से हराया

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम



**रुतुराज** गायकवाड़ (43 गेंद में 58 रन), यशस्वी जायसवाल (25 गेंद में 53 रन) और इशान किशन (32 गेंद में 52 रन) की अर्धशतकीय पारियों के बाद रवि बिश्नोई की अगुवाई में गेंदबाजों के दमखम से भारत ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया को 44 रन से शिकस्त देकर पांच मैचों की श्रृंखला के दो 2-0 की बढ़त बना ली।

इन तीनों की अर्धशतकीय पारी के बाद रिंकू सिंह ने नौ गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 31 रन बनाए जिससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस प्रारूप का अपना सबसे बड़ा स्कोर चार विकेट पर 235 रन बनाया। टी20 में अपना पांचवां सबसे बड़ा स्कोर बनाने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया की पारी को 20 ओवर में नौ विकेट पर 191 रन पर रोक दिया।

ऑस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोइनिस (25 गेंद में 45 रन) और टिम डेविड (22 गेंद में 37 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 38 गेंद में 81 रन जोड़कर भारत की परेशानियों को बढ़ाया लेकिन लगातार ओवरों में दोनों के आउट होने से मैच पर उनकी पकड़ ढीली हो गई। कप्तान मैथ्यू वेड ने नाबाद 42 रन बनाए लेकिन यह टीम के लिए काफी नहीं था।

भारत के लिए बिश्नोई ने चार ओवर में 32 रन देकर तीन अहम विकेट लिए। प्रसिद्ध कृष्णा ने भी तीन विकेट लिए जबकि मुकेश कुमार, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट लिए। अक्षर ने अपने चार ओवर में सिर्फ 25 रन दिए।

भारत के लिए रुतुराज ने तीन चौके और दो छक्के की मदद से 58 रन बनाने के साथ यशस्वी जायसवाल के साथ पहले विकेट के लिए 35 गेंद 77 और इशान के साथ दूसरे विकेट के लिए 58 गेंद में 87 रन की साझेदारी की। जायसवाल ने नौ चौके और दो छक्के जबकि इशान तीन चौके और चार छक्के जड़े। ऑस्ट्रेलिया के लिए नाथल एलिस ने चार ओवर में 45 रन देकर तीन विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए मैथ्यू शॉर्ट (10 गेंद में 19 रन) ने शुरुआती दो ओवर में चार चौके जड़कर ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलाई लेकिन रवि बिश्नोई ने तीसरे ओवर में उन्हें और पांचवें ओवर में पिछले मैच के शतकवीर जोश इंग्लिस (चार गेंद में दो रन) को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई।

अक्षर ने ग्लेन मैक्सवेल (आठ गेंद में 12 रन) को पवेलियन भेजा जिससे पावरप्ले के बाद ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 53 रन था।

अपने पहले ओवर में स्टीव स्मिथ (16 गेंद में 19 रन) से छक्का खाने वाले प्रसिद्ध कृष्णा ने दूसरे स्पैल में पारी के आठवें ओवर में इस अनुभवी बल्लेबाज को चलता किया।

स्टोइनिस ने नौवें ओवर में बिश्नोई के खिलाफ लगातार दो छक्के लगाकर जबकि टिम डेविड ने अगले ओवर में मुकेश कुमार ने खिलाफ लगातार तीन चौके और फिर छक्के के साथ मैच में ऑस्ट्रेलिया की वापसी कराई। ऑस्ट्रेलिया ने इस ओवर से 22 रन बटोर कर रनों का शतक पूरा किया। अर्शदीप सिंह की गेंद पर स्टोइनिस का शॉट बाउंड्री पर तिलक वर्मा के हाथों से झटककर छह रन के लिए चल गया। इस बल्लेबाज ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए फिर से गेंद को दर्शकों के पास भेजा।

बिश्नोई ने 14वें ओवर में डेविड की आक्रामक पारी को खत्म किया तो वही मुकेश ने अगले ओवर में स्टोइनिस को आउट कर मैच पर भारत का दबदबा बनाया। कृष्णा ने इसके बाद सीन एबोट और नाथन एलिस जबकि अर्शदीप ने यॉर्कर पर एडम जम्पा के विकेटों को उखाड़ा। कप्तान वेड ने आखिरी ओवरों में चार छक्के लगाए लेकिन तब तक मैच ऑस्ट्रेलिया के हाथों से निकल चुका था। इससे पहले जायसवाल और रूतुराज की जोड़ी ने भारत को तेज तर्रार शुरुआत दिलाई। रुतुराज ने स्टोइनिस के पहले ओवर में चौका लगाया लेकिन बाए हाथ बल्लेबाज जायसवाल ज्यादा आक्रामक रहे। उन्होंने तीसरे ओवर में मैक्सवेल के खिलाफ दो चौके लगाने के बाद चौथे ओवर में सीन एबोट के खिलाफ लगातार तीन चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने इस गेंदबाज के अगले ओवर में फिर से हैट्रिक चौका जड़ महज 24 गेंद में अपना पचासा पूरा किया। वह इसी ओवर में एक और आक्रामक शॉट खेलने के चक्कर में वह एडम जम्पा को कैच देकर पवेलियन लौटे। पावरप्ले में भारत का स्कोर एक विकेट पर 77 रन था और अब ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने रन रोकने पर ध्यान दिया।

इशान ने स्टोइनिस के खिलाफ 12वें ओवर में छक्का लगाने के बाद 14वें ओवर में मैक्सवेल के खिलाफ लगातार गेंदों पर छक्का और चौका लगाकर रनगति को तेज किया। इसी ओवर में रुतुराज ने भी छक्का लगाया जिससे टीम ने 23 रन बटोरे।

इशान ने अगले ओवर में तनवीर संघा के खिलाफ दो छक्के लगाकर टीम के 150 रन करने के साथ 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया।

वह स्टोइनिस की ऑफ स्टंप से काफी बाहर की गेंद पर छक्का लगाने की कोशिश में बाउंड्री के पास लपके गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव (10 गेंद में 19 रन) ने क्रीज पर आते ही पहली गेंद पर छक्का लगाकर खाता खोला। उन्होंने जम्पा की गेंद पर गेंदबाज के ऊपर से आकाशीय शॉट खेल गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया। दूसरे छोर से संयमित बल्लेबाजी कर रहे रुतुराज ने 18वें ओवर में एलिस की गेंद पर दो रन के साथ 39 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में सूर्यकुमार यादव की पारी का अंत हुआ।

## स्कोर बोर्ड

**भारत पारीः** यशस्वी जायसवाल का जम्पा बो एलिस 53, रुतुराज गायकवाड़ का डेविड बो एलिस 58, इशान किशन का एलिस बो स्टोइनिस 52, सूर्यकुमार यादव का स्टोइनिस बो एलिस 19, रिंकू सिंह नाबाद 31, तिलक वर्मा नाबाद 07, **अतिरिक्तः** (लेग बाईः02, नो बॉलः01 , वाइडः12) 15 **कुल योगः** (20 ओवर मे चार विकेट पर) 235 रन **विकेट पतनः** 1-77, 2-164, 3-189, 4-221 **गेंदबाजीः** स्टोइनिस 3-0-27-I, एलिस 4-0-45-3, मैक्सवेल 2-0-38-0 एबोट 3-0-56-0 जम्पा 4-0-33-0 संघा 4-0-34-0

**ऑस्ट्रेलिया पारीः** स्टीव स्मिथ का जायसवाल बो कृष्णा 19, मैथ्यू शॉर्ट बो बिश्नोई 19, जोश इंग्लिस का तिलक बो बिश्नोई 02, ग्लेन मैक्सवेल का जायसवाल बो अक्षर 1 2 , म ा र्क स्टोइनिस का अक्षर बो मुकेश 45, टिम डेविड का रुतुराज बो बिश्नोई 37, मैथ्यू वेड नाबाद 42 सीन एबोट बो कृष्णा 01, नाथन एलिस बो कृष्णा 01, एडम जम्पा बो अर्शदीप 01, तनवीर संघा नाबाद 02, **अतिरिक्त** (लेग बाईः 04, नॉ बोलः01 , वाइडः05) 10, **कुल योगः** (20 ओवर मे नौ विकेट पर 191 रन) **विकेट पतनः**1-35, 2-39, 3-53, 4-58, 5-139, 6-148, 7-149, 8-152, 9-155 **गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-46-1, कृष्णा 4-0-41-3, बिश्नोई 4-0-32-3, अक्षर 4-0-25-1 मुकेश 4-0-43-1

# पेरिस पैरालम्पिक के लिए विदेश में नहीं, सोनीपत में ही करना चाहता हूं तैयारी : सुमित अंतिल

**भाषा।** नई दिल्ली



**पेरिस** को अपने लिए लकी मानने वाले विश्व रिकॉर्डधारी पैरालम्पिक चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कहा कि अगले साल वहां होने वाले पैरालम्पिक खेलों की तैयारी वह विदेश में नहीं बल्कि अपने शहर सोनीपत में ही करना चाहते हैं।

पेरिस के मौसम और माहौल में अनुकूलन के लिए जहां अधिकांश खिलाड़ी यूरोपीय देशों में अभ्यास पर जोर दे रहे हैं , वहीं कई बार विश्व रिकॉर्ड बना चुके सुमित को इसकी जरूरत महसूस नहीं होती।

उन्होंने भाषा को दिए इंटरव्यू में कहा , मुझे नहीं लगता कि यूरोप में अभ्यास जरूरी है। पेरिस मेरे लिए वैसे भी लकी रहा है जहां 2018 से मैं खेल रहा हूं और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता आया हूं। अब तक वहां तीन चार खेल चुका हूं और मुझे अनुकूलन की दिक्कत नहीं आई।

खेलरत्न पुरस्कार प्राप्त इस खिलाड़ी ने कहा , बहुत ठंड या बहुत गर्मी में परेशानी होती है लेकिन पैरालम्पिक अगस्त में हैं और उस समय पर मैं पेरिस में खेल चुका हूं। मैने इस साल जुलाई में 70 . 83 का विश्व रिकार्ड पेरिस में ही विश्व चैम्पियनशिप में बनाया था।

एफ 64 वर्ग में तोक्यो पैरालम्पिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने 70 . 83 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर सितंबर में हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में 73 . 29 मीटर के साथ पीला तमगा जीता। इससे पहले भी वह कई बार विश्व रिकॉर्ड तोड़ चुके हैं।

उन्होंने कहा , मैं पेरिस पैरालम्पिक के लिए अभ्यास अपने शहर सोनीपत में ही रहकर करूंगा। विदेश में अभ्यास मुझे रास नहीं आता। मेरी तैयारी बहुत अच्छी चल रही है। हांगझोउ में कुछ तकनीकी कमियां सामने आई जिन पर काम कर रहा हूं। चोटमुक्त रहने के लिए भी हरसंभव प्रयास कर रहा हूं।

एक दुर्घटना में बायां पैर गंवाने के बाद पहलवान बनने का सपना टूटने के बाद पैरा भालाफेंक में पदार्पण करने वाले 25 वर्ष के इस खिलाड़ी ने कहा, पैरा एशियाई खेलों का स्वर्ण और रिकॉर्ड बीती बात हो गया और अब नजरें अगले लक्ष्य पर है। अभी मई में कोबे में विश्व चैम्पियनशिप है जिसकी तैयारी कर रहे हैं।

# राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिपः संजीत और वरिंदर की शानदार शुरुआत

**शिलांग।** एशियाई चैंपियनशिप 2021 के स्वर्ण पदक विजेता संजीत (92 किग्रा) और तीन बार के राष्ट्रीय चैंपियन वरिंदर सिंह (60 किग्रा) ने आसान जीत दर्ज कर रविवार को यहां एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की। सेना की तरफ से खेल रहे संजीत ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और कर्नाटक के जगदीश्वरन जे को पहले राउंड में ही हरा दिया। रेफरी ने पहले राउंड में ही मुकाबला रोक कर संजीत को विजेता घोषित किया। संजीत मंगलवार को प्री क्वार्टर फाइनल में चंडीगढ़ के सावन गिल से भिड़ेंगे। रे ल वे का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिंदर ने बिहार के अमलेश कुमार के खिलाफ सतर्क शुरुआत की लेकिन मुकाबला आगे बढ़ने के साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया और उन्होंने आखिर में 5-0 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला महाराष्ट्र के विशाल नूपे से होगा। इस बीच राजस्थान के हर्ष चौधरी (80 किग्रा) ने उत्तर प्रदेश के शिवम सैनी को 5-0 से हराया। उनका सामना अब जम्मू कश्मीर के चंद्र देव सिंह से होगा। पंजाब के जशनप्रीत सिंह (71 किग्रा) ने गुजरात के मोहम्मद मोइन शेख के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। छह बार के एशियाई पदक विजेता असम के शिव थापा (63.5 किग्रा) को शुरुआती दौर में बाई मिली थी और सोमवार को उनका मुकाबला हिमाचल प्रदेश के अभिनाश जम्वाल से होगा। इसी तरह से सेना के अमित पंघाल (51 किग्रा) सोमवार को महाराष्ट्र के शिवाजी का सामना करेंगे। इस चैंपियनशिप में 350 से अधिक मुक्केबाज 13 भार वर्गों में भाग ले रहे हैं।

# सात्विक और चिराग चाइना मास्टर्स फाइनल में हारे

**भाषा।** शेनझेन (चीन)



**भारत** के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी को रविवार को यहां चाइना मास्टर्स सुपर 750 टूर्नामेंट के रोमांचक पुरुष युगल के फाइनल में चुनौती पेश करने के बाद चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की जोड़ी से हार का सामना करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों की चैम्पियन जोड़ी को एक घंटे 11 मिनट तक चले फाइनल में दुनिया की नंबर एक जोड़ी से 19-21 21-18 19-21 से पराजय झेलनी पड़ी। यह इस सत्र में छह फाइनल में उनकी पहली हार थी।

इस भारतीय जोड़ी ने निर्णायक गेम में गजब का जज्बा दिखाते हुए।- 8 से उबरने के बाद 13-20 से 19-20 तक छह चैम्पियनशिप अंक बंचाए। लेकिन लियांग और वांग ने समय पर संयम बनाते हुए मेजबान देश के लिए आठ साल में पहला पुरुष युगल चाइना मास्टर्स खिताब जीत लिया।इस जीत से लियांग और वांग ने एशियाड में भारतीय जोड़ी से मिली हार का बदला भी चुकता किया।

चिराग ने कहा, मुझे लगता है कि 13-20 पर हमारे पास गंवाने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि हम दबाव में नहीं थे। हमें मैच जीतने के लिए लगातार नौ अंक जीतने थे।

उन्होंने कहा, हमने ज्यादा नहीं सोचा, अपना खेल खेला। मौकों का फायदा उठाया, तेजी से कुछ अंक जुटाए और 19-20 पर यह किसी के भी पक्ष में जा सकता था लेकिन हम दुर्भाग्यशाली रहे।

चिराग ने कहा, लेकिन हां मुकाबला अच्छा रहा और विशेषकर टूर्नामेंट काफी अच्छा रहा। अगले साल अच्छा करेंगे। भारतीय जोड़ी उतार चढ़ाव भरे फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दिखा सकी और उनका डिफेंस दबाव में कमजोर हो गया, विशेष रूप से सात्विक का। वहीं वांग महत्वपूर्ण मौकों पर मजबूत बने रहे।

यह सेमीफाइनल की तरह स्मैश शॉट वाला मुकाबला नहीं था। इसमें खिलाड़ियों की प्रतिभा दिखाई दी जिसमें दोनों जोड़ियां कोण के अलावा शॉट की गति बदलकर एक दूसरे को पछाड़ रही थीं। लियांग और वांग का फाइनल से पहले भारतीय जोड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड बराबरी का था जिसमें से सात्विक और चिराग ने ज्यादातर मुकाबले सीधे गेम में जीते हैं।

# कुश्ती में ओलंपिक के लिए नई चयन नीति के अपने फायदे और नुकसान हैः योगेश्वर

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत** के अनुभवी पहलवान योगेश्वर दत्त ने भारतीय ओलंपिक समिति (आईओए) द्वारा कुश्ती के लिए गठित तदर्थ पैनल की पेरिस ओलंपिक के लिए नई चयन नीति की प्रशंसा या आलोचना करने से बचते हुए कहा कि इसके अपने फायदे और नुकसान है।

नई नीति के मुताबिक पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय कुश्ती दल को दो चरण वाली चयन प्रक्रिया से गुजरना होगा जिसमें कोटा स्थान अर्जित करने वाले पहलवान को जून में चैलेंजर से भिड़ना होगा। इस मुकाबले के विजेता को चार साल में होने वाले खेल आयोजन में देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलेगा। योगेश्वर ने कहा कि चयन नीति तय करना देश में खेल चलाने वाले अधिकारियों का विशेषाधिकार है।

योगेश्वर ने 10 से 17 दिसंबर तक यहां होने वाले खेलो इंडिया पैरा खेलों के शुभंकर और प्रतीक चिन्ह के लॉन्च के मौके पर पीटीआई-भाषा से कहा, पहले ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले पहलवान को ही देश के प्रतिनिधित्व का मौका मिलता था लेकिन नई चयन नीति के अनुसार ओलंपिक कोटा हासिल करने वाली अंतिम (पंघाल) का भी पेरिस जाना भी सुनिश्चित नहीं है। उसे इसके लिए ट्रायल से गुजरना होगा।

उन्होंने कहा, अब तक कोई ट्रायल नहीं हुआ है। मैं अपने समय की बात कर रहा हूं। जो कोटा जीतता था वह देश का प्रतिनिधित्व करता था। अधिकारियों ने यह नियम बनाया है और हमें इसका सम्मान करना होगा।

# एएफसी कप के ग्रुप मुकाबले में मोहन बागान के सामने ओडिशा एफसी की चुनौती

**कोलकाता।** मोहन बागान सुपर जायंट्स की टीम सोमवार को यहां एएफसी कप के ग्रुप डी में अपने अंतिम घरेलू मुकाबले के लिए ओडिशा एफसी के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने जीत की राह पर लौट कर क्वालीफाइंग उम्मीदों को जिंदा रखने की चुनौती होगी।

मोहन बागान सुपर जाइंट ने लगातार मैच जीतकर अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। टीम को अपने पिछले दो मैच में झटका लगा है। टीम को पहले अंक साझा करना पड़ा और फिर टीम बशुंधरा किंग्स से 1-2 से हारकर वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पिछले दो सत्र में अंतर क्षेत्रीय सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाली मोहन बागान की टीम साल्ट लेक की घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगी। मोहन बागान गोल अंतर के आधार पर ग्रुप में बशुंधरा से बाद दूसरे स्थान पर है। टीम 11 दिसंबर को माजिया स्पोर्ट्स और रिक्रिएशन क्लब के खिलाफ मालदीव में अपने ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलेगी। ढाका की टीम सोमवार को माजिया से भिड़ेगी और 11 दिसंबर को ओडिशा के खिलाफ मुकाबले के साथ अपने ग्रुप चरण का समापन करेगी। मोहन बागान के कोच जुआन फेरांडो ने कहा, मुझे पता है कि यह एक मुश्किल मैच है लेकिन हम मैच जीतकर अगले दौर में जाने को लेकर आश्वस्त हैं। एएफसी कप में पदार्पण करने वाली ओडिशा एफसी को अपने पहले मैच में मोहन बागान के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा था। टीम ने इसके बाद घरेलू और प्रतिद्वंद्वी टीम के मैदान पर माजिया को शिकस्त दी।

# हार्दिक पंड्या की मुंबई इंडियंस में वापसी

**भाषा।** नई दिल्ली




**भारत** के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान हार्दिक पंड्या ने 72 घंटे तक चले ड्रामे के बाद रविवार को आल कैश ट्रेड ऑफ (पूर्ण रूप से नकदी) सौदे के बाद मुंबई इंडियंस में वापसी की। गुजरात टाइटन्स के औपचारिक रूप से सौदा पूरा होने के बाद यह फैसला हुआ।

रविवार को शाम पांच बजे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) रिटेंशन विंडो (खिलाड़ियों को बरकरार रखने का समय) बंद कर दी गई और उस समय गुजरात टाइटन्स ने अपने आईपीएल विजेता कप्तान का नाम इस सूची में शामिल किया हुआ था जिससे सबको हैरानी हुई।

यह पता चला कि औपचारिक कागजी कार्रवाई अभी तक पूरी नहीं हुई थी जिससे आईपीएल और बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ट्रांसफर सत्र के इस प्रत्याशित कदम के लिए मंजूरी नहीं दी।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी और आईपीएल संचालन परिषद के सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, हां, हार्दिक का ट्रेड ऑफ शाम पांच के बाद पूरा हुआ। अब यह सौदा आधिकारिक हो गया है और वह मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी हैं। यह तीन पक्षों का ऑल कैश सौदा है। मुंबई इंडियंस ने अपने आल राउंडर कैमरन ग्रीन को ऑल कैश सौदे में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को ट्रेड किया है। इसके बाद उनके पास गुजरात टाइटन्स के साथ पूर्ण नकदी सौदा करने और हार्दिक को लेने के लिए जरूरी राशि मौजूद थी।

ग्रीन को पिछली नीलामी के दौरान मुंबई इंडियंस ने 17.5 करोड़ रुपए में खरीदा गया था। इसलिए जब तक उनका सौदा नहीं हुआ तब तक मुंबई इंडियंस के पास हार्दिक को खरीदने के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध नहीं थी।

पंड्या को गुजरात टाइटंस ने 2022 की नीलामी में खरीदा था। उनकी कथित फीस 15 करोड़ रुपए थी और उन्होंने लगातार दो फाइनल में टीम का नेतृत्व किया। इसमें से 2022 में उन्होंने टीम को खिताब दिलाया और 2023 में टीम उप विजेता रही। मुंबई इंडियंस ने भविष्य की योजना को ध्यान में रखते हुए पंड्या को अपने साथ जोड़ा है क्योंकि 2025 में मेगा नीलामी होगी और हर फ्रेंचाइजी युवा खिलाड़ियों के साथ एक नई टीम बनाने की कोशिश करेगी। हालांकि भारतीय वनडे और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा अब भी टीम की योजना में शामिल हैं और शायद फ्रेंचाइजी के सबसे बड़े आइकन हैं जो टीम को पांच खिताब दिला चुके हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि अगुआई के संबंध में टीम मालिक और शीर्ष प्रबंधन किस तरह का फैसला करता है। गुजरात टाइटन्स में दो साल बिताने के बाद पंड्या उसी फ्रेंचाइजी में वापस जाना चाहते थे जहां से उन्होंने नाम कमाया था और सात सत्र खेले थे।

# रश्मिका ने जील देसाई को हराकर पहला आईटीएफ खिताब जीता

**भाषा।** बेंगलुरु




**मौजूदा** राष्ट्रीय चैम्पियन रश्मिका भामीदिपति ने रविवार को यहां महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर पहला आईटीएफ खिताब अपने नाम किया। भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल में रश्मिका ने 6-0, 4-6, 6-3 की जीत से 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 50 डब्ल्यूटीए अंक अपनी झोली में डाले।

जील देसाई को 2107 डॉलर की राशि और 30 डब्ल्यूटीए अंक हासिल हुए।

रश्मिका ने देसाई की गलतियों का फायदा उठाते हुए पहला सेट आसानी से 6-0 से जीत लिया।

लेकिन देसाई ने वापसी करते हुए दूसरे सेट के पहले गेम में प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी।

पर रश्मिका भी आसानी से पीछे नहीं हटने वाली थीं, उन्होंने चौथे और पांचवें गेम में सर्विस रखते हुए 3-2 से बढ़त बना ली।

देसाई ने फिर वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-4 से हासिल किया।

निर्णायक सेट में देसाई 0-3 से पिछड़ रही थीं, उन्हें हवा भरे हालात में अपनी सर्विस से परेशानी हो रही थी। रश्मिका ने अपने फोरहैंड का अच्छा इस्तेमाल करते हुए शानदार क्रास कोर्ट शॉट खेले जिनका देसाई के पास कोई जवाब नहीं था।

# भारत अगर 2025 में पाकिस्तान आने करने से इंकार करता है तो मुआवजा दिया जाएः पीसीबी

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान** क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से चैम्पियंस ट्राफी 2025 के मेजबानी अधिकार के करार पर उसके साथ हस्ताक्षर करने का आग्रह किया और साथ ही जोर दिया कि अगर भारत राजनीतिक और सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उनके देश की यात्रा करने से इनकार करता है तो पीसीबी को इसकी भरपाई की जानी चाहिए। पीसीबी के एक विश्ववस्त सूत्र ने रविवार को पीटीआई को बताया कि आईसीसी ने पाकिस्तान को टूर्नामेंट के मेजबान के रूप में चुना है लेकिन उसने अभी तक उसके साथ मेजबानी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

इस सूत्र ने साथ ही खुलासा किया कि पीसीबी अध्यक्ष जका अशरफ और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) सलमान नसीर ने 2025 में फरवरी-मार्च में पाकिस्तान में चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबानी पर चर्चा करने के लिए अहमदाबाद में आईसीसी कार्यकारी बोर्ड से मुलाकात की थी।

सूत्र ने कहा, पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के फिर से अपनी टीम को पाकिस्तान भेजने से इनकार करने की संभावना पर चर्चा की और स्पष्ट किया कि किसी भी स्थिति में आईसीसी को टूर्नामेंट पर एकतरफा फैसला नहीं लेना चाहिए। इस सूत्र ने कहा कि पीसीबी अधिकारियों ने आईसीसी से कहा था कि अगर भारत सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में खेलने से इनकार करता है तो वैश्विक संस्था को एक स्वतंत्र सुरक्षा एजेंसी नियुक्त करनी चाहिए।

पीसीबी ने कहा कि यह एजेंसी भारत के अलावा भाग लेने वाली अन्य टीमों की सुरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए पाकिस्तान सरकार और सुरक्षा अधिकारियों के साथ संपर्क कर सकती है। सूत्र ने कहा, पीसीबी अधिकारियों ने कहा कि पिछले दो साल में कई शीर्ष टीमों ने बिना किसी सुरक्षा चिंता के पाकिस्तान का दौरा किया है। सूत्र ने कहा, उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर भारत टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम नहीं भेजता है और उसके मैच दूसरे देश में कराए जाते हैं तो आईसीसी को इसके लिए पाकिस्तान को मुआवजा देना होगा।

# पाकिस्तान के क्रिकेटर विदेशी लीग के लिए एनओसी जारी नहीं हाने से नाखुश

**कराची।** पाकिस्तान के कई क्रिकेटर ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश जैसी विदेशी लीग में प्रतिस्पर्धा करने के लिए खिलाड़ियों को एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) जारी करने में देरी करने के कारण पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) के मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज से नाखुश हैं जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव पैदा हो गया है। खिलाड़ियों के करीबी सूत्रों ने बताया कि एनओसी जारी करने को लेकर मुख्य चयनकर्ता और क्रिकेटरों के बीच चल रहे तनाव के कारण हरफनमौला इमाद वसीम ने अपना अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म करने का फैसला किया। इमाद ने शुक्रवार को संन्यास की घोषणा की जिससे उनका आठ साल का अंतरराष्ट्रीय करियर खत्म हुआ। सूत्र ने कहा, (मुख्य चयनकर्ता) वहाब ने केंद्रीय अनुबंध प्राप्त सभी खिलाड़ियों को स्पष्ट कर दिया है कि उनकी प्राथमिकता पाकिस्तान के लिए खेलना है। उन्होंने यह भी जोर दिया है कि जो खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जगह बनाना चाहता है उसे घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने कहा कि इमाद ने संन्यास लेने का फैसला किया क्योंकि उनके पास यूएई (संयुक्त अरब अमीरात), ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में टी10 और टी20 लीग के लिए आकर्षक अनुबंध थे। उन्होंने कहा, इमाद और कुछ अन्य खिलाड़ियों को अबू धाबी में टी10 लीग के लिए एनओसी जारी किया जाना बाकी है, जबकि बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश के लिए एनओसी जारी करने पर भी कोई निर्णय नहीं लिया है। पीसीबी प्रमुख जका अशरफ ने एकदिवसीय विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद हाल ही में मीडिया को बताया था कि बोर्ड ने एक नीतिगत फैसला किया है, जिसमें केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों को पाकिस्तान सुपर लीग के अलावा केवल एक लीग में खेलने की अनुमति दी जाएगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।